वर्ष : 25 | अंक : 337 | website:www.chetnamanch.com | नोएडा, रविवार, 03 दिसंबर, 2023 | Chetna Manch | Chetna Manch | मूल्य 2.00 रुपया | पेज: 8

जनाकांक्षाओं का सजग प्रहरी

चेतना मंच

विधानसभा चुनाव परिणाम

तीन राज्यों में भाजपा, तेलंगाना में कांग्रेस का शानदार प्रदर्शन

राजस्थान : भारतीय आदिवासी पार्टी के राजकुमार रोत करीब 70 हजार वोटों से जीते

नई दिल्ली (एजेंसी)। मध्यप्रदेश, राजस्थान, छत्तीसगढ़ और तेलंगाना में मतगणना जारी है। अब तक के रुझानों में मध्य प्रदेश और राजस्थान में भाजपा ने बहुमत के आंकड़े को पार कर लिया है।

राजस्थान के दूदू विधानसभा सीट से भारतीय जनता पार्टी की उम्मीदवार को जीत मिली है। रुझानों के बीच राजस्थान में बीजेपी की यह पहली जीत है। छत्तीसगढ़ में भाजपा-कांग्रेस के बीच कांटे की टक्कर है और तेलंगाना में कांग्रेस भारी बहुमत के साथ जीतती दिख रही है।

मध्य प्रदेश विधानसभा चुनावों के नतीजों से साफ है कि भाजपा को बहुमत मिल रहा है। यह सवाल अब भी कायम है कि मध्य प्रदेश में भाजपा की सरकार का चेहरा कौन होगा? क्या मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान की कुर्सी सुरक्षित रहेगी या उनकी जगह किसी और को बिठाया जाएगा। नरसिंहपुर में केंद्रीय मंत्री प्रह्लाद पटेल और दिमनी (मुरैना) में नरेंद्र सिंह तोमर भी इस समय आगे चल रहे हैं। उनकी जीत भी तय लग रही है। इंदौर-1 में कैलाश विजयवर्गीय भी आगे निकल गए हैं। ऐसे में इनके नाम भी मुख्यमंत्री पद के लिए चर्चा में हैं।

चुनावों में मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने अकेले ही फ्रंटफुट पर बैटिंग की है। उन्होंने 160 से ज्यादा रैलियां की हैं। इन रैलियों के जरिए पार्टी पर दावेदारी को लेकर दबाव भी बनाते दिखे हैं। जब वे मंच से सवाल करते थे कि मुझे फिर से सीएम या मुख्यमंत्री बनना चाहिए या नहीं? तो इसका असर यह जरूर हुआ कि आखिर वक्त में पार्टी के बड़े नेताओं ने उनकी योजनाओं का जिक्र करना शुरू कर दिया, लेकिन चेहरे पर अभी तक लोग चुप्पी साधे हैं।

कालापीपल और रतलाम में भाजपा की जीत

मध्यप्रदेश विधानसभा चुनाव 2023 के परिणाम के लिए मतगणना जारी है। प्रदेश की पहली विधानसभा कालापीपल का नतीजा सामने आ गया है। कालापीपल से भाजपा प्रत्याशी धनशायम चंद्रवंशी ने 11941 वोट से बड़ी जीत दर्ज की है। उन्होंने कांग्रेस प्रत्याशी कुणाल चौधरी को हराया है।

मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान रुझान से काफी खुश नजर आये। उन्होंने सीएम हाउस से पत्नी साधना और दोनों बेटों के साथ विकट्री साइन दिखाया। मध्यप्रदेश की दो विधानसभा सीटों पर नतीजे स्पष्ट हो गए हैं। वहीं रतलाम में भाजपा के चैतन्य कश्यप ने 50000 से अधिक मतों से जीत दर्ज की है।

	भाजपा	कांग्रेस	अन्य	बहुमत/सीटें
मध्य प्रदेश	162	65	03	116/230
राजस्थान	112	71	16	100/199
छत्तीसगढ़	53	34	03	46/90

सीटें: 119 बहुमत: 60	तेलंगाना	बीआरएस	कांग्रेस	भाजपा	अन्य
		39	65	09	06

दोपहर 2 बजे तक चुनाव आयोग के आंकड़े

- मध्य प्रदेश में भाजपा 162 सीटों पर आगे है। वहीं कांग्रेस 65 सीटों पर आगे है।
- राजस्थान में भाजपा 111 और कांग्रेस 73 सीटों पर बढ़त बनाए हुए है। यहां बसपा दो सीटों पर आगे है।
- छत्तीसगढ़ में भाजपा 53 सीटों पर और कांग्रेस 35 सीटों पर आगे चल रही है।
- तेलंगाना में कांग्रेस 62 सीटों पर बढ़त बनाए हुए है। वहीं बीआरएस 43 और भाजपा 9 सीटों पर आगे है। एआईएमआईएम 4 सीटों पर आगे चल रही है।

आग में जिंदा जला परिवार

तीन बच्चों की मौत, पति-पत्नी की हालत गंभीर

फिरोजाबाद (एजेंसी)। फिरोजाबाद के थाना जसराना क्षेत्र के डेरा बंजारा में अज्ञात कारणों के चलते एक झोपड़ी में भीषण आग लग गई। इस हादसे में झोपड़ी में सो रहे एक परिवार के दो बच्चों की मौके पर ही जलने से मौत हो गई। वहीं गंभीर रूप से झुलसी बेटी और पति-पत्नी को पुलिस ने आगरा में भर्ती कराया। जहां पर उपचार के दौरान बेटी ने भी दम तोड़ दिया।

थाना जसराना क्षेत्र के गांव खड़ीत डेरा बंजारा में 30 वर्षीय शकील पुत्र कल्लू खान को प्रधानमंत्री आवास के तहत मकान मिला था, जो निर्माणाधीन है। वह तीन बच्चों और पत्नी के साथ झोपड़ी में रह रहा था। शनिवार रात करीब 11 बजे वह पत्नी और बच्चों के साथ झोपड़ी में सो रहा था, तभी अचानक अज्ञात कारणों के चलते झोपड़ी में आग लग गई। इससे पहले कि झोपड़ी में सो रहे परिवारीजन कुछ समझ पाते आग ने विकराल रूप धारण कर लिया और इस आग में जलकर दो बच्चे चार वर्षीय बेटा अनीश और एक वर्षीय बेटी रेशमा की मौके पर ही मौत हो गई।

आग लगने की जानकारी पर इंस्पेक्टर विनय मिश्रा पुलिस फोर्स और एंबुलेंस के साथ मौके पर पहुंच गए। पुलिस ने किसी तरह शकील और उनकी पत्नी नेमजादी व छह वर्षीय बेटी सामना को आगरा में उपचार के लिए भर्ती कराया। जहां पर उपचार के दौरान सामना की भी मौत हो गई।

इस घटना के बाद नायब तहसीलदार नरेश पाल सिंह घटना स्तर पर पहुंचे हैं। जहां पर घटना की जानकारी ली है। एसपी ग्रामीण रणविजय सिंह ने बताया कि अज्ञात कारणों के चलते झोपड़ी में आग लगी थी, जिसमें जलने से दो बच्चों की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि बाकी झुलसे लोगों को अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

तीन राज्यों में जीत के रुझान से उत्साहित भाजपा नेता

'भारत के मन में मोदी'

लखनऊ (एजेंसी)। राजस्थान, छत्तीसगढ़ और मध्य प्रदेश में भाजपा की जीत से उत्साहित यूपी के उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने कहा है कि इन नतीजों से साफ है कि भारत के मन में मोदी है। मोदी के मन में भारत है। उन्होंने कहा कि कमल खिलने का मतलब सुशासन और विकास की गारंटी है।

उन्होंने कहा कि भाजपा और प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व का पूरे देश की राजनीति में डंका बज रहा है। आज पूरे आत्मविश्वास से हम कह सकते हैं कि भारत के मन में मोदी जी हैं और मोदी जी के मन में भारत है। मध्य प्रदेश में हमारी सरकार प्रचंड बहुमत के साथ फिर वापस आ रही है। राजस्थान और छत्तीसगढ़ में कमल खिल गया है। कमल खिलने का मतलब है सुशासन और विकास की गांरटी। अभी तक आए रुझानों में कांग्रेस को सिर्फ तेलंगाना में ही जीत मिली है। मध्य प्रदेश और राजस्थान में हार के साथ ही छत्तीसगढ़ उसके हाथों से निकल गया है।

यूपी में आदतन यातायात नियम तोड़ने वालों का रद्द होगा ड्राइविंग लाइसेंस :सीएम योगी

लखनऊ (चेतना मंच)। मुख्यमंत्री की अध्यक्षता में शनिवार उप्र राज्य सड़क सुरक्षा परिषद की बैठक हुई। इसमें उन्होंने दुर्घटनाओं और इनमें होने वाली मौतों को न्यूनतम करने के लिए ठोस प्रयास पर जोर दिया। कहा कि वाहन चलाने वाले हर व्यक्ति को यातायात नियमों का पालन करना होगा। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि आदतन यातायात नियमों का उल्लंघन करने वालों के ड्राइविंग लाइसेंस रद्द किए जाएं। उनके वाहन भी सीज होने चाहिए। साथ ही कहा कि स्पीड ब्रेकर बनाते समय लोगों की सुविधाओं का ध्यान रखा जाए।

मुख्यमंत्री की अध्यक्षता में शनिवार उप्र राज्य सड़क सुरक्षा परिषद की बैठक हुई। इसमें उन्होंने दुर्घटनाओं और इनमें होने वाली मौतों को न्यूनतम करने के लिए ठोस प्रयास पर जोर दिया। कहा कि वाहन चलाने वाले हर व्यक्ति को यातायात नियमों का पालन करना होगा। पहले लोगों को जागरूक करें और पुनः उल्लंघन पर पेनाल्टी लगाएं। सीएम ने कहा कि कोहरे में हादसों को कम करने के लिए जागरूकता, प्रवर्तन, इंजीनियरिंग और इमरजेंसी केयर पर फोकस करने की आवश्यकता है। कहा, आगामी 15 दिसंबर से 31 दिसंबर तक 'सड़क सुरक्षा पखवारे' के रूप में मनाया जाए। गृह, परिवहन, पीडब्ल्यूडी, बेसिक, माध्यमिक शिक्षा, एक्सप्रेसवे और हाइवे प्राधिकरण आदि के बेहतर समन्वय के साथ इसे सफल बनाना होगा। सीएम ने कहा कि यूपी देश का पहला राज्य है, जिसने सड़क दुर्घटना जांच योजना प्रारंभ की है।

डॉ. राजेंद्र प्रसाद की जयंती पर योगी ने दी श्रद्धांजलि

सबसे बड़े लोकतंत्र में रहा अहम योगदान: मुख्यमंत्री

लखनऊ (एजेंसी)। भारत के प्रथम राष्ट्रपति डॉक्टर राजेंद्र प्रसाद महान स्वतंत्रता सेनानी थे। राष्ट्रपिता महात्मा गांधी के नेतृत्व में चले आंदोलन में उन्होंने अनुयाई के रूप में पग-पग पर नेतृत्व प्रदान किया। स्वतंत्रता के बाद जब संविधान निर्माण का काम होना था तो उनकी अध्यक्षता में ही आगे की कार्रवाई आरंभ की गई थी।

डॉक्टर राजेंद्र प्रसाद को सबसे बड़े लोकतंत्र का संविधान बनाने का अवसर प्रदान हुआ। यह बातें मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने डाक्टर राजेंद्र प्रसाद की जयंती पर कैसरबाग के ग्लोब पार्क में प्रतिमा पर माल्यार्पण करने के पश्चात कहा।

मुख्यमंत्री ने प्रदेशवासियों की ओर से डाक्टर राजेंद्र प्रसाद को श्रद्धांजलि देते हुए कहा की तत्कालीन सरकार के विरोध के बाद भी सोमनाथ मंदिर के कार्यक्रम में उन्होंने भाग लिया था। यही नहीं प्रयागराज से उन्हें बहुत लगाव था उनके हृदय में प्रयागराज बसता था। किले में राष्ट्रपति का सूट आज भी है यहां जाएंगे तो उनकी स्मृतियां देख सकेंगे।

दिल्ली-एनसीआर से बाइक चोरी कर नेपाल बार्डर पर बेचने वाले दो गिरफ्तार

ग्रेटर नोएडा। बीटा दो कोतवाली पुलिस ने दिल्ली-एनसीआर से बाइक चोरी कर नेपाल बार्डर पर बेचने वाले दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। आरोपियों के कब्जे से चोरी की 16 बाइक बरामद की गई है। आरोपी चोरी की बाइक को नट मड्डैया स्थित इंडेन की गैस एजेंसी गोदाम में खड़ी कर देते थे जिससे कि पुलिस को शक न हो। कोर्ट में पेश करने के बाद आरोपियों को जेल भेज दिया गया है।

एडिशनल डीसीपी अशोक कुमार ने बताया कि बीटा दो कोतवाली प्रभारी मुनेंद्र कुमार व एच्छर चौकी प्रभारी राहुल प्रताप को बाइक चोरों के संबंध में सूचना मिली। सूचना के आधार पर पुलिस ने छापेमारी की और दो आरोपियों को गिरफ्तार किया। पवन व शिवा के रूप में हुई है। दोनों बुलंदशहर के जहांगीराबाद के रहने वाले है। आरोपी बाइक पर फर्जी नंबर अंकित कर देते थे।

आरोपी नोएडा, ग्रेटर नोएडा, गाजियाबाद, दिल्ली, बुलंदशहर व अलीगढ़ में बाइक चोरी करते थे। जैसे ही नेपाल बार्डर से डिमांड आती थी आरोपी तुरंत बाइक चोरी कर उसको अपने साथी को दे देते थे। गिरोह में शामिल कई अन्य आरोपी अभी फरार चल रहे है। पुलिस उनकी तलाश कर रही है। आरोपी पर पहले से आठ आपराधिक केस दर्ज है।

एसीपी राम कृष्ण तिवारी ने बताया कि आरोपी सिर्फ स्पलेंडर बाइक ही चुराते थे। वर्तमान में स्पलेंडर एक लाख रुपये की आती है। ऐसे में आरोपी 15 हजार रुपये में चोरी की बाइक बेचते थे। इसके लिए फर्जी कागज तैयार किए जाते थे।

सुप्रीम कोर्ट के आदेश को मानने को नहीं तैयार शिक्षण संस्थान!

अब तक नहीं लौटाई कोरोना काल में ली गई फीस

ग्रेटर नोएडा (चेतना मंच)।

कोरोना काल में शैक्षणिक सत्र 2020-21 के दौरान वसूली गई स्कूल फीस की 15 फीसदी राशि लौटाने और समायोजित करने के सुप्रीम कोर्ट के आदेश से ऊपर जिले के शिक्षण संस्थान हो गए है। माध्यमिक शिक्षा विभाग भी स्कूलों से सुप्रीम कोर्ट के आदेश के पालन कराने में फेल साबित हो रहा है।

विभाग के अधिकारियों ने स्कूल के सामने घुटने टेक दिए है। सीबीएसई,आइसीएससी,यूपी बोर्ड सहित अन्य बोर्ड के करीब 350 स्कूल जिले में संचालित हो रहे है। कोर्ट के आदेश आने के बाद अब तक 70 स्कूलों की तरफ से ही 15 प्रतिशत फीस समायोजित की गई है। बाकी स्कूल फीस समायोजित करने में आनाकानी कर रहे है। विभाग की कार्रवाई भी नोटिस और दस्तावेज तक सिमट गई है। नामी स्कूलों के अभिभावक चक्कर काट रहे है,लेकिन उन्हें स्कूल के गेट से ही भागा दिया जा रहा है।

ग्रेटर नोएडा वेस्ट में रहने वाले अभिभावक करण ने बताया कि कई बार स्कूल से फीस समायोजित करने के लिए संपर्क किया गया। हर बार स्कूल वाले कह देते हैं कि उन्हें कोई आदेश नहीं मिला है। अभिभावक बीएस त्रिपाठी ने बताया कि उनका बेटा स्कूल से पास आउट हो चुका है। स्कूल से कोरोना काल में ली गई 15 प्रतिशत फीस वापस करने के लिए कई बार स्कूल को मेल और लिखित में भी दिया। उसके बाद भी कोई सुनवाई नहीं हुई है।

जिलाधिकारी मनीष कुमार वर्मा ने कोर्ट का आदेश नहीं मनाने वाले 100 से अधिक स्कूलों के ऊपर एक एक लाख रुपये दंड लगाया था। कुछ स्कूलों को छोड़ कर किसी ने भी दंड की राशि जमा नहीं की थी। कड़ी कार्रवाई नहीं होने से स्कूल सुप्रीम कोर्ट के आदेश का भी पालन नहीं कर रहे हैं। अभिभावकों का कहना हैं कि प्रशासन की कार्रवाई केवल दिखावे के लिए की गई थी,जिन स्कूलों के खिलाफ दंड लगाया गया। उनके नाम तक सार्वजनिक नहीं किये गए थे। इसके साथ ही दंड की राशि जमा करने वाले स्कूलों के नाम भी अभिभावकों को बताए जाए।

फीस समायोजित नहीं करने वाले स्कूलों के खिलाफ अभिभावक इंटरनेट मीडिया पर अभियान चलाएंगे। अभिभावकों ने बताया कि जब तक फीस समायोजित नहीं की जाती तब तक स्कूलों के नाम के साथ अभियान चलाया जाएगा। इसके साथ ही शिक्षा विभाग की ओर से स्कूलों पर क्या कार्रवाई की गई उसका जवाब भी मांगा जाएगा।



तीन स्कूलों ने पेश की थी बैलेंस शीट

सुप्रीम कोर्ट ने फीस का 15 फीसदी समायोजित या भुगतान करने का निर्देश दिया गया था। रोक केवल उन तीन स्कूलों के पक्ष में लागू थी, जिन्होंने अपने खातों और बैलेंस शीट का हलफनामा दायर किया था। बचे हुए स्कूलों को कोई राहत कोर्ट की ओर से नहीं दी गई थी।

> अभिभावकों से 15 प्रतिशत फीस समायोजित और वापसी न करने की शिकायतें मिल रहीं है,जिन स्कूलों ने प्रशासन को आदेशों का अनुपालन करने के लिए लिखित में दिया है। उनके नाम सार्वजनिक किए जाने चाहिए। 80 प्रतिशत स्कूलों ने इस पर चुप्पी साधी हुई है। स्कूल कोर्ट की अवमानना कर रहे है। हम जिलाधिकारी से दोबारा मिलकर उनको इन स्कूलों पर कार्रवाई करके फीस वापसी व समायोजित करने के लिए कहेंगे।
>
> **- सुखपाल सिंह तूर, संस्थापक एनसीआर पैरेंट्स एसोसिएशन**

> 50 दिन पूर्व सुप्रीम कोर्ट से लगी रोक भी हट गई थी,लेकिन स्कूलों ने अभी तक 15 फीसदी फीस वापस या समायोजित नहीं की है,जिससे अभिभावकों में रोष व्याप्त हैं। प्रदेश के मुखिया योगी आदित्यनाथ से स्कूलों की शिकायत की गई है।
>
> **- विनीत चपराना**

> 70 स्कूलों की ओर से सूचना दी गई हैं कि उन्होंने फीस समायोजित व वापस कर दी है। स्कूलों को कोर्ट के आदेश भी भेज दिए गए है। कई बार नोटिस भेजे गए है। आदेश नहीं मानने वाले स्कूलों पर याअब पांच लाख रुपये का अर्थदंड लगया जाएगा।
>
> **- डॉ. धर्मवीर सिंह, डीआइओएस**

RADIANT ACADEMY
(AFFILIATED TO CBSE)
B-180, sector-55, noida Ph: 120-4314312/ 6514636
Mob. : 9350251631/ 9674710772 E-mail: radiantacademynoida@yahoo.com
RADIANT ACADEMY
(J.H.S.) (AFFILIATED TO CBSE)
Sorkha, Sector- 115, noida on Fng Ph: 120- 6495106,
Mob. : 9873314814/ 9674710772 E-mail: radiantacademysorkha@yahoo.com
Let your child Explore the world with us in a Secure Environment!
We are a Co-Educational Medium Senior Secondary School imparting quality education since the last 20 years.
FROM ADMISSION OPEN NURSERY TO CLASS XI Transport Facility Available
FACILITIES AVAILABLE AT SCHOOL : Highly Qualified And Trained Faculty well Quipped Labs CCTV Controlled Environment Activity Based Learning Well Equipped Library GPS Enable Buses

राजनीति में असुरक्षा

हिमाचल में अब यह पूछे जाने का वक्त आ गया है कि क्या यहां सरकार के भीतर मंत्रियों की आवश्यकता रही है या नहीं। जितने तर्कों से मंत्री ढूंढे जाते हैं, क्या उतने ही औचित्यपूर्ण ढंग से ये काम भी कर पाते हैं। कम से कम पूरे प्रदेश की दृष्टि में हिमाचल के मंत्रियों को कभी भी पूर्ण नहीं माना गया, जबकि विभागीय दायित्व से भी कई मंत्री दूर या कमजोर दिखाई दिए। इसका एक कारण छोटे राज्य की राजनीति या राजनीति में असुरक्षा की भावना रही, फिर भी कुछ मंत्रियों की छवि, उनका व्यवहार तथा विभागीय समझ का बोलबाला रहा है। दरअसल हिमाचल के भीतर उभरता क्षेत्रवाद हमेशा सरकारों के मंत्रिमंडल में देखा व समझा गया। दूसरी ओर सत्ता के शिखर ने हमेशा मुख्यमंत्री के पद को ही चमत्कृत किया या ताज की परवाह ने मंत्रियों को खिलौना बना दिया। मुख्यमंत्री पद के नजदीक कभी चुनौती बने स्व. सालिग राम शर्मा को डा.वाई एस परमार ने हटा दिया था। कभी प्रेम कुमार धूमल ने किशन कपूर जैसे वरिष्ठ मंत्री को मंत्रिमंडल से चलता कर दिया, तो कभी मंत्रिमंडल की निर्धारित संख्या के कारण मेजर विजय सिंह मनकोटिया को वीरभद्र सिंह ने निकाल बाहर किया। किशन कपूर को दूसरी बार जयराम ठाकुर मंत्रिमंडल से नदारद करने की भी एक कहानी है, जिसने इस नेता का राजनीतिक परिदृश्य ही शून्य कर दिया। जाहिर है ऐसे तमाम दृष्टांतों के बीच पर्वतीय प्रदेश में मुख्यमंत्री पद को इतना शक्तिशाली बना दिया कि सत्तारूढ़ होने के मायनों में पार्टियां एक मुट्ठी में बंद हो कर रह गईं। यहां राजनीति की पहचान नेता नहीं, ताकतवर मुख्यमंत्री बनते रहे। इसीलिए छवि के अलग-अलग मानदंडों में वाई एस परमार, वीरभद्र सिंह, शांता कुमार, प्रेम कुमार धूमल व जयराम ठाकुर भी रहे। यही सिद्धि अब वर्तमान मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू के व्यक्तित्व का मूल्यांकन कर रही है। उनकी एक साल की सत्ता का एक पहलू भले ही प्रशासनिक पकड़, विजन और बतौर शासक सामने आया है, लेकिन दूसरी ओर वह अपनी राजनीतिक म्यान में केवल अपनी ही तलवार सुरक्षित रखते हुए नजर आए। हिमाचल सरकारों में कमोबेश हर मुख्यमंत्री ने म्यान में किसी और की तलवार को जगह नहीं दी और यही शक्ति मंत्रिमंडल की सूरत में परिलक्षित होती रही है। यह दीगर है कि पहली बार कांग्रेस की सत्ता के फलक पर उप मुख्यमंत्री के पद पर मुकेश अग्निहोत्री नजर आए, लेकिन विभागीय आबंटन में समानांतर विभाजन नहीं हुआ। हम मान सकते हैं कि सुक्खू सरकार में मुख्यमंत्री पद का वर्चस्व यथावत है और इसे डंके की चोट पर साबित करते यह साल गुजर गया। हिमाचल में कयास लगाते भले ही सियासी पंडित (?) मिल जाएं, लेकिन यह तय है कि इस मचान को देखना या समझना नादानी ही होगी। मंत्रिमंडल में अगर तीन रिक्तियां एक साल से झूल रही हैं, तो सूली पर कई नेताओं के अरमान यूं ही नहीं चढ़ाए। यह प्रयोग है और ताकत भी कि मंत्रिमंडल की सूची में न वरिष्ठता के पैमाने हैं और न ही राजनीतिक इतिहास की कोई सीढ़ी असरदार हो सकती है। हो सकता है लोकसभा चुनाव की दोपहरी में झुलस कर यह मुद्दा कुछ मंत्री खोज लाए, लेकिन मंत्री न भी बनाए जाएं तो क्या फर्क पड़ता है। असली अंतर तो सरकार के रुतबे में उस एहसास का रहेगा, जिसे जनता कबूल करती है। अगर अपनी लोकप्रियता के दम पर मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू लोकसभा चुनाव की परिणति में कांग्रेस के नाम अधिकांश सीटें कर देते हैं, तो साबित हो जाएगा कि फिर मतदाता से संवाद करने में एक मुख्यमंत्री कामयाब हो गया। उनके पास आत्मबल, शक्ति, शासन-प्रशासन, बजट और व्यवस्था का हर पहलू और हुनर है। सफलता का अंतिम व एकमात्र पर्याय है भी यही कि पार्टी को चुनावी दौड़ में आगे ले जाने का सफर मुख्यमंत्री की कार्यशैली तय करे। हिमाचल में सरकार का एक साल किसी भी तरह नए मंत्रियों की पैरवी नहीं कर रहा और न ही ऐसी जल्दबाजी सरकार कर रही है, लेकिन दूसरी ओर जनता के सामने विभागीय दक्षता और व्यक्तित्व की मौलिकता में मौजूदा मंत्रियों में कहीं तो निराशा उत्पन्न हुई। ऐसे में मंत्रिमंडल विस्तार से कहीं पहले यह देखा जाएगा कि क्या मंत्रिमंडल के शो केस से कुछ मूर्तियां हटाई जाती हैं। अगर ऐसा हो तो मंत्रिमंडल विस्तार कुछ और रिक्तियां भरने के लिए ज्यादा स्थान, अवसर ही नहीं, कुछ सीपीएस बने नेताओं को स्तरोन्नत करने का बहाना भी मिलेगा। कम से कम एक साल की सुक्खू सरकार में कुछ सीपीएस तथा कुछ कैबिनेट स्तर के ओहदे ज्यादा विश्वसनीय व सक्रिय होते देखे गए, तो निश्चित रूप से इनकी उपयोगिता पर शायद ही संभावित अदालती निर्णय का कोई प्रतिकूल असर दिखाई दे।

आत्मनिर्भर बनने के लिए उठाये गये कदमों ने भारतीय अर्थव्यवस्था को तेजी से बढ़ाया है आगे

वित्तीय वर्ष 2023-24 की द्वितीय तिमाही, जुलाई-सितम्बर 2023 के सकल घरेलू उत्पाद में वृद्धि के आंकड़े भारत सरकार द्वारा जारी कर दिए गए हैं। इस वर्ष द्वितीय तिमाही में सकल घरेलू उत्पाद में वृद्धि दर विभिन्न वित्तीय संस्थानों द्वारा लगाए गए अनुमानों से बहुत ऊपर रही है। विभिन्न अर्थशास्त्रियों द्वारा दिए गए 6.8 प्रतिशत के अनुमान से बहुत अधिक अर्थात यह वृद्धि दर 7.6 प्रतिशत की रही है, जबकि वित्तीय वर्ष 2022-23 की द्वितीय तिमाही में 6.2 प्रतिशत की रही थी। भारत में इस वर्ष द्वितीय तिमाही में सकल घरेलू उत्पाद में दर्ज की गई वृद्धि की तुलना में अन्य देशों के सकल घरेलू उत्पाद में तिमाही के दौरान वृद्धि दर बहुत कम रही है। फिलिपींस में 5.9 प्रतिशत, रूस में 5.5 प्रतिशत, वियतनाम में 5.33 प्रतिशत, अमेरिका में 5.2 प्रतिशत, चीन में 4.9 प्रतिशत, मलेशिया में 3.3 प्रतिशत, थाईलैंड में 1.5 प्रतिशत, ब्रिटेन में 0.6 प्रतिशत, यूरो क्षेत्र में 0.1 प्रतिशत, जर्मनी में रिणात्मक 0.4 प्रतिशत एवं जापान में रिणात्मक 2.1 प्रतिशत वृद्धि दर दर्ज की गई है। इस प्रकार भारत पूरे विश्व में लगातार सबसे तेज गति से आगे बढ़ती अर्थव्यवस्था बना हुआ है।

हर्ष का विषय तो यह है कि भारत के सकल घरेलू उत्पाद में जुलाई-सितम्बर 2023 तिमाही के दौरान 7.6 प्रतिशत की वृद्धि दर में मुख्य योगदान उद्योग क्षेत्र का रहा है। भारत के उद्योग क्षेत्र ने इस दौरान 13.2 प्रतिशत की वृद्धि दर हासिल की है, जोकि हाल ही के समय में अपने आप में एक रिकॉर्ड है। वित्तीय वर्ष 2022-23 की द्वितीय तिमाही, जुलाई-सितम्बर 2022 के दौरान उद्योग क्षेत्र ने रिणात्मक 0.5 प्रतिशत की वृद्धि दर हासिल की थी। उद्योग क्षेत्र के अंतर्गत, विनिर्माण क्षेत्र ने 13.9 प्रतिशत की विकास दर हासिल की है जो पिछले वर्ष इसी अवधि के दौरान रिणात्मक 3.8 प्रतिशत थी। ऊर्जा उत्पादन क्षेत्र ने 10.1 प्रतिशत की वृद्धि दर, माइनिंग क्षेत्र ने 10 प्रतिशत, कन्स्ट्रक्शन क्षेत्र ने 13.3 प्रतिशत की आकर्षक वृद्धि दर हासिल की है। इन समस्त क्षेत्रों में रिकार्ड वृद्धि दर से भारत में रोजगार के करोड़ों नए अवसर निर्मित हुए हैं, जिसके चलते बेरोजगारी की दर में भी कमी दृष्टिगोचर हुई है।

भारत में प्रत्येक वर्ष अक्टूबर-नवम्बर माह में दीपावली एवं अन्य कई महत्वपूर्ण त्यौहारों का मौसम रहता है। इन त्यौहारों के दौरान भारत के नागरिकों द्वारा विभिन्न उत्पादों की भारी मात्रा में खरीददारी की जाती है। ऐसा आभास है कि अकटोबर-नवम्बर में पड़ने वाले विभिन्न त्यौहारों को ध्यान में रखते हुए जुलाई-सितम्बर 2023 तिमाही में ऑटोमोबाइल, फ्रिज, टीवी, मोबाइल फोन, आदि जैसे विभिन्न उत्पादों का भारी मात्रा में उत्पादन विनिर्माण इकाईयों द्वारा किया गया है। जिसके चलते इस तिमाही में विनिर्माण इकाईयों ने भारी भरकम 13.9 प्रतिशत की वृद्धि दर हासिल की है। भारत में कन्स्ट्रक्शन क्षेत्र ने भी रफ्तार पकड़ ली है, जिसके चलते इस क्षेत्र में आकर्षक 13.3 प्रतिशत की वृद्धि दर हासिल कर ली गई है। अक्टूबर 2023 माह में भी कोर क्षेत्र के उद्योगों ने 12.1 प्रतिशत की वृद्धि दर हासिल की है।

वित्तीय वर्ष 2023-24 की द्वितीय तिमाही में सेवा क्षेत्र में रिकॉर्ड की गई वृद्धि दर ने जरूर निराश किया है। इस दौरान सेवा क्षेत्र ने 4.8 प्रतिशत की वृद्धि दर हासिल की है जो पिछले वर्ष की इसी अवधि में दर्ज की गई वृद्धि दर 9.4 प्रतिशत की तुलना में बहुत कम है।

इस वर्ष अल नीनो के प्रभाव के चलते देश के कई क्षेत्रों में मानसून की बारिश ठीक तरह से नहीं हो पाई है। इसका विपरीत प्रभाव कृषि क्षेत्र पर स्पष्टतः पड़ता हुआ दिखाई दिया है। कृषि क्षेत्र में वित्तीय वर्ष 2023-24 की द्वितीय तिमाही में केवल 1.2 प्रतिशत की वृद्धि दर हासिल की जा सकी है, जोकि पिछले वर्ष इसी अवधि में 2.5 प्रतिशत की रही थी। भारत में कृषि क्षेत्र पर विशेष ध्यान दिये जाने की अत्यधिक आवश्यकता है क्योंकि रूस-यूक्रेन युद्ध के चलते पूरे विश्व में ही खाद्य उत्पादों की भारी कमी महसूस की जा रही है। भारत, इस स्थिति का लाभ उठा सकता है एवं पूरे विश्व को ही खाद्य पदार्थों की आपूर्ति कर सकता है। रबी मौसम की बुआई का कार्य प्रगति पर है। यदि खाद्य पदार्थों की बुआई के क्षेत्रफल में भारी विस्तार किया जा सके तो खाद्य पदार्थों के उत्पादन में भारी वृद्धि की जा सकती है। आज पूरा विश्व ही खाद्य पदार्थों के लिए भारत की ओर टकटकी लगाए है एवं आशाभरी नजरों से भारत की ओर देख रहा है।

वित्तीय वर्ष 2023-24 की द्वितीय तिमाही में सेवा क्षेत्र में रिकॉर्ड की गई वृद्धि दर ने जरूर निराश किया है। इस दौरान सेवा क्षेत्र ने 4.8 प्रतिशत की वृद्धि दर हासिल की है जो पिछले वर्ष की इसी अवधि में दर्ज की गई वृद्धि दर 9.4 प्रतिशत की तुलना में बहुत कम है। इस वर्ष द्वितीय तिमाही में हासिल की गई वृद्धि दर से आश्चर्य भी हुआ है क्योंकि विभिन्न बैंकों द्वारा प्रदान किए जा रहे ऋणों में वृद्धि दर लगातार दहाई के आंकड़े पर बनी हुई है, होटल लगातार अपनी स्थापित क्षमता का भरपूर उपयोग करते हुए दिखाई दे रहे हैं, रेलवे एवं हवाई जहाज का उपयोग भी लगातार उच्चत्तम स्तर पर बना हुआ है। फिर भी, वित्तीय सेवाओं के क्षेत्र ने 6 प्रतिशत एवं व्यापार एवं होटल क्षेत्र ने 4.3 प्रतिशत की वृद्धि दर हासिल की है। इसी प्रकार निजी क्षेत्र में अंतिम उपभोग में भी केवल 3.1 प्रतिशत की वृद्धि दर हासिल की जा सकी है। भारत को यदि शीघ्र ही विश्व की तीसरी अर्थव्यवस्था के रूप में देखना है तो भारत के निजी क्षेत्र के लिए अपने उपभोग में वृद्धि करना अब आवश्यक हो गया है।

यह तो सरकारी क्षेत्र के अंतिम उपभोग में भारी भरकम 12.4 प्रतिशत की वृद्धि दर दर्ज की गई है, एवं केंद्र सरकार के पूंजीगत व्यय में भारी भरकम वृद्धि रही है जिसके चलते देश में पूंजी निर्माण में 11 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज हुई है। जो अंततः इस तिमाही के दौरान 7.6 प्रतिशत की वृद्धि दर हासिल करने के पीछे मुख्य कारक बन गया है। आगे आने वाले समय में लोक सभा चुनावों को देखते हुए सम्भवतः केंद्र सरकार के अंतिम उपभोग में और अधिक वृद्धि होने की सम्भावना है एवं इस दौरान केंद्र सरकार का पूंजीगत व्यय भी अभी और तेजी से बढ़ेगा जिसके कारण वित्तीय वर्ष 2023-24 की तृतीय एवं चतुर्थ तिमाही में भी सकल घरेलू उत्पाद में आकर्षक वृद्धि दर रहने की भरपूर सम्भावना है। साथ ही, इस वर्ष नवम्बर 2023 माह में दीपावली एवं अन्य त्यौहारों के चलते लगभग 4 लाख करोड़ रुपए का व्यापार दर्ज हुआ है तथा देश में विभिन्न तीर्थ स्थलों पर भारी मात्रा में भारतीय नागरिक धार्मिक पर्यटन करते हुए दिखाई दे रहे हैं और आगे आने वाले माह में देश में शादियों के मौसम के चलते भी नागरिकों के खर्च में भारी भरकम वृद्धि होगी, इसका प्रभाव, तृतीय तिमाही के दौरान सकल घरेलू उत्पाद की वृद्धि दर पर भी देखने को मिलेगा।

कुल मिलाकर भारतीय सनातन संस्कृति के पालन (धार्मिक स्थलों पर दर्शन के लिए जाते भारतीय, विभिन्न भारतीय त्यौहारों को बड़े उत्साह से मनाते भारतीय) से भी भारतीय अर्थव्यवस्था को बल मिल रहा है और देश के सकल घरेलू उत्पाद में प्रथम तिमाही में 7.8 प्रतिशत की वृद्धि के बाद अब द्वितीय तिमाही में भी 7.6 प्रतिशत की वृद्धि दर हासिल की जा सकी है। अब तो पूरा विश्व ही आश्चर्य कर रहा है भारत विभिन्न उत्पादों के लिए अपनी आंतरिक मांग के आधार पर अपने सकल घरेलू उत्पाद में अतुलनीय वृद्धि दर हासिल कर रहा है एवं इस दृष्टि से भारत की विदेशी व्यापार पर निर्भरता बहुत ही कम है।

-प्रह्लाद सबनानी
सेवानिवृत्त उप महाप्रबंधक
भारतीय स्टेट बैंक

रामचरित मानस

कल के अंक में आपने पढ़ा था कि नदी के किनारे कहीं-कहीं विरक्त और ज्ञानपरायण मुनि और संन्यासी निवास करते हैं। सरयूजी के किनारे-किनारे सुंदर तुलसीजी के झुंड के झुंड बहुत से पेड़ मुनियों ने लगा रखे हैं॥ उससे आगे का वर्णन क्रमानुसार प्रस्तुत है।

पुर सोभा कछु बरनि न जाई। बाहेर नगर परम रुचिराई॥
देखत पुरी अखिल अघ भागा। बन उपबन बापिका तड़ागा॥

नगर की शोभा तो कुछ कही नहीं जाती। नगर के बाहर भी परम सुंदरता है। श्री अयोध्यापुरी के दर्शन करते ही संपूर्ण पाप भाग जाते हैं। (वहाँ) वन, उपवन, बावलिया और तालाब सुशोभित हैं॥

बापीं तड़ाग अनूप कूप मनोहरायत सोहहीं।
सोपान सुंदर नीर निर्मल देखि सुर मुनि मोहहीं॥
बहु रंग कंज अनेक खग कूजहिं मधुप गुंजारहीं।
आराम रम्य पिकादि खग रव जनु पथिक हंकारहीं॥

अनुपम बावलियाँ, तालाब और मनोहर तथा विशाल कुएँ शोभा दे रहे हैं, जिनकी सुंदर (रत्नों की) सीढ़ियाँ और निर्मल जल देखकर देवता और मुनि तक मोहित हो जाते हैं। (तालाबों में) अनेक रंगों के कमल खिल रहे हैं, अनेकों पक्षी कूज रहे हैं और भौंरे गुंजार कर रहे हैं। (परम) रमणीय बगीचे कोयल आदि पक्षियों की (सुंदर बोली से) मानो राह चलने वालों को बुला रहे हैं।

दो0-रमानाथ जहँ राजा सो पुर बरनि कि जाइ।
अनिमादिक सुख संपदा रहीं अवध सब छाइ॥

स्वयं लक्ष्मीपति भगवान जहाँ राजा हों, उस नगर का कहीं वर्णन किया जा सकता है? अणिमा आदि आठों सिद्धियाँ और समस्त सुख-संपत्तियाँ अयोध्या में छा रही हैं॥

जहँ तहँ नर रघुपति गुन गावहिं। बैठि परसपर इहइ सिखावहिं॥
भजहु प्रनत प्रतिपालक रामहि। सोभा सील रूप गुन धामहि॥

लोग जहाँ-तहाँ श्री रघुनाथजी के गुण गाते हैं और बैठकर एक-दूसरे को यही सीख देते हैं कि शरणागत का पालन करने वाले श्री रामजी को भजो, शोभा, शील, रूप और गुणों के धाम श्री रघुनाथजी को भजो॥

(क्रमशः...)

भ्रष्टाचार और क्षेत्रीय राजनीतिक दल

क्षेत्रीय राजनीतिक दलों के लिए भ्रष्टाचार कोई मुद्दा नहीं है। इन दलों के नेताओं को उसी हद तक यह मुद्दा नजर आता है, जब उनके खिलाफ भ्रष्टाचार के मामलों में कार्रवाई की जाती है। भ्रष्टाचार की चपेट में आए कमोबेश सभी क्षेत्रीय दलों का एक जैसा रवैया है। इन दलों को इस बात की चिंता नहीं है कि उनके राज्य में भ्रष्टाचार कैसे समाप्त हो, भ्रष्टाचार में फंसने के बाद पूरा जोर इस बात पर रहता है कि इसे विरोधी दल की कार्रवाई करार देते हुए कैसे खुद को पाक साफ करार दिया जाए। तमिलनाडु के बिजली मंत्री और डीएमके नेता सेंथिल बालाजी को सुप्रीम कोर्ट से जमानत नहीं मिल सकी। दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की पार्टी आप के मंत्री-सासंद को शराब घोटाले के मामले में जमानत नहीं मिल सकी। इसी तरह पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी की पार्टी तृणमूल कांग्रेस के कई मंत्री-विधायक भ्रष्टाचार के मामलों में जेल से आते-जाते रहे हैं। बिहार में लालू यादव की पार्टी के नेताओं का भी यही हाल है। सुप्रीम कोर्ट ने तमिलनाडु के मंत्री और डीएमके नेता वी. सेंथिल बालाजी को स्वास्थ्य आधार पर जमानत देने से इनकार कर दिया। बालाजी को प्रवर्तन निदेशालय ने मनी लॉन्ड्रिंग मामले में गिरफ्तार किया था। सुप्रीम कोर्ट का कहना है कि सेंथिल बालाजी की हालत जमानत पाने के लिए बहुत गंभीर नहीं लगती है और कहा कि वह ट्रायल कोर्ट के समक्ष नियमित जमानत के लिए आवेदन कर सकते हैं। इसके बाद बालाजी के वकील ने सुप्रीम कोर्ट से अपनी जमानत याचिका वापस ले ली।

भाजपा को केंद्र से बेदखल करने की हुंकार भरने वाली पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री की पार्टी तृणमूल कांग्रेस के नेता-मंत्री भ्रष्टाचार के जाल में फंसे हुए हैं। भ्रष्टाचार और राशन भ्रष्टाचार मामलों में केंद्रीय जांच एजेंसी द्वारा गिरफ्तार किए जाने के बाद पार्थ चटर्जी, ज्योतिप्रिय मल्लिक, जीबनकृष्ण साहा और माणिक भट्टाचार्य वर्तमान में जेल में हैं। गौ तस्करी मामले में तिहाड़ जेल में तृणमूल के बाहुबली नेता अणुब्रत मंडल भी बंद हैं। क्षेत्रीय दलों के भ्रष्टाचार के खिलाफ सीबीआई और ईडी की छापे की कार्रवाई लगातार जारी है। क्षेत्रीय दलों की स्वार्थपरक आलोचनाओं से केंद्र सरकार कार्रवाई करने से पीछे नहीं हटी है। नई कार्रवाई के तहत केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो ने पश्चिम बंगाल में कथित स्कूल भर्ती घोटाले में संलिप्तता के आरोप में एक विधायक और दो पार्षदों सहित तृणमूल कांग्रेस के कई नेताओं के आवासों पर एक साथ छापेमारी की। इसी तरह दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की आप पार्टी से जुड़े दिल्ली वक्फ बोर्ड से जुड़े जिशान हैदर, जावेद इमाम, दाऊद नसीर को ईडी ने गिरफ्तार किया। ये सभी आरोपी आम आदमी पार्टी के एमएलए अमानतुल्लाह खान के नजदीकी बताए जाते हैं। प्रवर्तन निदेशालय इस मामले में आप

सवाल यही उठता है कि क्षेत्रीय दलों के नेताओं ने अपने राज्य और देश के सामने कभी भ्रष्टाचार से निपटने का खाका नहीं रखा। यह निश्चित है कि विपक्षी दलों का आगामी लोकसभा चुनाव में केंद्र में सत्ता पाने का ख्वाब तब तक शायद ही पूरा हो, जब तक भ्रष्टाचार सहित अन्य संवेदनशील मुद्दों पर नीतियां स्पष्ट न हों।

विधायक अमानतुल्लाह खान के खिलाफ भी मामला दायर कर चुका है। भ्रष्टाचार को लेकर जितनी अंधेरगर्दी बिहार में व्याप्त है, उतनी शायद ही किसी राज्य में होगी। यह कहना अतिशयोक्ति नहीं होगी कि बिहार और पश्चिम बंगाल राजनीतिक भ्रष्टाचार के मामलों में शीर्ष पर हैं। आश्चर्य की बात यह है कि मुख्यमंत्री रहते हुए चारा घोटाले में जेल गए लालू प्रसाद यादव और उनके परिवार ने कोई सबक नहीं सीखा। बिहार में लैंड फॉर जॉब केस में पूरा लालू परिवार फंसा हुआ है। डिप्टी सीएम तेजस्वी यादव, लालू प्रसाद यादव और राबड़ी देवी को जमानत मिली हुई है। वर्ष 2004 से 2009 के बीच रेल मंत्री रहे लालू प्रसाद यादव के कार्यकाल के दौरान लैंड फॉर जॉब घोटाला हुआ था, जिसके तहत लोगों को जमीन के बदले रेलवे के अलग-अलग डिविजन में नौकरी देने का आरोप लगाया गया था। सीबीआई की चार्जशीट में पहली बार बिहार के डिप्टी सीएम तेजस्वी यादव को आरोपी बनाया गया था। सीबीआई ने कोर्ट को बताया था कि लालू प्रसाद यादव के खिलाफ केस चलाने के लिए केंद्रीय गृह मंत्रालय से मंजूरी मिल गई है। ये उदाहरण बताते हैं कि क्षेत्रीय राजनीतिक दल सत्ता में आने पर भ्रष्टाचार की लूट-खसोट मचाने में किस कदर लिप्त हैं। जब कभी इनके भ्रष्टाचार के मामले उजागर होते हैं, तब इन दलों के नेता लोकतंत्र की दुहाई देने लगते हैं।

भ्रष्टाचार के खिलाफ कार्रवाई कराने के लिए भारतीय जनता पार्टी को जिम्मेदार ठहराते हैं। महत्वपूर्ण बात यह है कि इन दलों के करीब आधा दर्जन नेताओं को अदालतों से जमानत तक नहीं मिल सकी। अधीनस्थ अदालतों के साथ ही सुप्रीम कोर्ट ने भी जमानत देने से इंकार कर दिया। निश्चित तौर पर अदालतों ने इन आरोपी नेताओं के खिलाफ पर्याप्त साक्ष्य होने के बाद ही जमानत के आवेदन निरस्त किए हैं। आश्चर्य यह है कि क्षेत्रीय दल सिर्फ अपने नेताओं के खिलाफ की गई कार्रवाई को ही मुद्दा मानते हैं। भ्रष्टाचार इन दलों के लिए मुद्दा नहीं है। इन दलों ने केंद्रीय जांच ब्यूरो और प्रवर्तन निदेशालय द्वारा की गई छापे की कार्रवाई के बाद यह प्रयास नहीं कभी नहीं किया कि राज्य से भ्रष्टाचार कैसे समाप्त किया जाए। इसके विपरीत भाजपा और केंद्र सरकार पर राजनीतिक रंजिश के कारण छापे पड़वाने का आरोप कई बार लगाया है। क्षेत्रीय दल भ्रष्टाचार के मामलों में उल्टी गंगा बहा रहे हैं। भ्रष्टाचार को जड़ से समाप्त करने के बजाय केंद्रीय एजेंसियों और भाजपा पर आरोप लगाते हुए उल्टी धमकी देने में जुटे हुए हैं। पश्चिम बंगाल में भ्रष्टाचार के मामलों में केंद्रीय एजेंसियों द्वारा टीएमसी के चार आला नेताओं की गिरफ्तारी पर मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने गुस्सा तो दिखाया, पर भ्रष्टाचार के खिलाफ कोई कदम नहीं उठाया। ममता बनर्जी ने पार्टी की बैठक में ऐलान किया कि टीएमसी के चार नेताओं की गिरफ्तारी के बदले में बीजेपी के आठ नेताओं को जेल भेजेंगे। साल 2011 के विधानसभा चुनाव से पहले तृणमूल कांग्रेस सुप्रीमो ममता बनर्जी ने 'बदला नहीं, बदल चाई' का नारा दिया था। लेकिन बदलती परिस्थितियों में 2024 के लोकसभा चुनाव से पहले स्थिति कुछ हद तक बदल गई। तृणमूल कांग्रेस सुप्रीमो ने सीधे 'राजनीतिक बदला' लेने का ऐलान किया। तृणमूल कांग्रेस की मीटिंग में ममता बनर्जी ने बीजेपी नेताओं को जेल में डालने की चेतावनी दी। कोलकाता के नेताजी इंडोर स्टेडियम में पार्टी की बैठक में ममता बनर्जी ने कहा, 'उन्होंने हमारे चार विधायकों को जेल में डाल दिया है। इस तरह वे हमारी संख्या कम करना चाहते हैं। अगर उन्होंने हममें से चार लोगों को चोरी के नाम पर जेल में डाल दिया तो हम भी पार्टी की ओर से निर्णय लेते हुए उनमें से आठ को जेल में डाल देंगे।'

उन्होंने कहा, 'जिनके नाम पर चोरी, हत्या या अन्य मामले होंगे, मैं उन्हें जेल में डालूंगी।' ऐसी ही धमकी बिहार के उप मुख्यमंत्री तेजस्वी यादव भी दे चुके हैं। यादव ने केंद्र सरकार और बीजेपी पर हमला बोला। तेजस्वी यादव की तरफ से किए गए एक ट्वीट में लिखा गया है कि पूरा देश देख रहा है कि साहस, कर्त्तव्यनिष्ठा, धैर्य, बलिदान, जनसेवा, भाईचारा, एकता और सामाजिक उन्नति की चाह रखने वाले को क्या-क्या सहना पड़ रहा है, लेकिन वो इनके सामने कभी झुकेगा नहीं! तेजस्वी यादव ईडी और सीबीआई से हिसाब चुकता करने की धमकी दे चुके हैं। बिहार की तरह उत्तर प्रदेश में समाजवादी पार्टी के अध्यक्ष अखिलेश यादव भी केंद्र में सत्ता में आने पर भाजपा को सबक सिखाने की बात कह चुके हैं। सवाल यही उठता है कि क्षेत्रीय दलों के नेताओं ने अपने राज्य और देश के सामने कभी भ्रष्टाचार से निपटने का खाका नहीं रखा। यह निश्चित है कि विपक्षी दलों का आगामी लोकसभा चुनाव में केंद्र में सत्ता पाने का ख्वाब तब तक शायद ही पूरा हो, जब तक भ्रष्टाचार सहित अन्य संवेदनशील मुद्दों पर नीतियां स्पष्ट न हों।

-योगेंद्र योगी
स्वतंत्र लेखक

राशिफल

कार्तिक शुक्ल पक्ष-षष्ठी | **(विक्रम संवत् 2080)**

मेष- (चू, चे, चो, ला, ली, लू, ले, लो, अ)
कारोबार में भागदौड़ अधिक रहेगी। लाभ के अवसर भी मिलेंगे। तरक्की के योग बन रहे हैं।

वृष- (ई, उ, ए, ओ, वा, वी, वू, वे, वो)
वाहन के रखरखाव एवं वस्त्रों आदि पर खर्च बढ़ सकते हैं। भाइयों का सहयोग मिलेगा।

मिथुन- (का, की, कु, घ, ड, छ, के, हो, हा)
कारोबार में परिवर्तन की सम्भावना बन रही है। लाभ में वृद्धि होगी। संतान को लेकर मन परेशान रहेगा।

कर्क- (ही, हू, हे, हो, डा, डी, डू, डे, डा)
खास रिश्तेदार के स्वास्थ्य की चिंता सताएगी। विशेष उत्तरादायित्व के लिए यात्रा की संभावना।

सिंह- (मा, मी, मु, मे, मो, टा, टी, टु, टे)
अच्छा दिन नहीं है, सोच समझकर काम करें। मित्र और मित्रता की परीक्षा में सफल होंगे।

कन्या- (टो, पा, पी, पू, ष, ण, ठ, पे, पो)
नए लोगों से भेंट होंगी, जो लाभदायक होगी। संतान की प्रगति से सुख और प्रसन्नता।

तुला- (रा, री, रु, रे, रो, ता, ती, तू, त)
वाणी में मधुरता रहेगी। कला एवं संगीत में रुचि रहेगी। जीवनसाथी के स्वास्थ्य में सुधार होगा।

वृश्चिक- (तो, ना, नी, नु, ने, नो, या, यी, यू)
खर्चों में वृद्धि होगी। किसी पुराने मित्र से भेंट हो सकती है। माता का सहयोग मिलेगा।



धनु- (ये, यो, भा, भी, भू, धा, फा, ठा, भे)
कारोबार के लिए विदेश यात्रा के योग बन रहे हैं। रहन-सहन कष्टमय रहेगा। किसी नई संपत्ति में निवेश करेंगे।

मकर- (भो, जा, जी, जू, जे, जो, खा, खी, खू, खे, गा, गी)
मान-सम्मान की प्राप्ति होगी। कारोबार से लाभ में वृद्धि होगी। सुस्वादु खानपान में रुचि रहेगी।

कुम्भ- (गू, गे, गो, सा, सी, सु, से, षो, द)
बातचीत में सन्तुलित भी रहें। नौकरी में कार्यक्षेत्र में परिवर्तन हो सकता है। लंबी यात्रा के योग बन रहे हैं।

मीन- (दी, दु, झ, ध, दे, दो, च, चा, चि)
आत्मविश्वास तो भरपूर रहेगा, परन्तु आत्मसंयत रहें। अपनी भावनाओं को वश में रखें। परिवार के स्वास्थ्य का ध्यान रखें।

अशोक यादव की हत्या के लिए बनाया गया था पूरा प्लान, परिजनों ने लगाए गंभीर आरोप

ग्रेटर नोएडा (चेतना मंच)। ग्रेटर नोएडा वेस्ट के फार्म हाउस में शादी समारोह के दौरान नोएडा के सेक्टर 51 होशियारपुर में रहने वाले वाले अशोक यादव की हत्या के चार दिन बाद एक बड़ा खुलासा पीड़ित परिवार ने किया है। मीडिया के सामने आए परिवार के सदस्यों ने आरोप लगाया कि अशोक यादव की हत्या करने के लिए पूरा प्लान बनाया गया था और अब परिवार के सदस्यों को अपनी भी हत्या का डर सता रहा है।

आपको बता दें कि 27 नवंबर 2023 की रात ग्रेटर नोएडा वेस्ट के गौर शहतूत फार्म हाउस में एक शादी समारोह के दौरान सेक्टर 51 होशियारपुर निवासी आरडब्ल्यूए अध्यक्ष अशोक यादव की गोली मारकर हत्या कर दी गई थी। इस हत्याकांड में अशोक यादव के परिजनों ने अशोक यादव के बेटे दिनेश यादव के ससुर शेखर व आठ अन्य आरोपियों के खिलाफ नामजद रिपोर्ट दर्ज कराई थी। नोएडा कमिश्नरेट पुलिस ने हत्या के मुख्य आरोपी शेखर यादव को गिरफ्तार कर लिया है। जबकि इस हत्याकांड में नामजद अन्य आरोपी अभी भी पुलिस की गिरफ्त में नहीं आए हैं। इस हत्याकांड के सदमे उबरने के बाद शनिवार की दोपहर अशोक यादव के परिजन मीडिया के सामने आए। उन्होंने अपने सेक्टर 51 स्थित एच32 निवास पर प्रेसवार्ता की।

प्रेसवार्ता में अशोक यादव दूसरे पुत्र भूपेंद्र यादव की पत्नी नैना यादव ने बताया कि उनके ससुर अशोक यादव की पूरी प्लानिंग के साथ हत्या की गई है। अशोक यादव को शादी में बुलाकर सैकड़ों लोगों के सामने निर्मम तरीके से मार दिया गया। नैना ने बताया कि इस मामले में अभी अन्य आरोपी फरार हैं। जिसके चलते उनका परिवार डर के साये में जी रहा है। उन्होंने आरोप लगाया कि आरोपी शेखर यादव और उसके बड़े भाई खब्बी यादव द्वारा पूर्व में कई बार घर आकर अशोक यादव और उनके छोटे बेटे को जान से मारने की धमकी दी जा चुकी थी। उन्हें डर है कि अब छोटे बेटे पर भी जानलेवा हमला हो सकता है। स्व. अशोक यादव के बेटे भूपेंद्र ने बताया कि शेखर यादव और उसका परिवार अपराधिक प्रवृत्ति का है और अक्सर हथियारों को लेकर फोटो सोशल मीडिया पर डालते हैं।

दिवंगत अशोक यादव की बहू नैना ने बताया कि जिस समय अशोक यादव की शादी समारोह में हत्या हुई उस दौरान उनका बड़ा भाई और बड़ा बेटा भी मौजूद थे, लेकिन टारगेट करके सबके सामने कनपटी पर बंदूक लगाकर अशोक यादव की हत्या की गई। नैना ने बताया कि साजिश के तहत उनकी गाड़ी के पीछे बग्गी और आगे कार खड़ी की गई थी, ताकि हमले से बचने के बाद वह लोग भाग ना सकें।

नैना ने आरोप लगाया कि दिनेश यादव और उसकी पत्नी के बीच चल रहे विवाद में कोर्ट द्वारा लिखित आदेश दिया जा चुका था और शादी में लगे पैसे और सामान कोर्ट के समक्ष वधु पक्ष को वापस दिए जा चुके थे। इस दौरान अशोक यादव के परिजनों ने आरोपी शेखर यादव की पुत्री पर कई गंभीर आरोप लगाए तथा मीडिया के सामने उसकी कुछ तस्वीरें व सोशल साइट पर चेटिंग की फोटोज भी दिखाई है। प्रेसवार्ता में दिवंगत अशोक यादव के भाई रोहताश यादव, बेटा भूपेंद्र यादव, दिनेश यादव व अन्य परिजन मौजूद रहे।

विज्ञान प्रदर्शनी में छात्रों ने पेश किये नायाब मॉडल

ग्रेटर नोएडा (चेतना मंच)। ग्रेटर नोएडा के समरविल स्कूल में विज्ञान प्रदर्शनी का आयोजन हुआ। इस मौके पर स्कूल के अलग-अलग क्लब के करीब 200 बच्चों ने बढ़चढ़कर भाग लिया। प्रदर्शनी के दौरान इको क्लब, स्टेम क्लब, मैथ्स क्लब, स्कल्पचर, कूकिंग क्लब और एसयूपीडब्ल्यू क्लब के तहत बच्चों ने छह महीने के दौरान सीखी कला का प्रदर्शन किया। प्रदर्शनी में कई बच्चों ने भविष्य की कई सकारात्मक, उपयोगी और जनहित के कई मॉडल को प्रदर्शित किया।

प्रदर्शनी में आठवीं-बी के छात्र गौरांग गूंज, बिस्मन सिंह और दक्ष ने होम सिक्योरिटी के एक ऐसे मॉडल को प्रदर्शित किया है जिसमें लेजर लाइट के जरिए पूरे घर की सुरक्षा को चाक-चौबंद किया जा सकता है। इस बारे में प्रदर्शनी में शामिल गौरांग और बिस्मन ने मॉडल के बारे में बताया कि जैसे ही घर के आसपास कोई अजनबी या गैरवाजिब गतिविधयां होंगी तो लेजर सिस्टम के जरिए सिक्योरिटी अलार्म खुद ही बज जाएगा।

प्रदर्शनी में 8वीं के एक छात्र दर्शित ने रेलवे ट्रैक पर दुर्घटना की संभावनाओं को कम करने का मॉडल प्रदर्शित किया। इस मॉडल के जरिए ट्रैक पर अगर कोई व्यक्ति, जानवर या पत्थर भी रखा जाएगा तो वहां लगी लाइटें जलने लगेंगी और बजर भी तेज आवाज में बज उठेगा। इससे रेल ड्राईवर या संबंधित रेलवे कर्मचारी को पहले ही सूचना मिल जाएगी और समय रहते जरूरी कार्रवाई संभव है।

प्रदर्शनी में सातवीं के छात्र शिखर ने हाइड्रोलिक लिफ्ट के मॉडल को दिखाया। इस मॉडल के जरिए लिफ्ट चलाने में बिजली की जगह पानी या दूसरे लिक्विड का उपयोग किया जा सकता है। जहां बिजली के भारी-भरकम खर्च से बचा जा सकता है। कई छात्रों ने सेंसर के जरिए आधुनिक सिंचाई साधन को प्रदर्शित किया तो किसी ने कूड़े से बिजली बनाने के मॉडल को प्रदर्शित किया।

उत्तर मध्य रेलवे

ई-टेन्डर नं.: पी0आर0वाई0जे0 सिग-414-2023-24 दिनांक 29.11.2023

ई-निविदा सूचना

वरीष्ठ मंडल संकेत एवं दूरसंचार अभियन्ता / समन्वय / उत्तर मध्य रेलवे प्रयागराज द्वारा भारत के राष्ट्रपति के लिए एवं उनकी ओर से निम्नलिखित कार्य के लिए ई-निविदा निर्धारित प्रपत्र पर दिनांक **21.12.2023** को **15:00** बजे तक आमन्त्रित की जाती है।

क्र.सं : 1	**कार्य का विवरण:** प्रयागराज मण्डल के टूण्डला से कौरारा और ब्रांच लाइन सेक्शन में सेक्शनल सिगनलिंग के रखरखाव का अनुबंध।
निविदा संख्या पी0आर0वाई0 जे0सिग-414-2023-24	**अनुमानित मूल्य (₹ में):** ₹ 4774924.92/- (सैंतालीस लाख चौहत्तर हज़ार नौ सौ चौबीस रुपए और बानवे पैसा मात्र)

निविदा प्रतिभूति/धरोहर राशि (रुपये में)	कार्य समापन की अवधि:	निविदा बंद होने/खुलने की तिथि:
95500.00	12 माह	21.12.2023

2. **निविदा प्रपत्रों की उपलब्धता:** निविदा प्रपत्र www.ireps.gov.in पर निविदा खुलने की तिथि से 21 दिन पहले उपलब्ध हो जायेंगे
3. **बयाने की राशि जमा करना एवं उसका रूप:** निविदाओं में निर्धारित उपरोक्त धरोहर राशि निविदा प्रपत्र के साथ ऑनलाइन इन्टरनेट बैंकिंग या ऑनलाइन भुगतान गेटवे द्वारा जमा की जाएगी यदि निविदादाता धरोहर राशि उपरोक्त के अतिरिक्त किसी अन्य रूप में जमा करते हैं तो उनका निविदा स्वीकार नहीं किया जायेगा। बिना उचित धरोहर राशि के निविदा किसी भी परिस्थिति में स्वीकार नहीं की जाएगी और पूर्णतः अस्वीकृत कर दी जाएगी।
4. **निविदा खुलने का समय, तिथि एवं स्थान:** निविदा पूर्व निर्धारित तिथि को **15.30** बजे या उसके बाद ई-निविदा द्वारा मंडल रेल प्रबन्धक, प्रयागराज के कार्यालय में खोली जाएगी। अगर उस दिन किसी कारणवश कार्यालय बन्द रहे तो निविदा अगले दिन, कार्य दिवस पर खोली जाएगी।
5. **निविदा की वैधता:** निविदा खुलने के 60 दिन तक
6. **निविदा सम्बंधित रेलवे के अधिकार:** रेलवे प्रशासन का किसी भी समय बिना कारण बताये कोई एक या सारी निविदाओं को स्थगित/संशोधित/निरस्त करने का अधिकार सुरक्षित है।

1948/23 (ADM)

North central railways @CPRONCR @northcentralrailway www.ncr.indianrailways.gov.in

पुलिस ने किया फर्जी कॉल सेंटर का भंडाफोड़

नोएडा (चेतना मंच)।

थाना फेस 1 पुलिस ने सेक्टर 2 में चल रहे फर्जी कॉल सेंटर का भंडाफोड़ करते हुए, मौके से दो लोगों को गिरफ्तार किया। पकड़े गए अभियुक्त लैप्स बीमा पॉलिसी एवं बैंक लोन दिलाने के नाम पर लोगों के साथ ठगी कर रहे थे। पुलिस ने मौके से दो स्मार्टफोन, चार कीपैड फोन कॉलिंग डाटा आदि सामान बरामद किया है।

एसीपी अरविंद कुमार ने जानकारी देते हुए बताया कि थाना फेस वन पुलिस को सूचना मिली कि सेक्टर-2 स्थित सी 84 कंपनी में फर्जी कॉल सेंटर चलाया जा रहा है। वहां से भोले भाले लोगों को बैंक लोन दिलाने के नाम पर तथा लैंप्स पॉलिसी के पैसे दिलाने के नाम पर ठगी कर रहे थे। एसीपी ने पकड़े गए अभियुक्तों के नाम रोशन कुमार पुत्र श्याम नंदन ठाकुर हाल निवासी दीपक विहार खोड़ा कॉलोनी गाजियाबाद, सुमंत कुमार पुत्र राजेंद्र निवासी चोटपुर कॉलोनी सेक्टर-63 बताए हैं।

एसीपी ने बताया कि पकड़े गए अभियुक्त भोले भाले लोगों से ठगी कर अपने खातों में पैसे डलवाते थे। पुलिस ने दोनों को गिरफ्तार किया है।

कंपनी के कर्मचारी ही करते थे वायर के बंडल चोरी

नोएडा । थाना बिसरख पुलिस ने एक कंपनी के दो कर्मचारियों को गिरफ्तार किया है ,दोनों कंपनी से कॉपर के बंडल चोरी करते थे। पुलिस ने मुकदमे की तहरीर के आधार पर सीसीटीवी फुटेज व अन्य माध्यम से दोनों की गिरफ्तारी की ।और उनके पास से चोरी के 12 बंडल कॉपर व अन्य सामान बरामद किया।

थाना बादलपुर के थाना प्रभारी सुनील कुमार ने जानकारी देते हुए बताया कि थाना बिसरख पर प्लॉट नंबर 75, सेक्टर ईकोटेक 12 स्थित जेएमवी सीपीएस लिमिटेड कंपनी के मैनेजर ने थाने में कॉपर के बंडल चोरी का मुकदमा दर्ज कराया। पुलिस टीम ने सीसीटीवी व अन्य माध्यम से जानकारी हासिल कर कंपनी के कर्मचारी पुनीत पुत्र रामकिशन निवासी ग्राम फरीदपुर थाना शिकारपुर जिला बुलंदशहर तथा भूपेंद्र पुत्र बालकृष्ण निवासी उपरोक्त को चोरी के मामले में गिरफ्तार किया। पकड़े गई दोनों शातिर वाहन चोरों ने बताया कि वह कंपनी से कॉपर के बंडल धीरे-धीरे चोरी करते थे, और बाजार में बेच देते थे। पुलिस ने उनके पास से चोरी के 12 बंडल कॉपर के बरामद किए हैं।

10 को पिलाई जाएगी बच्चों को 'दो बूंद जिंदगीकी'

- जनपद में 4.50 लाख बच्चों को पोलियो से बचाव की दवा पिलाने का लक्ष्य
- शून्य से पांच वर्ष तक के सभी बच्चों को पोलियो ड्रॉप पिलाने की अपील

नोएडा। जनपद में 10 दिसम्बर से बच्चों को दो बूंद जिंदगी की पिलाई जाएगी। पल्स पोलियो का यह अभियान 10 से 16 दिसम्बर तक चलेगा। अभियान में 4.50 लाख बच्चों को पोलियो से बचाव की दवा पिलाने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है।

उप जिला प्रतिरक्षण अधिकारी डा. उबेद कुरैशी ने बताया- जनपद में 10 दिसम्बर को करीब 1050 बूथ पर बच्चों को पोलियो से बचाव की दवा पिलाई जाएगी।

इसके बाद 11 से 16 दिसम्बर तक टीम घर-घर जाकर शून्य से पांच वर्ष तक के बच्चों को पोलियो ड्रॉप पिलाएंगी। इसके लिए लगभग 1500 टीम बनाई गई हैं, जो लक्षित 4.50 लाख बच्चों को दवा पिलाने का कार्य करेंगी। इसके लिए करीब 10.51 लाख घरों को लक्षित किया गया है। टीम की मॉनिटरिंग के लिए सुपरवाइजर बनाये गये हैं, जो टीम की निगरानी करेंगे। जिला स्तर पर जिला स्तरीय अधिकारी भी पल्स पोलियो टीम का औचक निरीक्षण करेंगे। रोजाना शाम को ब्लाक स्तर के नोडल अधिकारियों द्वारा अभियान का फीडबैक लिया जाएगा और अभियान की समीक्षा होगी।

डा. कुरैशी ने बताया कि पोलियो का टीका नियमित टीकाकरण कार्यक्रम में भी शामिल है। पल्स पोलियो की दवा जन्म के समय ही दी जाती है। इसके अलावा छह, दस और चौदह सप्ताह पर भी यह ड्रॉप पिलायी जाती है। इसकी बूस्टर खुराक सोलह से चौबीस महीने की आयु में भी दी जाती है। उन्होंने बताया-पल्स पोलियो की दवा सुरक्षित और असरदार है । इसके प्रति मिथक और भ्रांतियों के कारण कुछ पड़ोसी देशों में पोलियो का उन्मूलन नहीं हो सका, जबकि भारत में पोलियो उन्मूलन संभव हो गया। चूंकि पड़ोसी देशों में पोलियो के वायरस मौजूद हैं, इसलिए एहतियातन भारत में भी शून्य से पांच वर्ष तक के हर बच्चे को पोलियो से पूर्ण प्रतिरक्षित किया जाना अनिवार्य है। इसलिए प्रत्येक अभिभावक का दायित्व है कि वह शून्य से पांच वर्ष तक के अपने बच्चों को पोलियो की दवा अवश्य पिलाएं।

सपा की मासिक बैठक में दर्जनों लोगों ने ली सपा की सदस्यता

ग्रेटर नोएडा। समाजवादी पार्टी जिला कार्यालय पर शनिवार को पार्टी की मासिक बैठक का आयोजन जिलाध्यक्ष सुधीर भाटी की अध्यक्षता में किया गया। बैठक का संचालन दादरी विधानसभा अध्यक्ष रोहित मत्ते गुर्जर ने किया। इस दौरान पार्टी की नीतियों से प्रभावित होकर दर्जनों लोगों ने समाजवादी पार्टी की सदस्यता ग्रहण की। बैठक में मतदाता सूची पुनरिक्षण कार्यक्रम और आगामी लोकसभा चुनाव की तैयारी को लेकर विस्तार से चर्चा की गई। इस मौके पर उपस्थित कार्यकताओं को संबोधित करते हुए जिलाध्यक्ष सुधीर भाटी ने कहा कि भाजपा के शासन काल में जनता के हितों कि अनदेखी कि जा रही है। आज गरीब, मजदूर, किसान, व्यापारी सभी परेशान है, लेकिन ये तानाशाह सरकार किसी की नहीं सुन रही है। भाजपा का जनता की समस्याओं से कोई लेना- देना नहीं है। वह तो केवल अपने राजनैतिक हित के लिए जनता को गुमराह करने का काम करती है। आज भाजपा सरकार द्वारा पिछड़े और दलितों के हक छीनने का काम किया जा रहा है। सरकार आरक्षण को खत्म करने की साजिश कर रही है। उन्होंने कहा कि समाजवादी सभी वर्गों को साथ लेकर चलने वाली और विकास करने वाली पार्टी है और पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव पिछड़े, दलित, अल्पसंख्यकों एवं शोषित वर्ग की आवाज को बुलंद कर रहे हैं। बैठक में मुख्य रूप से राष्ट्रीय प्रवक्ता राजकुमार भाटी, प्रदेश सचिव फकीरचंद नागर, प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य इन्दर प्रधान, डॉ महेंद्र नागर, श्याम सिंह भाटी, देवेंद्र अवाना, पवन जोगी, मिंटी खारी, उपदेश नागर, सुनीता यादव, सुरेंद्र नागर, मेंहदी हसन, रविंद्र प्रधान, राकेश शर्मा, राज सिंह, शिव हरी शर्मा, विनय उपाध्याय, उपेंद्र यादव आदि मौजूद रहे।

कार्यालय नगर पालिका परिषद, दादरी (गौतमबुद्धनगर)

पत्रांक:1663/न0पा0परि0दा0/2023-24 दिनांक:02/12/ 2023

प्रैस विज्ञप्ति

नगर पालिका परिषद दादरी (गौतमबुद्धनगर) द्वारा आज दिनांक 01 दिसम्बर, 2023 को विकसित भारत संकल्प यात्रा कार्यक्रम का आयोजन दो प्रमुख स्थलों जी0टी0 रोड़ स्थित पुरानी अनाज मण्डी व नवीन सब्जी मण्डी में किया गया, जिसमें नगर पालिका परिषद, दादरी की मा0 अध्यक्ष महोदया श्रीमती गीता पंडित के साथ विभिन्न क्षेत्रीय नेताओं, अधिशासी अधिकारी श्रीमती दीपिका शुक्ला, अवर अभियन्ता, श्री जयपाल सिंह, श्री उत्कर्ष सिंह तोमर, श्री अरुण कुमार, श्री सोहराब, श्री बिजेन्द्र सिंह, श्री जाकिर हुसैन, श्री रामप्रवेश पाल, श्री नरेन्द्र सिंह राठौर एवं समस्त पालिका स्टाफ व नगर के संभ्रान्त लोग, मा0 प्रधानमंत्री जी की विभिन्न योजनाओं से संतृप्त लाभार्थियों तथा उक्त योजनाओं का लाभ प्राप्त करने आये नवीन आवेदनकर्ताओं तथा स्कूल के बच्चों द्वारा प्रतिभाग किया गया। सेन्टहुड कॉन्वेन्ट स्कूल दादरी के विद्यार्थियो द्वारा स्वच्छता संदेश, नुक्कड नाटक, स्ट्रीट बेंडिंग आदि पर सुन्दर-सुदर कार्यक्रम प्रस्तुत किये गये तथा पालिका द्वारा प्राथमिक विद्यालयों के विद्यार्थियों के मध्य स्वच्छ भारत मिशन पर एक प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता का भी आयोजन कराया गया। इस मौके पर प्रधानमंत्री जी आवास योजना, पी0एम0 स्वनिधि योजना के कैम्प भी लगाये गये। कार्यक्रम में उपस्थित विभिन्न योजनाओं से संतृप्त लाभार्थियों द्वारा मेरी कहानी मेरी जुबानी कार्यक्रम में विभिन्न योजनाओं का लाभ प्राप्त कर उन्हें क्या फायदे मिले और उससे उनका जीवन किस प्रकार बदला उस अनुभव को नगर की जनता से साझा किया। कार्यक्रम में उपस्थित मा0 अध्यक्षा महोदया एवं क्षेत्रीय नेतागणों द्वारा नगर की जनता से अपने नगर दादरी को स्वच्छ व सुन्दर बनाये रखने की अपील की गयी तथा श्रीमती दीपिका शुक्ला अधिशासी अधिकारी द्वारा पूरे भारतवर्ष में चल रहे स्वच्छ भारत मिशन को सफल बनाये जाने हेतु नगर की जनता से सहयोग की अपील की गयी तथा नगर पालिका परिषद दादरी में चल रही विभिन्न योजनाओं का लाभ जन-जन तक पहुँचे इस हेतु पात्र लोगों से आवेदन करने की अपील कर आज के कार्यक्रम का समापन किया गया।

अधिशासी अधिकारी
नगर पालिका परिषद, दादरी
जनपद-गौतमबुद्धनगर

कार्यालय नगर पालिका परिषद, दादरी (गौतमबुद्धनगर)

पत्रांक:1662/न0पा0परि0दा0/2023-24 दिनांक:02/12/ 2023

प्रैस विज्ञप्ति

नगर पालिका परिषद दादरी (गौतमबुद्धनगर) द्वारा आज दिनांक 02 दिसम्बर, 2023 को विकसित भारत संकल्प यात्रा कार्यक्रम का आयोजन दो प्रमुख स्थलों श्री अग्रसैन आदर्श इण्टर कालेज, रेलवे रोड, दादरी व नगर पालिका कार्यालय में किया गया, जिसमें विधान परिषद, सदस्य श्री श्रीचन्द शर्मा, नगर पालिका परिषद, दादरी की मा0 अध्यक्ष महोदया श्रीमती गीता पंडित के साथ विभिन्न क्षेत्रीय नेताओं, अधिशासी अधिकारी श्रीमती दीपिका शुक्ला, अवर अभियन्ता, श्री जयपाल सिंह, श्री उत्कर्ष सिंह तोमर, श्री अरुण कुमार, श्री सोहराब, श्री बिजेन्द्र सिंह, श्री जाकिर हुसैन, श्री रामप्रवेश पाल, श्री नरेन्द्र सिंह राठौर एवं समस्त पालिका स्टाफ के साथ-साथ श्री जी0एन0 शर्मा, प्रधानाचार्य, उच्च प्राथमिक विधालय, जी0टी0 रोड, दादरी, डा0 आशा शर्मा, प्रधानाचार्य, सेन्टहुड कॉन्वेन्ट स्कूल दादरी व नगर के संभ्रान्त लोग, मा0 प्रधानमंत्री जी की विभिन्न योजनाओं से संतृप्त लाभार्थियों तथा उक्त योजनाओं का लाभ प्राप्त करने आये नवीन आवेदनकर्ताओं तथा स्कूल के बच्चों द्वारा प्रतिभाग किया गया। सेन्टहुड कॉन्वेन्ट स्कूल दादरी के विद्यार्थियो द्वारा स्वच्छता संदेश, नुक्कड नाटक, स्ट्रीट बेंडिंग आदि पर सुन्दर-सुदर कार्यक्रम प्रस्तुत किये गये तथा पालिका द्वारा प्राथमिक विद्यालयों के विद्यार्थियों के मध्य स्वच्छ भारत मिशन पर एक प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता का भी आयोजन कराया गया। इस मौके पर प्रधानमंत्री जी आवास योजना, पी0एम0 स्वनिधि योजना के कैम्प भी लगाये गये। कार्यक्रम में उपस्थित विभिन्न योजनाओं से संतृप्त लाभार्थियों द्वारा मेरी कहानी मेरी जुबानी कार्यक्रम में विभिन्न योजनाओं का लाभ प्राप्त कर उन्हें क्या फायदे मिले और उससे उनका जीवन किस प्रकार बदला उस अनुभव को नगर की जनता से साझा किया। कार्यक्रम में उपस्थित मा0 अध्यक्षा महोदया एवं क्षेत्रीय नेतागणों द्वारा नगर की जनता से अपने नगर दादरी को स्वच्छ व सुन्दर बनाये रखने की अपील की गयी तथा श्रीमती दीपिका शुक्ला अधिशासी अधिकारी द्वारा पूरे भारतवर्ष में चल रहे स्वच्छ भारत मिशन को सफल बनाये जाने हेतु नगर की जनता से सहयोग की अपील की गयी तथा नगर पालिका परिषद दादरी में चल रही विभिन्न योजनाओं का लाभ जन-जन तक पहुँचे इस हेतु पात्र लोगों से आवेदन करने की अपील कर आज के कार्यक्रम का समापन किया गया।

अधिशासी अधिकारी
नगर पालिका परिषद, दादरी
जनपद-गौतमबुद्धनगर

उत्तर मध्य रेलवे

सार्वजनिक अधिसूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है, कि उत्तर मध्य रेलवे प्रयागराज मंडल के कानपुर-गाजियाबाद सेक्शन के बीच मौजूदा नई दिल्ली हावड़ा मार्ग पर 160 किमी प्रति घंटे/200 किमी प्रति घंटे की गति बढ़ाने के संबंध में 132 केवी, 3 फेज, डबल सर्किट ट्रांसमिशन लाइन का निर्माण कार्य प्रगति पर है यह ट्रांसमिशन लाइन **टावर न. 209 से निकल कर (कन्चौसी टीएसएस/रेलवे) गाँव थिकियापुर, कन्चौसी बाजार, अमरपुर, सुखामपुर, हरतौली एवं नौगांव से होते हुये टावर न. 219 से मिल रही है, यह क्षेत्र तहसील-औरैया & बिधूना, जिला औरैया उत्तर प्रदेश** के अंतर्गत है इस ट्रांसमिशन लाइन के निर्माण कार्य में जो फसलो, पेड़ो (वृक्षों) का नुकसान हो रहा है इसकी भरपाई किसानों, जमीन मालिको को नियमानुसार समुचित मुआवजा देने का प्रावधान है। इस ट्रांसमिशन लाइन से विधुत चालित रेलगाड़ियो का संचालन होना है।

इस ट्रांसमिशन लाइन का निर्माण रेल मंत्रालय भारत सरकार नई दिल्ली के योजना के तहत प्रायोजित है।

(योगेश यादव)
कृते उप मुख्य विधुत अभियन्ता/नि0
उत्तर मध्य रेलवे कानपुर

1949/23(AN)

North central railways www.ncr.indianrailways.gov.in @northcentralrailway @CPRONCR

उत्तर मध्य रेलवे

संख्या-पी/आगरा/समापन/पेंशन अदालत/15 दिस.2023 दिनांक- 30.11.2023

अधिसूचना

मण्डल कार्यालय उत्तर मध्य रेलवे आगरा द्वारा दिनांक 15 दिसम्बर 2023 को पेंशन अदालत का आयोजन।

रेलवे बोर्ड एवं महाप्रबन्धक कार्मिक/प्रयागराज के निर्देशानुसार मण्डल कार्यालय **उत्तर मध्य रेलवे आगरा** द्वारा **दिनांक 15 दिसम्बर 2023, दिन शुक्रवार** को **समय प्रातः 11.00 बजे** पेंशन अदालत आयोजित की जायेगी। आगरा मण्डल से **दिसम्बर 2003** व इसके बाद सेवानिवृत हुए रेल कर्मचारी पेंशन भोगी/मृतक कर्मचारियों के आश्रितों को यदि पेंशन/परिवार पेंशन से सम्बन्धित यदि कोई शिकायत है तो वे अपना आवेदन निर्धारित प्रारूप पर दो प्रतियों में दिनांक **12 दिसंबर 2023** तक निम्नलिखित पते पर अवश्य भेज दें। उक्त तिथि के उपरान्त प्राप्त आवेदन पत्रों पर विचार नहीं किया जायेगा।

पता जिस पर आवेदन भेजना है।	आयोजन - स्थल
वरिष्ठ मंडल कार्मिक अधिकारी (समापन) उत्तर मध्य रेलवे, आगरा मंडल	गोवर्धन सभागार, मंडल रेल प्रबंधक भवन, उत्तर मध्य रेल, आगरा छा0 समयः- 11.00 बजे

आवेदन का प्रारूप

1. आवेदक/आवेदिका का नामः-
2. पूर्व कर्मचारी का नामः-
3. पदनाम एवं अन्तिम कार्यस्थलः-
4. पूर्व कर्मचारी के साथ आवेदक/आवेदिका का सम्बन्धः-
5. वर्तमान पताः-
6. सेवा निवृत्ति की तिथिः-
7. सेवा निवृत्ति का प्रकार (सामान्य/स्वेच्छिक/अनिवार्य):-
8. पी.पी.ओ.संख्या (छायाप्रति संलग्न की जायें)
9. अन्तिम वेतन एवं वेतनमानः-
10. मोबाइल नं0 एवं ईमेल आईडीः-
11. शिकायत का विस्तृत विवरणः-

आवेदक/आवेदिका के हस्ताक्षर

नोटः- कृपया लिफाफे के ऊपर **''पेंशन अदालत 15 दिसम्बर 2023''** का उल्लेख अवश्य करें।

1953/23(K)

@northcentralrailway North central railways www.ncr.indianrailways.gov.in @CPRONCR

दैनिक चेतना मंच

भगवान हनुमान बजरंग बली के अवतार श्री बालाजी (मेंहदीपुर) के संरक्षण में संचालित किया जाता है। समाचार-पत्र का यह अंक भी उन्हीं के चरणों में समर्पित है।

डाक पंजी. सं. L-10/GBD-574/99

RNI No. 69950/98

स्वामी मुद्रक प्रकाशक रामपाल सिंह रघुवंशी ने बीएफएल इन्फोटेक लि. सी-9, सेक्टर-3, नोएडा, गौतमबुद्धनगर (यू.पी.) से छपवाकर, ए-131 सेक्टर-83, नोएडा से प्रकाशित किया।

संपादक-रामपाल सिंह रघुवंशी

Contact: 0120-2518100, 4576372, 2518200
Mo.: 9811735566, 8750322340
E-mail: chetnamanch.pr@gmail.com
raghuvanshirampal365@gmail.com
raghuvanshi_rampal@yahoo.co.in
www.chetnamanch.com

सीबीएसई बोर्ड एग्जाम का ग्रेडिंग सिस्टम बदला

अब 10वीं, 12वीं की मार्कशीट में परसेंटेज नहीं, सिर्फ ग्रेड पॉइंट्स मिलेंगे

नई दिल्ली। सीबीएसई (सेंट्रल बोर्ड ऑफ सेकंडरी एजुकेशन) अब 10वीं और 12वीं के बोर्ड एग्जाम के रिजल्ट में परसेंटेज यानी एग्रीगेट मार्क्स जारी नहीं करेगा।

इसके अलावा अगले साल से रिजल्ट के साथ डिवीजन (फर्स्ट, सेकंड या थर्ड डिवीजन) और डिस्टिंक्शन भी जारी नहीं की जाएगी। अब रिजल्ट में सिर्फ सीजीपीए (कम्युलेटिव ग्रेड पॉइंट एवरेज) यानी ग्रेड पॉइंट्स ही मिलेंगे।

हर सब्जेक्ट में स्टूडेंट की इंडिविजुअल परफॉर्मेंस पर ध्यान देंगे: सीबीएसई

रिजल्ट से परसेंटेज हटाए जाने के फैसले पर सीबीएसई के एग्जामिनेशन कंट्रोलर संयम भारद्वाज ने कहा कि ऐसा करने से ट्रेडिशनल ग्रेडिंग सिस्टम खत्म होगा। अब हम सभी सब्जेक्ट्स के मार्क्स को जोड़कर परसेंटेज निकालकर रिजल्ट कैलकुलेट करने की बजाय हर सब्जेक्ट में स्टूडेंट ने कैसा परफॉर्म किया है इस पर फोकस करना चाहते हैं। इसका मतलब ये है कि ओवरऑल परसेंटेज की बजाय अब हर सब्जेक्ट के लिए अलग-अलग ग्रेड दिए जाएंगे और उनके एवरेज से सीजीपीए कैलकुलेट किया जाएगा। एक जैसे ग्रेडिंग सिस्टम होने से एडमिशन देने वाले इंस्टीट्यूट्स को आसानी होगी। किसी भी इंस्टीट्यूट को मेरिट लिस्ट तैयार करने के लिए परसेंटेज को किसी भी और यूनिट में बदलने की जरूरत नहीं पड़ेगी।

कोई इंस्टीट्यूट चाहे तो खुद परसेंटेज कैलकुलेट कर सकता है

अगर किसी स्टूडेंट ने 5 से ज्यादा सब्जेक्ट्स लिए हों और इंस्टीट्यूट में एडमिशन प्रोसेस के लिए परसेंटेज होना जरूरी है तो स्टूडेंट के चुने गए सब्जेक्ट्स में से बेस्ट ऑफ फाइव सब्जेक्ट्स चुनकर उस ग्रेड पर एडमिशन देने की जिम्मेदारी इंस्टीट्यूट की होगी। संयम भारद्वाज ने यह भी कहा कि हमारे पास कई बार बोर्ड एग्जाम में रिजल्ट जारी करने के लिए परसेंटेज कैलकुलेट करने का क्राइटेरिया बताने और इसमें बदलाव करने की रिक्वेस्ट आ चुकी है। इसके बाद हमने ग्रेडिंग के तरीके में बदलाव करने का फैसला लिया है।

2023 में सीबीएसई ने नहीं जारी की थी मेरिट लिस्ट, टॉपर्स के नाम

पिछले साल बच्चों पर रिजल्ट का प्रेशर कम करने के लिए सीबीएसई ने 10वीं और 12वीं के रिजल्ट डिक्लेयर करते हुए मेरिट लिस्ट जारी नहीं की थी। वहीं, बोर्ड की तरफ से 10वीं और 12वीं के टॉपर्स की घोषणा भी नहीं की गई थी।

2024 में 55 दिनों तक चलेंगे सीबीएसई बोर्ड एग्जाम

2024 में 15 फरवरी से 10वीं के एग्जाम और 17 फरवरी से 12वीं के बोर्ड एग्जाम शुरू होने हैं। 10वीं का आखिरी पेपर 21 मार्च को और 12वीं का लास्ट पेपर 10 अप्रैल को होगा। इस साल जुलाई 2023 में ही सीबीएसई ने नोटिफिकेशन जारी कर बता दिया था कि इस साल 10वीं-12वीं के बोर्ड एग्जाम करीब 55 दिनों तक चलेंगे। एग्जाम 15 फरवरी, 2024 को शुरू होंगे और 10 अप्रैल, 2024 तक चलेंगे।

कोहरे के कारण स्कूल बस भिड़ी, 2 की मौत

बांसवाड़ा-झालावाड़ में बारिश, सीकर में विजिबिलिटी 100 मीटर से भी कम रही

जयपुर। राजस्थान में शनिवार को दक्षिण हिस्सों में बारिश हुई तो दूसरी तरफ उत्तरी हिस्से में घना कोहरे छाया। बांसवाड़ा, झालावाड़ के आसपास शुक्रवार रात एक इंच बारिश हुई। कोटा, चित्तौड़गढ़ के एरिया में रात में हल्के बादल छाए। इधर जयपुर, सीकर, दौसा समेत उत्तर-पूर्वी राजस्थान के जिले शनिवार को भी घने कोहरे की चपेट में रहे। सीकर में कोहरा इतना जबरदस्त रहा कि यहां विजिबिलिटी 100 मीटर से भी कम हो गई। वहीं, अजमेर के रुपनगढ़ में एक स्कूल बस और एक निजी बस की भिड़ंत हो गई। एक्सीडेंट में एक बच्चे और बस ड्राइवर की मौत हो गई।

घने कोहरे के कारण ट्रेफिक संचालन प्रभावित

जयपुर के ग्रामीण इलाकों में भी शनिवार को खूब कोहरा रहा। कालवाड़ रोड, सीकर रोड, दिल्ली रोड पर कोहरे का असर वहां से गुजरने वाले वाहन चालकों पर भी दिखा। सीकर, चूरू, झुंझुनूं, अजमेर, दौसा समेत कई एरिया में जबरदस्त कोहरा छाया रहा। कोहरे, बादल छाने से तापमान में भी इजाफा हुआ। सिरोही के माउंट आबू में आज न्यूनतम तापमान चार डिग्री सेल्सियस बढ़कर 7 पर पहुंच गया।

» बारिश से अचानक बदला मौसम

शुक्रवार रात बांसवाड़ा के जगपुरा में 14 एमएम, बांसवाड़ा शहर में 6 एमएम, दानपुर में 7 एमएम के अलावा अन्य इलाकों में भी बारिश हुई। इसी तरह बारां जिले के छबड़ा में भी 14 और छीपाबड़ौद में 10एमएम बरसात दर्ज हुई। सबसे ज्यादा बरसात झालावाड़ के अकलेरा में 32एमएम बरसात हुई। अकलेरा के रायपुर में 31एमएम, बाकनी में 16, पिड़ावा में 15 और डग में 12एमएम बरसात हुई। इन जिलों के अलावा चित्तौड़गढ़, कोटा के एरिया में भी बादल छाए और कुछ जगहों पर हल्की बूंदाबांदी हुई।

» तापमान में उतार-चढ़ाव

राजस्थान में बादल छाने और कोहरा पड़ने से कई शहरों के मिनिमम टेम्प्रेचर में शनिवार को उतार-चढ़ाव देखने को मिला। राजधानी जयपुर में शनिवार को न्यूनतम तापमान 0.5 डिग्री सेल्सियस बढ़कर 16.1 पर पहुंच गया। कोटा में शनिवार को न्यूनतम तापमान 17.2, उदयपुर में 16.8, डूंगरपुर में 19.5, करौली में 15.4 डिग्री सेल्सियस दर्ज हुआ। इधर पश्चिमी राजस्थान के जिलों में तापमान में गिरावट हुई। जोधपुर में न्यूनतम तापमान गिरकर 15.9, बीकानेर में 13.7, चूरू में 10.2 डिग्री सेल्सियस दर्ज हुआ। सबसे कम तापमान शनिवार को हिल स्टेशन माउंट आबू में 7 और हनुमानगढ़ में 8.6 डिग्री सेल्सियस दर्ज हुआ।

» मुश्किल से बच्चों को निकाला

अजमेर में कोहरे के कारण निजी बस से भिड़ी स्कूल बस के बाद हाईवे पर हड़कंप मच गया। रुपनगढ़ थाने से एएसआई महादेव प्रसाद ने बताया कि करकेड़ी गांव की विवेकानंद बाल निकेतन उच्च माध्यमिक स्कूल की बस शनिवार सवेरे बच्चों को लेकर स्कूल की तरफ जा रही थी। इसी दौरान घने कोहरे के बीच करकेड़ी व अमरपुरा गांव के बीच स्कूल बस मेगा हाईवे पर सामने से आ रही खानपुर ट्रेवल्स की निजी बस से टकरा गई। स्कूल बस की छत आधी दूर तक सिमट गई। हादसे के बाद स्कूल बस में सवार स्टूडेंट्स में हड़कंप मच गया। हादसे में स्कूल बस ड्राइवर कालेड़ा गांव के सुगन जाट और एक स्टूडेंट की मौत हो गई।

दिल्ली के बिजनेसमैन की कार भिड़ी, 4 की मौत

भतीजों की शादी थी, बहनों को लेकर आ रहा था; मृतकों में 3 बच्चे भी

चूरू। दिल्ली में रेडीमेड कपड़ों के बिजनेसमैन की कार एक अज्ञात वाहन से भिड़ गई। हादसे में बिजनेसमैन सहित तीन बच्चों की मौत हो गई। कार में कुल 12 लोग मौजूद थे। बिजनेसमैन के भतीजों की शादी थी। इसलिए वह बहनों व उनके बच्चों को लेकर चूरू के सरदारशहर में अपने घर लौट रहा था। हादसे में घायल 8 लोगों को बीकानेर के पीबीएम हॉस्पिटल में भर्ती कराया गया है। पुलिस उस वाहन की तलाश में जुटी है जिससे एक्सीडेंट हुआ है। हादसा शुक्रवार रात 10 बजे सरदारशहर थाना क्षेत्र के आसासर कुंडिया के पास हुआ।

बहनों और भांजी के परिवार को लेने गया था, हादसे में गई जान

सरदारशहर थाना अधिकारी मदनलाल विश्नोई ने बताया कि बंधनाउ निवासी गोपीराम के दो भतीजों की 7 दिसंबर को शादी थी। इसलिए वह अपनी बहनों, भांजी और उनके बच्चों को लेने श्रीडूंगरगढ़ से लेकर आ रहा था। इन सभी को लेकर जैसे ही वह बीकानेर रोड की तरफ बढ़ा तो आसासर कुंडिया के पास किसी अज्ञात वाहन ने गोपीराम की कार को टक्क र मार दी। इस दौरान सभी लोग कार में फंस गए। इस पर रास्ते से गुजर रहे अन्य वाहन चालकों और ग्रामीणों की मदद से सभी को बाहर निकाला गया। सूचना मिलने पर पर पुलिस भी मौके पर पहुंची और सभी को श्रीडूंगरगढ़ के सरकारी हॉस्पिटल ले जाया गया। जहां तीन बच्चों को मृत घोषित कर? दिया गया। वहीं, गोपीराम (28) को बीकानेर के पीबीएम रेफर किया गया, जहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। इस हादसे में गोपीराम की बहन संतोष (28) निवासी बीरमसर (श्रीडूंगरगढ़), विमला (30) निवासी सातलेहरा (श्रीडूंगरगढ़), भांजी कांता (23) निवासी सुरजनसर (श्रीडूंगरगढ़) और बच्चे कृष्णा, निशा, अनिता, तमन्ना, प्रदीप गंभीर घायल हो गए।

परिवार के लोग कर रहे थे इंतजार, अब शव पहुंचा

गोपीराम का दिल्ली में रेडीमेड कपड़ों का बिजनेस है। भतीजों की शादी के लिए वह दो दिन पहले ही दिल्ली से आया था। शनिवार से शादी के फंक्शन शुरू होने थे। इसलिए एक दिन पहले ही गोपीराम अपनी बहनों को लेकर आ रहा था। श्रीडूंगरगढ़ से निकलने के बाद गोपीराम ने घर पर फोन कर बताया भी था कि वह देर रात तक सभी को लेकर पहुंच जाएगा, ऐसे में परिवार के लोग सभी का इंतजार कर रहे थे। लेकिन, हादसे की सूचना के बाद परिवार में मातम छा गया।

पिकअप की टक्कर से घायल युवक की मौत

सड़क किनारे टेंपो का कर रहा था इंतजार, इलाज के दौरान ग्वालियर में तोड़ा दम

धौलपुर। मनियां थाना क्षेत्र में सड़क किनारे खड़े एक युवक को शुक्रवार को तेज रफ्तार पिकअप ने टक्कर मार दी थी। पिकअप की टक्कर से घायल हुए युवक को इलाज के लिए जिला अस्पताल लाया गया। युवक की हालत गंभीर होने पर परिजन उसे इलाज के लिए ग्वालियर के कमला राजा अस्पताल ले गए, जहां इलाज के दौरान शनिवार सुबह युवक ने दम तोड़ दिया। युवक की मौत के बाद उसके बड़े भाई मुकेश पुत्र बलवीर निवासी सुंदर कॉलोनी ने थाने में मामला दर्ज कराया है। रिपोर्ट में बताया कि उसका छोटा भाई पवन कुमार अपने दोस्त के साथ घर आने के लिए सुआ के बाग पर टेंपो का इंतजार कर रहा था। इसी दौरान पीछे से तेज गति आती पिकअप गाड़ी ने उसे टक्कर मार दी। हादसे में युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। हादसे के बाद स्थानीय लोगों ने परिजनों को सूचना देकर घायल को जिला अस्पताल में भर्ती कराया। अस्पताल पहुंचे परिजन युवक को गंभीर हालत में लेकर ग्वालियर अस्पताल चले गए। जहां युवक ने इलाज के दौरान दम तोड़ दिया। घटना के बाद मृतक के भाई की रिपोर्ट पर पुलिस ने मामला दर्ज करते हुए मृतक युवक के शव का पोस्टमॉर्टम करा दिया है। पुलिस घटना को लेकर जांच में जुट गई है।

पैर फिसलने से नहर में गिरा युवक, मौत

कोटा। कोटा के उद्योगनगर इलाके में एक युवक की नहर में डूबने से मौत हो गई। शुक्रवार रात करीब आठ बजे अपने पिता के साथ नहर किनारे घूमते समय पैर फिसलने से युवक नहर में गिर गया। यह देख उसके पिता ने उसे बचाने के लिए नहर में छलांग लगा दी। लोगों ने समय रहते पिता को बाहर निकाल लिया लेकिन युवक का पता नहीं चला। बाद में गोताखोर मौके पर पहुंचे और शव को बाहर निकाला। पुलिस ने बताया कि इंदिरा गांधी नगर निवासी मनोज महावर (30) और उसके पिता हेमराज शुक्रवार देर शाम को नहर की तरफ घूमने गए थे। नहर किनारे झाड़ियां होने से मनोज का पैर फिसल गया, जिससे वह नहर में गिर पड़ा। बेटे को नहर में गिरते ही हेमराज शोर मचाते हुए नहर में कूद पड़े। बेटे मनोज को बचाने की काफी कोशिश की। इस बीच कुछ लोग भी पहुंच गए। उन्होंने पिता को बचा लिया। मनोज का काफी देर तक पता नहीं चला। सूचना मिलने पर पुलिस पहुंची। नगर निगम के गोताखोरों की टीम को भी मौके पर बुलाया गया। गोताखोरों ने देर रात मनोज का शव बाहर निकाला।

ट्रोले ने बाइक सवार दो दोस्तों को रौंदा

एक की पत्नी भी साथ थी, सालभर पहले की थी लव-मैरिज

अलवर। बाइक पर पत्नी के साथ जाते युवक को रास्ते में बचपन का दोस्त मिला तो उसे भी बाइक पर बैठा लिया। रास्ते में बाइक पहले कार से भिड़ी फिर बेकाबू होकर सामने से आते ट्रोले में घुस गई। हादसे में दोनों दोस्तों की मौत हो गई। बाइक पर सवार महिला की हालत गंभीर है।

मामला अलवर के मालाखेड़ा थाना इलाके का है। यहां शुक्रवार शाम हुए सड़क हादसे में दो युवकों की मौत हो गई, जबकि एक महिला गंभीर रूप से घायल हो गई। जानकारी के अनुसार नगली झामावत गांव (मालाखेड़ा, अलवर) निवासी मनीष (21) व उसकी पत्नी चांदनी (19) शुक्रवार को बाइक से अलवर गए थे। शाम को लौटते वक्त रास्ते में मनीष पुत्र रामप्रसाद को बचपन का दोस्त बृजकिशोर (22) मिल गया। बृजकिशोर पुत्र कल्याराम मालाखेड़ा का रहने वाला था। दोनों दोस्तों को मालाखेड़ा ही जाना था इसलिए मनीष ने बृजकिशोर को बाइक पर बैठा लिया।

बाइक से मनीष, चांदनी और बृजकिशोर अलवर से मालाखेड़ा की तरफ चले। इस दौरान मालाखेड़ा क्षेत्र के कलसाड़ा गांव के पास एक कार बाइक के पास से निकली तो बाइक बेकाबू हो गई। इस दौरान बाइक सामने से आ रहे ट्रोले से जा टकराई। हादसा इतना भीषण था कि मनीष और बृजकिशोर की मौत हो गई और चांदनी बुरी तरह जख्मी हो गई।

मनीष और चांदनी की थी लव मैरिज

मनीष के परिजनों ने बताया कि मनीष ने एक साल पहले चांदनी से लव मैरिज की थी। इस हादसे में मनीष की मौत हो गई। घायल चांदनी को अलवर के जिला हॉस्पिटल में एडमिट कराया गया है। जहां उसका इलाज चल रहा है। चांदनी की हालत गंभीर है।

लद्दाख में भूकंप के दो झटके महसूस किए गए, तीव्रता 3.4 और 3.7 रही

नई दिल्ली। केंद्र शासित प्रदेश लद्दाख में शनिवार को आठ घंटे के भीतर भूकंप के दो झटके आए। नेशनल सेंटर फॉर सीस्मोलॉजी के मुताबिक, पहला झटका सुबह 8.25 बजे आया, जिसकी तीव्रता रिक्टर पैमाने पर 3.4 मापी गई। इसकी गहराई जमीन से 10 किमी नीचेथी। वहीं 3.7 तीव्रता का दूसरा भूकंप शाम 4.29 बजे महसूस किया गया। इसका केंद्र जमीन से 5 किमी की गहराई पर था। कहीं से भी भूकंप के कारण नुकसान की कोई खबर नहीं है।

उपराष्ट्रपति का बड़ा बयान, कहा...

देश की मध्यस्थता व्यवस्था पर रिटायर्ड जजों का कब्जा है

नई दिल्ली। उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने शनिवार को एक कार्यक्रम के दौरान कहा कि रिटायर्ड जजों ने देश की मध्यस्थता व्यवस्था को अपनी मुट्ठी में किया हुआ है। उपराष्ट्रपति ने कहा कि अन्य योग्य लोगों को यहां मौके नहीं दिए जा रहे हैं। अब समय आ गया है, जब हमें आत्म अवलोकन करने की जरूरत है और जरूरी बदलाव करने की जरूरत है और अगर जरूरत पड़े तो कानून बनाकर ये बदलाव किए जाएं।

उपराष्ट्रपति ने गिनाई खामियां

इस पर उपराष्ट्रपति ने कहा कि मैं इसके लिए उन्हें (मुख्य न्यायाधीश) सलाम करता हूं। उन्होंने कहा कि अन्य योग्य उम्मीदवार नजरअंदाज कर दिए जाते हैं और ओल्ड बॉयज क्लब मानसिकता मध्यस्थता व्यवस्था पर हावी है। उपराष्ट्रपति ने कहा कि सीजेआई का यह बयान लंबे समय तक याद रखा जाएगा और इससे मध्यस्थता प्रक्रिया में मजबूती आएगी। भारत में पर्याप्त संख्या में योग्य लोग हैं लेकिन मध्यस्थता व्यवस्था में उन्हें नहीं चुना जाता।

उपराष्ट्रपति ने मुख्य न्यायाधीश की तारीफ की

इंटरनेशनल कोर्ट ऑफ ऑर्बिट्रेशन में एक कार्यक्रम के दौरान अपने संबोधन में उपराष्ट्रपति ने कहा कि किसी भी देश में या किसी अन्य व्यवस्था में रिटायर्ड जजों की मध्यस्थता व्यवस्था पर इतनी मजबूत पकड़ नहीं है, जितनी हमारे देश में है। उपराष्ट्रपति ने कार्यक्रम के दौरान मुख्य न्यायाधीश डीवाई चंद्रचूड़ की भी तारीफ की। उन्होंने कहा कि एक व्यक्ति इस देश की न्यायपालिका में बड़े बदलाव कर रहा है और वो हैं देश के मुख्य न्यायाधीश। दरअसल कार्यक्रम में सीजेआई डीवाई चंद्रचूड़ भी मौजूद रहे और उन्होंने अपने संबोधन में कहा कि मध्यस्थता व्यवस्था में विविधता की कमी है और रिटायर्ड जज इस क्षेत्र पर दबदबा बनाए हुए हैं।

काउंटिंग से एक दिन पहले कैलाश विजयवर्गीय बोले...

एमपी का सीएम हाईकमान तय करेगा, 103 सीटों पर घूमा, भाजपा 150 सीटें जीत रही

इंदौर। मध्य प्रदेश में विधानसभा चुनाव की काउंटिंग से एक दिन पहले 2 दिसंबर को भाजपा के राष्ट्रीय महासचिव कैलाश विजयवर्गीय ने इंदौर में बयान दिया। उन्होंने कहा कि मध्य प्रदेश का अगला मुख्यमंत्री कौन होगा, यह दिल्ली में बैठे हमारे नेता तय करेंगे। सीएम शिवराज सिंह चौहान के प्रति हाईकमान की नाराजगी के सवाल पर विजयवर्गीय ने कहा कि शीर्ष नेतृत्व को इतनी फुर्सत नहीं है कि वह नाराजगी के लिए समय दे। हमारे यहां इंटरनल डेमोक्रेसी है। वहां विधायक दल की बैठक होगी। फिर नाम तय होगा। उसके बाद पार्लियामेंट्री बोर्ड उस पर मुहर लगाएगा। बीजेपी का कोई कार्यकर्ता ही सीएम बनेगा।

विजयवर्गीय ने यह दावा भी किया कि जमीन पर जो सर्वेक्षण हुए हैं, उनमें साफ तौर पर कहा गया है कि भाजपा मध्य प्रदेश, राजस्थान और छत्तीसगढ़ में सरकार बनाएगी। हमने विकास किया है, इसलिए जनता हमें प्यार कर रही है। हमें फिर से सरकार में ला रही है। मैं दो महीने के अंदर 103 सीटों पर गया हूं, इसलिए दावे से कह रहा हूं कि हम लोग सरकार बनाएंगे। हमारी 150 से ऊपर सीटें आएंगी।

हारने पर कांग्रेस ईवीएम-प्रशासन पर आरोप लगाएगी

विजयवर्गीय ने कहा, कांग्रेस यदि यहां 75 सीट भी ले आई तो मुझे बड़ा आश्चर्य होगा। कांग्रेस ने अपनी हार मान ली है। कांग्रेस जब हार जाएगी तो ईवीएम पर आरोप लगाएगी। प्रशासन पर आरोप लगाएगी। चुनाव आयोग पर आरोप लगाएगी। यह पटकथा पहले से लिखी जा चुकी है। कांग्रेस को आत्मविश्लेषण करने की जरूरत है।

शिवराज बोले- सारे अनुमान फेल हो जाएंगे

सीएम शिवराज सिंह चौहान ने कहा- समाज के हर वर्ग से भाजपा को अभूतपूर्व समर्थन मिला है। मध्य प्रदेश में भाजपा को भारी बहुमत मिलने जा रहा है। अब तक के सारे अनुमान फेल हो जाएंगे। 3 दिसंबर को सूरज के प्रकाश की तरह सब कुछ साफ हो जाएगा। वहीं, केंद्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया ने कहा- हमें पूरा विश्वास है कि मतगणना में भाजपा मध्य प्रदेश में पूर्ण बहुमत के साथ सरकार बनाएगी। 24 घंटे इंतजार करें, नतीजे हमारे सामने होंगे।

करंट की चपेट में आने से संविदा कर्मचारी की मौत

चूरू। जिले के राजलदेसर थाना क्षेत्र में शुक्रवार शाम करंट की चपेट में आने से नूवां जीएसएस पर कार्यरत एक युवक की मौत हो गई। मृतक ठेकेदार के माध्यम से कार्यरत था। घटना के बाद मौके पर गांव के लोगों की भीड़ लग गई। जीएसएस पर मौजूद अन्य कर्मचारियों ने गंभीर हालत में युवक को रतनगढ़ के गवर्नमेंट अस्पताल पहुंचाया, जहां डॉक्टरों ने युवक को मृत घोषित कर दिया। घटना की सूचना मिलने पर राजलदेसर थाने के हेड कॉन्स्टेबल राजेन्द्र सिंह अस्पताल पहुंचे। जहां उन्होंने मृतक के शव को मॉर्चयुरी में रखवाया। रिपोर्ट दर्ज होने के बाद पोस्टमार्टम करवाया जाएगा। हेड कॉन्स्टेबल राजेन्द्र सिंह ने बताया कि वार्ड 4 रतनगढ़ निवासी सूर्यप्रकाश उर्फ पूनमचंद माली (35) गांव नूवां में बने जीएसएस पर संविदा पर काम करता था। शुक्रवार शाम वह जीएसएस में कोई फॉल्ट निकालने के लिए बिजली के पोल पर चढ़ा था। इस दौरान करंट की चपेट में आने से वह पोल से नीचे गिर गया, जिसको जीएसएस पर काम करने वाले दूसरे कर्मचारियों ने रतनगढ़ अस्पताल पहुंचाया। जहां डॉक्टरों ने उसको मृत घोषित कर दिया।

एक दूल्हा-दो दुल्हन, एक साथ लिए सात फेरे

दोनों लड़कियों के परिवार ने बारात का किया स्वागत, शादी के कार्ड भी छपवाए

बांसवाड़ा। शादी के मंडप में दूल्हे ने एक साथ दो दुल्हनों के साथ शादी की। तीनों के परिवार ने सामाजिक रीति-रिवाज के साथ सभी रस्मों को पूरा किया। शादी का निमंत्रण कार्ड छपवाया गया, जिसमें दूल्हे के साथ दोनों दुल्हनों के परिवारों का नाम शामिल था। इस विवाह समारोह के साक्षी कई लोग बने। फेरों की रस्म के बाद दोनों दुल्हनों के परिवार ने उन्हें दूल्हे के साथ विदा किया।

ये अनोखी शादी गुरुवार रात (30 नवंबर) को बांसवाड़ा जिले में हुई। विवाह की तैयारियां पहले से शुरू हो गई थी। दोनों दुल्हनों के परिवारों ने गांव में निमंत्रण कार्ड बांटे और विवाह समारोह की तैयारियों को मिलजुल कर पूरा किया। बांसवाड़ा स्थित आनंदपुरी उपखंड के आम्बादरा गांव के रहने वाले नरेश पारगी (26) की 30 नवंबर को शादी थी। नरेश खंडेरा गांव में बारात लेकर गया था।

खास बात यह थी कि नरेश एक नहीं, दो दुल्हनों से शादी करने गया था। उसकी खंडेरा गांव की रेखा रोत (23) और सेरावाला की अनिता डामोर (23) के साथ शादी थी। इस अनोखी शादी में तीनों के परिवारों के साथ पूरा गांव शामिल हुआ था।

» दूल्हे को कंधे पर बैठाकर किया डांस

बारात के पहुंचने पर दुल्हनों के परिवार ने दूल्हे को कंधे पर बैठा लिया और पारंपरिक वाद्य यंत्र बजाकर डांस किया। महिलाओं ने मांगलिक लोक गीत गाए। उसके बाद दूल्हे को अंदर ले जाया गया। शादी में दूल्हे के ननिहाल पक्ष के लोगों ने डीजे बजाकर रस्में पूरी की। दुल्हनों के पीहर पक्ष ने भी कपड़ा व्यवहार कर रस्म अदा की।

» दुल्हनों के परिवारजनों ने किया कन्यादान

शादी में रिश्तेदार और गांव के लोग भी शामिल हुए। खाने-पीने के बाद फेरों की रस्म अदा की गई। दोनों दुल्हनों के परिजनों ने कन्यादान किया। दोनों दुल्हनों के सिर पर चुनरी ओढ़ाई गई। दूल्हे ने एक ही मंडप में दोनों दुल्हनों के साथ सात फेरे लेने की रस्म पूरी की।

» गुजरात में हुई थी मुलाकात

ग्रामीण ललित डामोर और गणेश धामोद ने बताया- तीनों साथ में गुजरात में मजदूरी करते थे। वहां दूल्हा नरेश साल 2013 में रेखा के संपर्क में आया। वह रेखा को बिना शादी किए ही अपने घर लेकर आ गया था, जिसे स्थानीय भाषा में दुल्हन को नातरा करके ले जाना कहते हैं। इसके पांच साल बाद 2018 में रेखा को भी नातरा करके घर ले आया। आर्थिक स्थिति सही होने पर दूल्हे ने दोनों दुल्हनों के परिवार से समारोह में शादी की बात की। परिवार की सहमति मिलने पर दोनों से 30 नवंबर को रीति-रिवाज से शादी की।

» यह है नातरा प्रथा

बांसवाड़ा आदिवासी बहुल इलाका है। यहां नातरा प्रथा काफी प्रचलित है, जिसमें एक विवाह के बाद भी दूसरी युवती को साथ रखा जाता है। चाहे युवती पहले से शादीशुदा हो या कुंवारी।

» पहले भी हो चुकी है ऐसी शादी

आनंदपुरी उपखंड क्षेत्र में इस तरह के दो विवाह पहले भी हुए हैं। 24 अप्रैल 2021 में कड़दा गांव और 25 जून 2023 को मुंढ़ी गांव में एक युवक ने एक साथ दो युवतियों के साथ शादी की थी। दोनों गांवों में दूल्हे ने दुल्हनों के साथ सामाजिक रीति रिवाज से सात फेरे लिए थे।

खास खबर

हार के बाद रोनाल्डो को सुनने पड़े 'मेसी, मेसी के नारे

रियाद (एजेंसी)। क्रिस्टियानो रोनाल्डो की मौजूदगी के बावजूद अल नासर को सऊदी अरब फुटबॉल प्रो लीग में अल हिलाल के हाथों 3-0 से हार का सामना करना पड़ा, जिसके बाद विजेता टीम के प्रशंसकों ने 'मेसी, मेसी' के नारे लगाकर पुर्तगाल के इस सुपरस्टार पर ताने कसे। लियोनेल मेसी का इस मैच से कोई लेना-देना नहीं था, लेकिन पिछले दो दशक से रोनाल्डो और उनके बीच फुटबॉल के मैदान पर कड़ी प्रतिद्वंद्विता रही है। यही वजह थी कि पांच बार के बैलन डी ओर विजेता रोनाल्डो जब मैदान से बाहर निकल रहे थे तो अल हिलाल के प्रशंसक अर्जेंटीना के सुपरस्टार का नाम लेकर उन्हें चिढ़ा रहे थे। रोनाल्डो इस मैच में अपनी ख्याति के अनुरूप प्रदर्शन नहीं कर पाए जबकि विजेता टीम की तरफ से अलेक्जेंडर मित्रोविच ने दो और सर्बिया के उनके साथी सर्गेज मिलिनकोविच सैविच ने एक गोल किया। रियाद की इन दो टीमों के बीच मुकाबले से पहले हालांकि प्रशंसक रोनाल्डो के समर्थन में नारे लगा रहे थे। इनमें से अधिकतर दर्शक रोनाल्डो की 7 नंबर की जर्सी पहनकर स्टेडियम में पहुंचे थे।

रोड्रिज का साओ पाउलो छोड़ने पर संशय बरकरार

रियो डि जेनेरो (एजेंसी)। अमेरिका, मैक्सिको और अर्जेंटीना के क्लबों से जुड़ने की अटकलों के बीच कोलंबिया के फुटबालर जेम्स रोड्रिग्ज ने ब्राजील के अगले घरेलू फुटबॉल सत्र से पहले साओ पाउलो छोड़ने के संशय को बरकरार रखा है। कोलंबियाई 32 वर्षीय फुटबॉल खिलाड़ी जुलाई में दो साल के अनुबंध पर साओ पाउलो में शामिल होने के बाद से चोटों और खराब फॉर्म से जूझ रहा है। ब्राजीलियाई सीरी ए क्लब के लिए 14 मैचों में उन्होंने केवल एक गोल किया है।

पांचवा व अंतिम टी-20 मुकाबला आज

अय्यर और चाहर पर होंगी निगाहें वाशिंगटन को मिल सकता है मौका

बेंगलुरु (एजेंसी)। ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ 5 मैचों की टी-20 सीरीज में पहले ही अजेय बढ़त हासिल कर चुकी भारतीय टीम अब रविवार को यहां चिन्नास्वामी स्टेडियम में पांचवां और आखिरी टी-20 मुकाबला खेलेगी। वहीं इस मुकाबले में दक्षिण अफ्रीका के दौरे को ध्यान में रखकर श्रेयस अय्यर और दीपक चाहर को मौका मिल सकता है। जिसके बाद उनके प्रदर्शन पर ध्यान दिया जाएगा।

बता दें कि, भारत को दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ 10 दिसंबर से टी-20 सीरीज खेलनी है जिसमें अय्यर और चाहर की भूमिका अहम होगी। अय्यर ने वनडे विश्व कप में शानदार प्रदर्शन किया था लेकिन ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ रायपुर में शुक्रवार को उन्होंने पिछले एक साल से भी अधिक समय में अपना पहला टी-20 अंतरराष्ट्रीय मैच खेला। इस मैच में उन्होंने सात गेंद का सामना करके आठ रन बनाए जिनमें कोई बाउंड्री शामिल नहीं है। इसलिए दक्षिण अफ्रीका जाने से पहले अय्यर चिन्नास्वामी स्टेडियम में बड़ी पारी खेलने की कोशिश करेंगे। उन्होंने कुछ दिन पहले ही वनडे विश्व कप में इस मैदान पर नीदरलैंड के खिलाफ शतक लगाया था। अय्यर की तरह चाहर ने भी चोटिल होने के कारण लंबे समय तक बाहर रहने के बाद वापसी की है। रायपुर में खेला गया मैच उनका टी-20 प्रारूप में भारत की तरफ से पिछले साल अक्टूबर के बाद पहला मैच था। इस 31 वर्षीय तेज गेंदबाज ने टिम डेविड और मैथ्यू शॉर्ट के विकेट लेकर प्रभाव डाला, लेकिन उन्होंने अपने चार ओवर के कोटे में 44 रन दिए। चिन्नास्वामी स्टेडियम की पिच उनके अनुकूल नहीं हो सकती है लेकिन अपनी विविधता पूर्ण गेंदबाजी के कारण चाहर सफलता हासिल कर सकते हैं।

दक्षिण अफ्रीका के दौरे से पहले टीम प्रबंधन ऑफ स्पिनर वाशिंगटन सुंदर को भी इस मैच में मौका दे सकता है। वाशिंगटन भी पिछले कुछ समय से चोटों से परेशान रहे हैं। उन्हें बाएं हाथ के स्पिनर अक्षर पटेल की जगह टीम में शामिल किया जा सकता है जिन्हें दक्षिण अफ्रीका दौरे के लिए टीम में जगह नहीं मिली है। भारत की तरफ से बल्लेबाजी में कप्तान सूर्यकुमार यादव, रुतुराज गायकवाड़, रिंकू सिंह, यशस्वी जयसवाल और इशान किशन ने अच्छा प्रदर्शन किया है। पिछले मैच में किशन की जगह खेलने वाले जितेश शर्मा ने भी अपनी बल्लेबाजी से प्रभावित किया। गेंदबाजी में रवि बिश्नोई ने अभी तक सात विकेट लेकर अच्छा प्रदर्शन किया है। दूसरी तरफ ऑस्ट्रेलिया की टीम ने अभी तक अपेक्षित प्रदर्शन नहीं किया है। उसकी टीम जीत के साथ श्रृंखला का अंत करके स्वदेश लौटना चाहेगी।

विश्व कप में मिली निराशाजनक हार के बाद टी-20 सीरीज जीतकर खुश हैं गायकवाड़

रायपुर (एजेंसी)। सलामी बल्लेबाज रूतुराज गायकवाड़ ने कहा कि आक्रामक और निर्भीक रवैये की बदौलत भारतीय टीम आस्ट्रेलिया के खिलाफ पांच मैचों की टी-20 अंतरराष्ट्रीय सीरीज में जीत दर्ज करने में सफल रही। उन्होंने साथ ही उम्मीद जतायी कि वनडे विश्व कप फाइनल में मिली निराशाजनक हार के बाद खेल प्रेमियों के लिए यह खुशी का मौका होगा। भारत ने शुक्रवार को चौथे टी-20 अंतरराष्ट्रीय मैच में आस्ट्रेलिया को 20 रन से हराकर पांच मैचों की सीरीज में 3-1 की अजेय बढ़त हासिल कर ली। भारत ने नौ विकेट पर 174 रन का स्कोर बनाया था जिसमें गायकवाड़ ने 28 गेंद में 32 रन की पारी खेली। उन्होंने 'जियोसिनेमा' से कहा कि मुझे लगता है कि हम सभी के लिए खुद को अभिव्यक्त करना और खेल का लुत्फ उठाना महत्वपूर्ण था। प्रत्येक खिलाड़ी ने प्रत्येक चरण में अपनी जिम्मेदारी निभाई। इसलिये हम नतीजे से खुश हैं लेकिन अभी एक मैच और बचा है। विश्व कप की निराशा के बाद क्या चर्चा हुई, इस बारे में पूछने पर गायकवाड़ ने कहा कि चर्चा का लब्बोलुवाब यही था कि बस निर्भीक और आक्रामक खेलो। विश्व कप टीम के दो तीन सदस्य हमारे साथ थे। उन्होंने कहा कि टीम में सकारात्मक माहौल था क्योंकि हम घरेलू टूर्नामेंट खेलकर आ रहे हैं और हर खिलाड़ी ने इसमें अच्छा प्रदर्शन किया था। हर खिलाड़ी आत्मविश्वास से भरा था। गायकवाड़ ने यह भी कहा कि उन्होंने इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) में चेन्नई सुपरकिंग्स (सीएसके) के साथ खेलते हुए महान क्रिकेटर महेंद्र सिंह धोनी के नेतृत्व में टी-20 क्रिकेट की बारीकियां सीखीं। उन्होंने कहा कि मैंने सीएसके के लिए खेलते हुए इस प्रारूप के बारे में काफी कुछ सीखा। माही भाई (एमएस धोनी) हमेशा हालात पढ़ने और खेल को समझने के लिए तत्पर रहते हैं। गायकवाड़ ने कहा कि उनका संदेश होता था कि आप टीम का स्कोर देखकर तय करो कि टीम की जरूरत क्या है, भले ही मैच की परिस्थितियां किसी भी तरह की हों। टी-20 में आपको मानसिक रूप से खेल में हमेशा आगे रहना होता है और मैं इसे काफी अहमियत देता हूं।



आईपीएल ने मुझे दबाव में शांतचित बने रहना सिखाया : रिंकू

भारतीय बल्लेबाज रिंकू सिंह ने ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ वर्तमान टी-20 सीरीज में दबाव की परिस्थितियों में भी शांत बने रहकर अपनी भूमिका अच्छी तरह से निभाने का श्रेय इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) में खेलने को दिया। रिंकू ने चौथे मैच में 29 गेंद पर 46 रन बनाए जबकि सीरीज में अपना पहला खेल रहे जितेश शर्मा ने 19 गेंद पर 35 रन की पारी खेली। भारत की शुक्रवार को यहां 20 रन से जीत के बाद रिंकू ने बीसीसीआई टीवी पर जितेश से कहा कि मैं लंबे समय से खेल रहा हूं। मैं पिछले 5-6 साल से आईपीएल में खेल रहा हूं, जिससे मेरा आत्मविश्वास बढ़ा। मैं खुद पर भरोसा रखता हूं और शांत बने रहने की कोशिश करता हूं।जितेश ने स्वीकार किया कि जब वह बल्लेबाजी के लिए उतरे तो काफी दबाव में थे। उन्होंने कहा कि ऐसा नहीं लग रहा था कि यह तुम्हारी (रिंकू) पहली सीरीज है। जब मैं बल्लेबाजी के लिए उतरा तो काफी दबाव में था, लेकिन तुम बहुत शांत थे और आसानी से शॉट लगा रहे थे। इशान किशन की जगह टीम में लिए गए विकेटकीपर बल्लेबाज जितेश ने उन्हें शांत चित बनाए रखने में मदद करने के लिए रिंकू का आभार भी व्यक्त किया। जितेश ने रिंकू से कहा कि तुम मुझे लगातार बोल रहे थे कि सहज बने रहो और किसी तरह का दबाव मत लो। रिंकू ने अपनी पारी के दौरान 100 मीटर लंबा छक्का भी लगाया। इतने लंबे शॉट लगाने के राज के बारे में पूछे जाने पर उन्होंने कहा कि वह नियमित तौर पर जिम जाते हैं।

अक्षर को विश्व कप न खेलने का है मलाल, इस पर किसी का बस नहीं

भारतीय स्पिनर अक्षर पटेल ने स्वीकार किया कि चोटिल होने के कारण वनडे विश्व कप से बाहर होने से वह निराश थे और इससे उबरने में उन्हें एक सप्ताह का समय लगा। इस 29 वर्षीय खिलाड़ी को विश्व कप के लिए भारतीय टीम में चुना गया था लेकिन एशिया कप के दौरान वह चोटिल हो गए थे जिसके कारण उन्हें बाहर होना पड़ा। उनकी जगह रविचंद्रन अश्विन को विश्व कप की टीम में शामिल किया गया था। अक्षर ने ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ चौथे टी-20 अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट मैच के बाद संवाददाताओं से कहा, निश्चित तौर पर इससे किसी को भी निराशा होती।विश्व कप भारत में हो रहा था लेकिन मैं चोटिल हो गया। शुरुआत के कुछ दिनों तक में इसके बारे में सोच रहा था कि चोट के कारण मैं नहीं खेल पा रहा हूं। उन्होंने कहा कि लेकिन टीम अच्छा प्रदर्शन कर रही थी इसलिए 5-10 दिन बाद मैंने फिर से अभ्यास शुरू कर दिया।

बांग्लादेश ने पहले टेस्ट मैच में न्यूजीलैंड को 150 रन से हराया

सिलहट (एजेंसी)। प्लेयर ऑफ द मैच तैजुल इस्लाम (75 रन पर छह विकेट) की कातिलाना गेंदबाजी की बदौलत बांग्लादेश ने आईसीसी विश्व टेस्ट चैंपियनशिप के लिये दो मैचों की सीरीज के पहले टेस्ट में शनिवार को न्यूजीलैंड को 150 रनों के बड़े अंतर से हरा दिया।

अब दोनों टीमों के बीच 6 दिसंबर से दूसरा टेस्ट खेला जाएगा।बांग्लादेश ने पहली पारी में नौ विकेट पर 310 रन बनाये थे जिसके जवाब में मेहमान टीम पहली पारी में 317 रन बना कर आउट हो गयी थी। पहली पारी में सात रन से पिछड़ी बांग्लादेश ने कप्तान नजमुल शन्तो (105) की शतकीय पारी की मदद से दूसरी पारी में 338 रन का स्कोर खड़ा किया, जबकि बाद में तैजुल इस्लाम ने छह कीवी बल्लेबाजों को आउट कर न्यूजीलैंड का पुलिंदा 181 रन पर बांध दिया। पहली पारी में शतकवीर केन विलियम्सन (11) का बल्ला दूसरी पारी में नहीं चला। उनको तैजुल ने पगबाधा आउट किया। तैजुल ने पहली पारी में 4 विकेट झटके थे।

डैरिल मिचेल (58) ने हालांकि मेजबान गेंदबाजों का बहादुरी से सामना किया मगर उनका विकेट भी तैजुल ने उखाड़ा। हार के मुहाने पर खड़ी न्यूजीलैड के लिये अनुभवी गेंदबाज टिम साउदी ने 34 रन की ताबड़तोड़ पारी से दर्शकों को मनोरंजन किया।

डब्यूपीएल नीलामी की लिस्ट में 61 विदेशी और 104 भारतीय खिलाड़ी शामिल

मुंबई(एजेंसी)। महिला प्रीमियर लीग (डब्यूपीएल) के दूसरे सीजन के लिए नीलामी 9 दिसंबर को मुंबई में होगी। नीलामी में शामिल खिलाड़ियों की लिस्ट बीसीसीआई ने जारी कर दी है। इस नीलामी में 165 खिलाड़ियों के नाम शामिल हैं। जिसमें 104 भारतीय और 61 विदेशी खिलाड़ी शामिल हैं। साथ ही 15 खिलाड़ी एसोसिएट देशों से भी हैं। लिस्ट में 56 कैप्ड खिलाड़ी और 109 अनकैप्ड खिलाड़ी भी हैं। महिला प्रीमियर लीग की पांचों टीमों के पास ज्यादा से ज्यादा 30 स्लॉट खाली हैं। जिसमें 9 विदेशी खिलाड़ियों के लिए हैं। 50 लाख रुपये हाई आरक्षित मूल्य है, जिसमें 2 खिलाड़ी- डींड्रा डॉटिन और किम गर्थ हैं। चार खिलाड़ी 40 लाख रुपये के आधार मूल्य के साथ नीलामी सूची में हैं। बीसीसीआई ने विमेंस प्रीमियर लीग की शुरुआत 2023 में हुई। इसका पहला सीजन बेहद ही सफल रहा। अब इसका दूसरा सीजन खेला जाएगा। डब्ल्यूपीएल 2024 का सीजन फरवरी से मार्च के बीच में खेला जा सकता है। वहीं हर फ्रेंचाइजी के पर्स में नीलामी के लिए ज्यादा से ज्यादा सीमा 13.5 करोड़ रुपये की है। इस रकम का ज्यादातर हिस्सा फ्रेंचाइजी रिटेन खिलाड़ियों में खर्च कर चुकी हैं। वहीं डब्यूपीएल की नीलामी में विमेंस सभी टीमों की नजरें श्रीलंका की कप्तान चमारी अटापट्टू, वेस्टइंडीज की अनुभवी ऑलराउंडर डिएंड्रा डॉटिन और साउथ अफ्रीकी तेज गेंदबाज शबनिम इस्माइल पर होंगी। इसके अलावा भारतीय नामों में वेदा कृष्णमूर्ति, एस मेघना, मेघना सिंह और देविका वैद्य को बड़े खरीददार मिल सकते हैं।

रेणुका की वापसी, इशाक और श्रेयांका पहली बार भारतीय टीम में शामिल

मुंबई (एजेंसी)। चोट के कारण बाहर चल रहीं तेज गेंदबाज रेणुका सिंह की भारतीय टीम में वापसी हुई है, वहीं श्रेयांका पाटिल, सैका इशाक और सतीश शुभा को पहली बार बुलावा आया है। श्रेयांका को टी-20 तो 24 वर्षीय कर्नाटका की बल्लेबाज शुभा को भारतीय टेस्ट टीम से बुलावा आया है, वहीं इशाक दोनों टीमों में हैं। भारत को इंग्लैंड के खिलाफ टी-20 और टेस्ट सीरीज खेलने के बाद ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ भी एक टेस्ट खेलना है। इन दो टेस्ट मैचों के दौरान रेणुका, इशाक के साथ-साथ जेमिमाह रॉड्रिग्स भी टेस्ट डेब्यू कर सकती हैं। यह 2014 के बाद भारतीय जमीन पर पहला महिला टेस्ट होगा। यह मिताली राज और झूलन गोस्वामी के संन्यास लेने के बाद भी भारत के लिए पहला टेस्ट है और हरमनप्रीत कौर पहली बार टेस्ट टीम की अगुवाई करेंगी। श्रेयांका डब्ल्यूपीएल में रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु से जुड़ी थीं। वह सीपीएल में खेलने वाली पहली भारतीय महिला थीं और उन्होंने टूर्नामेंट में सर्वाधिक विकेट लिए। फिलहाल वह इंग्लैंड ए के खिलाफ इंडिया ए के लिए टी-20 सीरीज खेल रही हैं। बाएं हाथ की स्पिनर इशाक डब्ल्यूपीएल में मुंबई इंडियंस का हिस्सा थीं और 15 विकेट लेकर वह टूर्नामेंट की दूसरी सबसे सफल गेंदबाज बनीं। इशाक और श्रेयांका के टी-20 टीम में आने से राजेश्वरी गायकवाड़ और देविका वैद्य की जगह नहीं बन पाई है। अंडर-19 विश्व कप का हिस्सा रहीं बाएं हाथ की स्पिनर मन्नत कश्यप को भी टी-20 टीम में जगह मिली है, वहीं कनिका आहूजा को टी-20 टीम में बरकरार रखा गया है। टीम में विकेटकीपर बल्लेबाज यास्तिका भाटिया की वापसी हुई है, जो ऋचा घोष के साथ टेस्ट और टी-20 दोनों टीमों में विकेटकीपिंग विकल्प हैं।

इंग्लैंड के खिलाफ टी-20 सीरीज के लिए भारतीय टीम

हरमनप्रीत कौर (कप्तान), स्मृति मांधना (उपकप्तान), जेमिमाह रॉड्रिग्स, शेफाली वर्मा, दीप्ति शर्मा, यास्तिका भाटिया (विकेटकीपर), ऋचा घोष (विकेटकीपर), अमनजोत कौर, श्रेयांका पाटिल, मन्नत कश्यप, सैका इशाक, रेणुका सिंह, तितास साधु, पूजा वस्त्रकर, कनिका आहूजा, मिन्नू मणि ।

इंग्लैंड और ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ टेस्ट टीम

हरमनप्रीत कौर (कप्तान), स्मृति मांधना (उपकप्तान), जेमिमाह रॉड्रिग्स, शेफाली वर्मा, दीप्ति शर्मा, यास्तिका भाटिया (विकेटकीपर), ऋचा घोष (विकेटकीपर), स्नेह राणा, शुभा सतीश, हरलीन देओल, सैका इशाक, रेणुका सिंह, तितास साधु, पूजा वस्त्रकर, मेघना सिंह, राजेश्वरी गायकवाड़ ।

दुनिया की पहली भाई-बहन ग्रैंडमास्टर जोड़ी बने प्रज्ञानानंद और वैशाली

चेन्नई (एजेंसी)। भारतीय शतरंज खिलाड़ी आर वैशाली स्पेन के एल लोब्रेगाट ओपन में ग्रैंडमास्टर खिताब हासिल करने वाली देश की तीसरी महिला खिलाड़ी बनी। इससे वह अपने भाई आर प्रज्ञानानंदा के साथ मिलकर दुनिया की पहली भाई-बहन ग्रैंडमास्टर जोड़ी बन गयीं। वैशाली ने यह उपलब्धि शुक्रवार को 2500 ईएलओ रेटिंग अंक पार करने के बाद हासिल की। वह देश की 84वीं ग्रैंडमास्टर (जीएम) हैं। कोनेरू हम्पी और डी हरिका भारत की दो अन्य महिला ग्रैंडमास्टर खिलाड़ी हैं। चेन्नई की 22 साल की वैशाली ने स्पेन में 2500 ईएलओ रेटिंग अंक का आंकड़ा पार किया जिसमें उन्होंने दूसरे दौर में तुर्की की तैमर तारिक सेल्बेस को पराजित किया। वैशाली ने अक्टूबर में कतर मास्टर्स टूर्नामेंट में तीसरी जीएम नॉर्म हासिल की थी और उन्हें अपनी ईएलओ रेटिंग बढ़ाने की जरूरत थी।

विजय मर्चेंट ट्रॉफी:

बंगाल ने हैदराबाद के खिलाफ हासिल की बढ़त

कोलकाता (एजेंसी)। अवरादीप बिस्वास (34 रन पर पांच विकेट) के पंजे की मदद से बंगाल की अंडर 16 टीम ने विजय मर्चेंट ट्राफी के मुकाबले में शनिवार को हैदराबाद के खिलाफ पहली पारी में 48 रन की महत्वपूर्ण बढ़त हासिल कर ली। सूरत में खेले गये मैच में बंगाल ने पहले खेलते हुये 186 रन बनाये जिसके जवाब में हैदराबाद की पूरी टीम 138 रन ही बना सकी। हैदराबाद को कम स्कोर पर समेटने में बंगाल के गेंदबाजों की भूमिका अहम रही। विस्वास के अलावा अनिर्बान सरमा (2-21), धनविन निमावत (2-30) और शिवम भारती (1-19) ने गेंद से शानदार प्रदर्शन किया।

भारतीय जूनि. हॉकी टीम को विश्वकप में अच्छे प्रदर्शन की उम्मीद

बेंगलुरु (एजेंसी)। मलेशिया के कुआलालंपुर में पांच दिसंबर से शुरू होने वाली एफआईएच हॉकी पुरुष जूनियर विश्व कप 2023 में भाग लेने के लिए भारतीय टीम शनिवार को केम्पेगौड़ा अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे (केआईए) से रवाना हो गयी।

भारतीय टीम के उप कप्तान अरिजीत सिंह हुंदल ने यहां कहा कि हाल में महाद्वीपीय प्रतियोगिता में अच्छे प्रदर्शन के बाद टीम का हौसला बढ़ा हुआ है और उसे जूनियर विश्व कप में बेहतर परिणाम की उम्मीद है। भारतीय टीम इस प्रतियोगिता में अपना पहला मैच पांच दिसंबर को दक्षिण कोरिया के खिलाफ खेलेगी। हॉकी इंडिया की विज्ञप्ति के अनुसार अरिजीत ने टीम के रवाना होने से पहले कहा कि भुवनेश्वर में खेले गए पिछले विश्व कप के बाद भारतीय टीम ने काफी प्रगति की है। हमने सुल्तान जोहोर कप 2022 और जूनियर एशिया कप जीता तथा हाल में सुल्तान जोहोर कप में तीसरे स्थान पर रहे। उन्होंने कहा कि इसलिए हम जूनियर विश्व कप जीतने में सक्षम हैं। यह सही समय पर अच्छा प्रदर्शन करने से जुड़ा हुआ है। भारत को पूल सी में स्पेन, कोरिया और कनाडा के साथ रखा गया है। गत चैंपियन अर्जेंटीना को चिली, ऑस्ट्रेलिया और मेजबान मलेशिया के साथ पूल ए में रखा गया है।

पूल बी में जर्मनी, फ्रांस, दक्षिण अफ्रीका और मिस्र, जबकि पूल डी में नीदरलैंड, न्यूजीलैंड, बेल्जियम और पाकिस्तान को रखा गया है। भारत 2021 में भुवनेश्वर में खेले गए टूर्नामेंट में फ्रांस से हारने के कारण चौथे स्थान पर रहा था। दक्षिण कोरिया से खेलने के बाद 2016 के चैंपियन भारत का सामना सात दिसंबर को स्पेन और नौ दिसंबर को कनाडा से होगा। भारत को क्वार्टर फाइनल में प्रवेश सुनिश्चित करने के लिए पूल सी में शीर्ष दो में रहना होगा। कप्तान उत्तम सिंह ने कहा कि भारतीय टीम पिछली बार की निराशा को भुलाकर अच्छा प्रदर्शन करने के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने कहा कि पिछली बार तीसरे स्थान के मैच में हम फ्रांस से हार गए थे लेकिन उसके बाद टीम ने अच्छा प्रदर्शन किया है। हम एक समय में एक मैच पर ध्यान देंगे और अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने की कोशिश करेंगे। उम्मीद है कि इस बार हम पदक हासिल करने में सफल रहेंगे।

क्या आप जानते हो

...36 साल चलेगा सैमसंग का बल्ब

घर के कुछ काम सिर्फ पुरुषों के जिम्मे माने जाते हैं। इनमें से एक है फ्यूज बल्ब को हटाकर नया बल्ब लगाना। लेकिन सैमसंग की नई टेक्नोलॉजी से फ्यूज बल्ब बदलने की प्रक्रिया जिंदगी में सिर्फ एक बार ही करनी पड़ेगी! सैमसंग ने एलईडी बल्बों की नई श्रंखला जारी की है, जो 40,000 घंटे तक जलेंगे। यानी परंपरागत बल्ब की तुलना में इनका जीवन 40 गुना ज्यादा होगा। यह अवधि लगभग 36 साल बैठती है।

क्या है खास

सैमसंग ने अपनी डिजिटल इलेक्ट्रॉनिक्स टेक्नोलॉजी का इस्तेमाल कर बल्ब तैयार किए हैं। इसीलिए इसे सामान्य बल्ब नहीं कह सकते हैं। इसे एलईडी, चिप्स और ड्राइवर्स से तैयार किया है। इस बल्ब की रोशनी आंखों को सुकून देने वाली है। इससे पर्यावरण को भी कोई नुकसान नहीं पहुंचता और कम बिजली की खपत के कारण यह पैसा भी बचाएंगे।

कीमत है ज्यादा

इन तमाम खूबियों के बावजूद एक बड़ी खामी इनकी ज्यादा कीमत के रूप में सामने है। इस श्रंखला का बेसिक बल्ब 19 डॉलर यानी लगभग 994 रुपए का है, जबकि आकार में बड़े और ज्यादा रोशनी देने वाले बल्ब 70 डॉलर (3,665 रुपए) तक मिलेंगे।

कहां हैं उपलब्ध

सैमसंग ने फिलहाल अपने एलईडी बल्ब अमेरिकी बाजार में पेश किए हैं। कंपनी का इरादा इन्हें दुनिया के अन्य बाजार में प्रस्तुत करने का है।

यह इंसान है या फ्लाइंग मशीन!

आपने विमान को हवा में कलाबाजियां दिखाते तो कई बार देखा होगा लेकिन एक इंसान है जो खुद जेटसूट पहनकर हवा में उड़ता है। जी हां, स्विस एअरफोर्स में 17 साल तक फाइटर जेट उड़ाने का अनुभव रखने वाले स्विस पायलट वायवेस रोसी 'जेटमैन' के नाम से मशहूर हैं।

हाल ही में रोसी ने एक खतरनाक स्टंट किया है, जिसमें उन्होंने जेट इंजन से बने पंखों वाला सूट पहनकर आल्पस पर्वत के ऊपर उड़ने का कारनामा दिखाया। इसमें उनके साथ ही दो जेट विमान भी उड़ रहे थे। 52 वर्षीय रोसी ऐसे पहले इंसान हैं जो जेट इंजन से बने सूट पहनकर हवा में स्टंट करते हैं। रोसी के मुताबिक उनका सपना है कि वे इसी तरह उड़कर सारी दुनिया देखें और सारी दुनिया उन्हें।

क्या खास है इस जेट सूट में: करीब 55 किलो वजनी रोसी के जेट सूट की खासियत यह है कि इसे उन्होंने खुद बनाया है। इसके पंखों की चौड़ाई 2.4 मीटर है और इसमें 4 इंजन लगाए गए हैं, जो इसे 200 किमी. प्रतिघंटा से भी ज्यादा की गति देने में मदद करते हैं। इस सूट को बनाने में उन्हें 10 साल से ज्यादा का समय लगा और इसके लिए उन्होंने करीब 15 से ज्यादा नमूने तैयार किए।

ऐसे बनाया सूट: रोसी ने कार्बन-फाइबर के पंखों वाले सूट का खाका तैयार किया। इसमें उन्होंने जर्मन कंपनी जेट-केट के चार जेट-केटपी200 इंजन लगाए हैं। यह इंजन ऑटोमैटिक स्टार्ट होता है। इसमें ईंधन के लिए वे केरोसिन में ल्यूब्रिकेशन के तौर पर 5 प्रतिशत टर्बाइन ऑइल का उपयोग करते हैं। इसकी ईंधन क्षमता 30 लीटर है।

क्या है खास

- 1993 से जेट सूट बनाना शुरू किया
- 2005 में मिली सफलता
- 5 मिनट 40 सेकंड तक पहली बार उड़े हवा में

पहले भी कर चुके हैं स्टंट

रोसी इससे पहले भी हवा में कलाबाजियां दिखा चुके हैं। पहली बार वे नवंबर 2006 में करीब 5 मिनट 4क् सेकंड तक हवा में उड़े थे। 2008 में इंग्लिश चैनल पार किया । इसके अलावा वे ग्रैंड कैनयन के ऊपर 8 मिनट तक जबकि इंग्लिश चैनल के ऊपर 13 मिनट तक उड़ने का करतब भी दिखा चुके हैं।

मंगोलियाई लोककथा:

गिलहरी की दोस्ती

मंगोलिया के जंगल में भालू और गिलहरी में गहरी दोस्ती थी। दोनों सभी काम, यहां तक कि शिकार भी एक साथ करते थे। भालू अपने साथ-साथ गिलहरी के लिए भी खाना लाता था। गिलहरी को खाने के लिए जो मिलता, उसमें से वह आधा भालू को दे देती थी।

जंगल में रहने वाले लोमड़ को दोनों की दोस्ती फूटी आंख नहीं भाती थी। उसने मन ही मन दोनों की दोस्ती में फूट डालने की ठान ली। एक दिन मौका पाकर लोमड़ ने गिलहरी से कहा, 'क्यों बहन, तुम्हारे दोस्त भालू के क्या हालचाल हैं?' गिलहरी खुश होकर अपनी और भालू की बातें करने लगी। भालू की तारीफ सुनकर लोमड़ गुस्से से तिलमिलाने लगा। वह सब के साथ चालाकी करता था, सबको धोखा देता था, इसलिए कोई उसका दोस्त बनना पसंद ही नहीं करता था। लोमड़ बोला, 'बहन, तुम बहुत भोली हो। तुम नहीं जानती कि भालू तुम्हें बेवकूफ बनाता रहता है?'

'मुझे बेवकूफबनाता है..'

गिलहरी ने पूछा- 'वह कैसे?'

लोमड़- 'भालू जब शिकार लाता है तब खाने से पहले उसे साफ कौन करता है?'

'सफाई तो भालू करता है', गिलहरी ने जवाब दिया।

'क्या तुम जानती हो कि वह ऐसा क्यों करता है। वह सारा बढ़िया माल पहले अपने आप खा लेता है, बचा-खुचा तुम्हें दे देता है। बढ़िया खाना खा-खा कर वह मोटा होता जा रहा है, तुम छोटी की छोटी हो', लोमड़ ने लम्बी सांस ली- 'वैसे मुझे इस बात से क्या लेना देना? जानता हूं कि यह बात बताने का कोई फायदा नहीं..'

लोमड़ गिलहरी के मन में शक का बीज बोकर चलता बना। गिलहरी सोचने लगी- 'लोमड़ कहीं ठीक ही तो नहीं कह रहा था। मैं तो भालू को अपना दोस्त समझती हूं और हो सकता है कि वह मुझे बुद्धू बना रहा हो।' अगले दिन भालू ने गिलहरी के साथ जंगल में फल इकट्ठे किए, उन्हें साफ किया और खाने लगा। गिलहरी से भी खाने के लिए कहा, लेकिन गिलहरी ने बेर नहीं खाए। भालू हैरान था। गिलहरी सोच रही थी- 'शायद लोमड़ सच कह रहा था।'

थोड़ी दूर जाने पर भालू को मधुमक्खियों का छत्ता दिखाई दिया। भालू ने उसे खोला, मुंह डालकर भरपेट शहद खाया। शहद खाने के बाद मूछें साफ करते हुए उसने गिलहरी को शहद खाने के लिए बुलाया। गिलहरी देख रही थी कि भालू ने पहले ही सब खा लिया था। उसको लोमड़ की बात पर पूरी तरह विश्वास हो गया था। 'कोई बात नहीं, भालू को अब मैं सबक सिखाऊंगी।' दूसरे दिन भालू और गिलहरी दोनों शिकार करने गए। भालू के हाथ में एक बकरी की टांग आ गई, वह उसे पकड़कर खींचने लगा। तभी उसको महसूस हुआ कि उसके सिर पर कोई चीज रेंग रही थी। वास्तव में वह गिलहरी थी। गिलहरी ने भालू के सिर पर चढ़कर शिकार को पहले खाने का फैसला कर लिया था। भालू यह सब नही जानता था। बकरी उसके हाथ से निकलकर भाग गई। बेचारा भालू।

आगे भालू को खरगोश दिखा। उसे पकड़ने के लिए वह दबे पांव उसकी तरफबढ़ा। इस बार तो गिलहरी ने हद ही कर दी। वह भालू की आंखों के सामने फुर्ती से उसके सिर पर चढ़कर बैठ गई। भालू भूत समझकर डर से थर-थर कांपने लगा। खरगोश भी झाड़ियों में जा छिपा। गिलहरी ने भालू से बात भी करनी बंद कर दी। उसका पेट ही कितना था? कुछ भी खाकर पेट भर लेती। भालू शिकार पर अकेला जाने लगा था, लेकिन गिलहरी पीछे से जाकर उसको परेशान करना नहीं भूलती। एक दिन भालू को नन्हा सूअर दिखाई दिया। कई दिनों से भालू कोई शिकार नहीं कर पाया था। फल-फूल से उसका पेट कहां भरता। उसे जोर से भूख लगी थी। सूअर को पकड़ने के लिए छलांग लगाई। गिलहरी भी देख रही थी। वह भी उछलकर भालू के सिर पर चढ़कर बैठ गई। भालू सूअर को हाथ से निकल जाने देना नहीं चाहता था। वह गुर्राया- 'तुम मुझसे बचकर भाग नहीं सकते।' वह सूअर को पकड़ने के लिए तेजी से भागा।

भालू को अपनी पीठ पर फिर से कोई चीज चलती हुई महसूस हुई। गिलहरी तो उसको दिखाई नहीं दे रही थी। उसने गुस्से में अपना एक पंजा ज़ोर से पीठ पर दे मारा। पांचों नाखून गिलहरी के सिर से पूंछ तक चुभ गए थे। गिलहरी दर्द से तड़प उठी। भालू कहीं पहचान न ले

इसलिए मुश्किल से कराहने की आवाज रोकी। जल्दी ही भालू ने अपना पंजा पीठ पर से हटा लिया। नाखून बाहर निकलते ही गिलहरी भाग खड़ी हुई। दर्द से बेचैन होकर एक पेड़ से दूसरे पेड़ पर कूदने लगी। भालू ने दौड़कर सूअर पकड़ लिया।

सूअर ने शिकार से भालू खुश था। कई दिनों के बाद भर-पेट खाना मिला था। हमेशा की तरह भालू ने गिलहरी को आवाज लगाई। गिलहरी नहीं आई। वह तो भालू को अपना दुश्मन समझने लगी थी। बहुत देर तक इंतजार करने के बाद भालू अकेला वापिस लौट गया। गिलहरी पेड़ों के बीच छिपी बैठी थी। उसकी पीठ पर भालू के नाखूनों से बने जख्म ठीक हो गए थे, लेकिन वे काली धारियों में बदल गए थे। आज भी ये काली धारियां गिलहरी को दोस्त को धोखा देने की याद दिलाती हैं। लोमड़ की तरह अब उसका भी कोई दोस्त नहीं था। पेड़ों पर अकेली घूमती रहती। उसने मांस खाना भी छोड़ दिया। भालू को देखकर वह पेड़ों के बीच छिप जाती है।

भालू और और गिलहरी की दोस्ती को दुश्मनी में बदलवाने के कारण लोमड़ आज भी अपनी चालाकियों के लिए बदनाम है।

सोने सी नगरी और रेत का समंदर

स्वर्ण नगरी के नाम से मशहूर जैसलमेर के राजा-महाराजाओं की कहानी इतिहास की किताबों में अब तक पढ रखी थी। राजस्थान के दूसरे सबसे बडे शहर की यात्रा का जब कार्यक्रम बना तो मन कितना रोमांचित था इसे शब्दों में नहीं बयान किया जा सकता। नई दिल्ली से चली ट्रेन जोधपुर सुबह साढे पांच बजे पहुंची। जैसे ही हम उतरने के लिए डिब्बे के दरवाजे पर पहुंचे तो देखा एक स्वामी जी भी हमारे साथ उतर रहे हैं। उनका स्वागत गुलाब के फूलों से किया जा रहा था। साथ में ढोलक और मंजीरे के साथ भक्ति गीत गाए जा रहे थे। उसी दौरान उनके भक्तगणों को लगा कि मैं और मेरे दो साथी भी उनके साथ है तो उन्होंने हम पर भी फूल बरसाने शुरू कर दिए। बाबा थोडी देर के लिए विस्मित हो गए। उन्होंने आंखों ही आंखों में अपने चेले को इशारा किया कि हम उनके साथ नहीं हैं। बस फिर क्या था बाबा के भक्तों ने फूलों का रुख मोड दिया। उनके आंखों के इशारों को देखकर हम अपनी हंसी नहीं रोक पा रहे थे। खैर बाबा की आवभगत ने हमारा मूड काफी अच्छा कर दिया। हमने कल्पना भी नहीं कि थी कि अनजाने में ही सही हमारा स्वागत इतनी गर्मजोशी से होगा। स्टेशन से निकलते ही आभास हो गया था कि हम कला, संस्कृति और सभ्यता में रमे शहर में पहुंच गए हैं। आपको बताते चले कि जैसलमेर घूमने के लिए अक्टूबर से मार्च तक का समय सबसे बेहतर है।

जोधपुर से जैसलमेर का रास्ता करीब चार घंटे का था। कार का सफर था सो रास्ते के नजारे लेते जा रहे थे। रास्ते में पोखरण में रुक कर नाश्ता किया, जहां देश का पहला और दूसरा परमाणु परीक्षण किया गया था। वहां से आगे चलने पर मीलों तक छावनी थी। गोलियां चलने की आवाज दूर से आ रही थी, लेकिन गाडी न रोकने के सख्त निर्देश थे। पाकिस्तान की सीमा जुडी होने के कारण वहां पर सेना की आवाजाही काफी है। फिर हम शहर से करीब 15 किमी दूर सूर्या रिजॉर्ट पहुंचे। कहने को यह रिजॉर्ट है, लेकिन उसकी बनावट और नक्काशी देखकर एक बार भ्रम हुआ कि महल को ही रिजॉर्ट में बदल दिया गया है। वहां एक घंटे आराम करने के बाद हम सबने तय किया कि यहां का पारंपरिक भोजन ही खाएंगे। पापड की सब्जी, दाल बाटी चूरमा, कैर-सांगरी और धुएं का कबाब खाकर आनंद आ गया। इसके बाद हमने रेगिस्तान में ऊंट की सवारी की योजना बनाई। हम सम सैंड ड्यूंस यानी रेत के टीले देखने पहुंचे।

रेत के टीलों का यह अथाह सागर राजस्थान का असल अहसास कराता है। सूर्यास्त के समय यहां काफी खूबसूरत नजारा होता है। वहां बबलू, शाहरुख, अक्षय, माइकल जैक्सन पर सवारी करने के लिए लोग आतुर नजर आ रहे थे। दरअसल, यह ऊंटों के नाम थे, जो उन्हें उनके मालिकों ने दिए थे। ऊंट की सवारी यादगार अनुभव थी। ऊंट की सवारी के बाद हमने रेत पर चलने का भी आनंद लिया। वहां पर कई विदेशी सैलानी भी आए थे। उन्होंने वहां रहने और खाने की व्यवस्था कर रखी थी। उनके साथ थोडा नाचने-गाने के बाद हम होटल लौट आए। अगले दिन सुबह आठ बजे हम गडीसर तालाब पहुंचे। इसे राजा रावल गडसी सिंह ने 1340 में बनवाया था। 1965 से पहले यह जैसलमेरवासियों का प्रमुख पेयजल स्रोत भी था। यहां पर फिल्म सरफरोश, हम दिल दे चुके सनम, ढाई आखर प्रेम का जैसे कई मशहूर फिल्मों की शूटिंग की गई थी। झील केकिनारे कुछ मंदिर और एक गेट बना है। फिर पुराने शहर में बनी ऐतिहासिक हवेलियों को देखने के लिए हम भूल-भुलैया जैसी गलियों में पहुंचे। गाइड के मार्गदर्शन में बढते हुए हमने भी पटवों की हवेली, सलीम सिंह की हवेली और नाथमल की हवेली देखी। ये हवेलियां करीब 300 साल पुरानी हैं। इन हवेलियां में सबसे भव्य पटवों की हवेली है। 1805 में बनी यह हवेली 7 छोटी हवेलियों का समूह है। इन हवेलियों का अद्भुत वास्तुशिल्प वास्तव में दर्शनीय है। इन हवेलियों की खासियत यह है कि गर्मियों में ठंडी और जाडे में गर्म रहती हैं। इन्हें बनाने में सीमेंट-गारा का इस्तेमाल बिल्कुल भी नहीं किया गया है। गलियों में घूमते हुए दुकानों पर सजे हस्तशिल्प, मूर्तियां और परिधान भी आकर्षित कर लेते हैं। जैसलमेर की अर्थव्यवस्था काफी हद तक पर्यटन पर निर्भर है। कुछ देर बाद हम यहां के प्रसिद्ध सोनार किले में पहुंचे। त्रिकूट पहाडी पर बना यह किला लगभग 800 वर्ष पुराना है। इसकी खासियत यह है कि इसकेअंदर एक नगर सा बसा है। राजाओं ने यह किला केवल अपने लिए नहीं बल्कि पूरी प्रजा की सुरक्षा को ध्यान में रख कर बनाया था। किले के भीतरी भाग में बने रंग महल, बादल महल, गज महल, मोती महल, सर्वोत्तम विलास और जवाहर विलास देखने लायक हैं। इनकेअतिरिक्त किले के परिसर में आठ जैन मंदिर और चार वैष्णव मंदिर भी हैं। यहां घूमते हुए लगता है जैसे मध्य युग के किसी शहर में आ गए हों।

यहां से निकलने के बाद हमने फिर राजस्थानी खाने का लुत्फउठाया। फिर हम बडा बाग पहुंचे। बाग में यहां के शासकों ने अपने पूर्वजों की याद में स्मारक बनवाए थे। ये स्मारक छतरी कहलाते हैं। इनमें सबसे पुरानी महाराजा जैत सिंह की छतरी है। यहां पर फिल्म हम दिल दे चुके सनम का वह दृश्य फिल्माया गया था जिसमें सलमान खान ऐश्वर्या राय के साथ फेरे लेते हैं। रुदाली और कच्चे धागे की शूटिंग भी यहां की गई थी। यहां की यादें समेटे हम होटल लौट आए।



हाथियों के लिए बजाया पियानो



ताज्जुब भले लगे, लेकिन कुछ लोग आज भी जानवरों की सेवा के प्रति समर्पित हैं। ब्रिटेन के एक आदमी ने अंधे हाथियों की सेवा करने का बीड़ा उठाया है। यह पियानो वादक अंधे हाथियों के सामने काफी देर तक पियानो बजाकर उनका मनोरंजन करता है।

उसका कहना है कि वह लोगों के बीच अंधे हाथियों के विषय में जागरूकता फैलाना चाहता है। इसीलिए वह इन हाथियों के सामने पियानो बजाता है। यह आदमी पिछले 15 वर्षो से अपनी पत्नी के साथ थाइलैंड में रहकर अंधे हाथियों के प्रति लोगों के बीच जागरूकता फैलाने का काम कर रहा है।

जिज्ञासा

सौर व विंड एनर्जी से पावर लेगी बैट्री

स्टेनफोर्ड यूनिवर्सिटी के वैज्ञानिक ऐसी बैट्री का निर्माण कर रहे हैं जो सोलर तथा विंड एनर्जी द्वारा पैदा की गई अतिरिक्त पावर को स्टोर करेगी। नेचर जर्नल में प्रकाशित एक रिपोर्ट के मुताबिक यह सब संभव हो पाया है एक खास इलेक्ट्रोड से।

एक टेस्ट में पाया गया कि इस इलेक्ट्रोड से 40 हजार बार चार्ज और डिस्चार्ज होने के बाद भी इसमें सामान्य ऊर्जा से 80 प्रतिशत ज्यादा ऊर्जा शेष बची थी। जबकि बहुत बेहतर मानी जाने वाली लीथियम आयन बैट्री चार्ज और डिस्चार्ज की प्रक्रिया सिर्फ400 बार ही पूरी कर पाती है।

शोध में शामिल कोलिन वेसल्स के मुताबिक विद्युत ग्रिड के उपयोग से इस इलेक्ट्रोड का जीवन 30 साल का हो जाएगा। यूनिवर्सिटी के प्रोफेसर यी सुई के मुताबिक किसी बैट्री का हजार से भी ज्यादा बार चार्ज हो जाना और कभी फेल ना होना एक बहुत महत्वपूर्ण खोज है ।

बगुले जैसे स्टॉर्क



इस बार हम आपको पानी तथा पानी के आस पास पाए जाने वाले पक्षियों में स्टॉर्क परिवार के पक्षियों से मिलवाते हैं। ये ऊपरी तौर पर बड़े अंजन से मिलते-जुलते होते हैं। इनकी टांगे लम्बी और टांगो का निचला भाग कुछ बाल रहित खुला होता है। गर्दन लम्बी और भारी और आगे को पतली पड़ती नुकीली चोंच होती हैं। उड़ते हुए ये अंजनो से बिल्कुल अलग पहचाने जा सकते हैं। इनकी गर्दन आगे को खिची रहती है, जबकि बगुलो की गर्दन अंग्रेजी अक्षर 'एस' के आकार में चपटी और मुड़ी होती है। सारसो के स्वर पेशियां नहीं होतीं, इसलिए ये आमतौर पर चुप ही रहते है। ये सिर्फ कभी किसी मौके पर गले से हल्की घुरघुराहट की सी आवाज निकालते हैं।

भारत मे इस स्टॉर्क परिवार की जो सबसे अधिक आम और आकर्षक प्रजाति पाई जाती है, वह है जंगहिल दांख कंकारी- ये लगभग गिद्ध के आकार का और सिर तक लगभग साढे तीन फुट ऊंचा होता है। इसके पर सफेद होते हैं, जिनपर ऊपर की तरफ चमकदार हरापन लिए काले रंग के निशान और पट्टियां पड़ी होती हैं और छाती पर काली पेटी-सी बनी होती है। अंगेजी मे इसे पेंटेड स्टॉर्क कहते है। इसका कारण यह है कि इसकी पूंछ के पास मुलायम हल्के गुलाबी रंग के पर (असली नहीं ऊपरी) होते है। मुंह कुछ चिकना पीला होता है और उसपर बाल नहीं होते तथा चोंच पीली तथा भारी नोंक पर कुछ मुड़ी होती है। ये झीलों और दलदलों के पास छोटे-मोटे दलों या बडे झुंडों मे पाए जाते हैं। ये और स्टॉर्क के साथ सारा दिन या तो कूबड़ निकाले चुपचाप खड़े रहते है या दलदली भूमि या उथले पानी में मछलियां और मेंढक ढूंढ़ते बड़े धैर्य के साथ घूमते रहते है।

मछलियां और मेंढक उसका खास भोजन है। खाने को ये पानी के कीड़े, केकड़े और घोंघे भी खाते हैं। जंगहिल खाना ढूंढ़ने के लिए उथले पानी में घुस जाता है, फिर गर्दन झुकाए चोंच खोले और कुछ भाग पानी में डुबाए धीरे-धीरे चलता रहता है। चोंच को या तो कुछ पाने की आशा में बिल्कुल निश्चल रखता है या एक टांग उठाए हुए इधर-उधर बाजुओं की ओट घुमाता रहता है। टांग को इस तरह घुमाकर वह पानी को चलाता है और शिकार को हांक कर खुले जबड़ों की ओर ले आता है। कभी-कभी टांग चलाने के साथ ही वह उसी ओर का पंख भी फड़फड़ाता है, इस प्रकार उसकी छाया भी पानी में पड़ती है इससे शिकार और जल्दी उधर की ओर आ जाता है। जंगहिल पानी में या उसके पास स्थित पेड़ों पर निस्संकोच होकर बैठते और बसेरा करते हैं।

बिग बॉस के घर में रहने रु. 12 लाख फीस चार्ज कर रही अंकिता, पहले ठुकरा चुकी थी ऑफर

टेलीविजन का पॉपुलर रियलिटी शो बिग बॉस 17 इस समय काफी सुर्खियां बटोर रहा है। टीवी से लेकर सोशल मीडिया तक हर जगह इसी शो की चर्चा हो रही है। शो में कई नामी सितारे शामिल हुए हैं। वहीं, टीवी एक्ट्रेस अंकिता लोखंडे भी कंटेस्टेंट के तौर पर शामिल हुई हैं। बिग बॉस 17 में अपने गेम को लेकर में लाइमलाइट में बनी रहती हैं। दरअसल, अंकिता को यह शो पिछले काफी सालों से ऑफर किया जा रहा था। लेकिन एक्ट्रेस ने हर बार इस शो को ठुकरा दिया। आखिरकार इस सीजन में उन्होंने शामिल होने का मन बना ही लिया।

बता दें कि अंकिता लोखंडे ने अपने करियर की शुरुआत टीवी शो पवित्र रिश्ता से की थी। इसी शो ने उन्हें घर-घर में पहचान दी। वहीं, अब बिग बॉस 17 में अंकिता अपने पति विक्की जैन के साथ शामिल हुई हैं। दोनों शो में काफी धमाल मचा रहे हैं। विक्की सलमान के शो में अपने गेम को लेकर पहचान बना रहे हैं। बिग बॉस के घर में रहने के लिए अंकिता लोखंडे मोटी फीस वसूल रही हैं। मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, एक्ट्रेस इस शो से हर हफ्ते लाखों कमा रही हैं। अंकिता बिग बॉस 17 में एक हफ्ते के लिए 12 लाख रुपये फीस ले रही हैं।

एलिमिनेट हुए आठ सदस्य

अंकिता लोखंडे इस में सबसे ज्यादा कमाई करने वाली कंटेस्टेंट बन गई हैं। बिग बॉस 17 के घर से बेघर होने के लिए इस हफ्ते आठ कंटेस्टेंट्स नॉमिनेट हुए हैं, जिनमें रिंकू धवन, विक्की जैन, खानजादी, अंकिता लोखंडे, नील भट्ट, मनारा चोपड़ा, अनुराग डोभाल और अरुण श्रीकांत का नाम शामिल है। इस वीकेंड के वार पर कोई एक कंटेस्टेंट घर से बाहर हो जाएगा। सलमान खान के इस शो में आए दिन कोई न कोई ड्रामा होते रहते हैं, जो कि दर्शकों का खूब मनोरंजन कर रहे हैं।

मेरी कला फिल्म की सफलता पर निर्भर करती है : नीना गुप्ता

फिल्म की सफलता से ही कलाकारों को आगे काम मिलता है। यह मानना है अभिनेत्री नीना गुप्ता का। गुडबॉय फिल्म अभिनेत्री नीना गुप्ता कहती हैं, 'मैं कम आत्मविश्वास के बावजूद अगर आज तक काम कर पाई, तो उसकी वजह यही है कि मैं वास्तविक हूं, सच बोलती हूं। मेरी फिल्में चल रही हैं। 60 साल की उम्र में अगर काम न मिले, तो भीतर एक कड़वाहट आ जाती है।

फिल्म की और वह नहीं चली, तो आगे काम नहीं मिलता है

आगे नीना ने कहा कि मेरे कई दोस्त हैं, जिनके भीतर काम न मिलने की कड़वाहट है। वह दूसरे कलाकारों की बुराई करते हैं। अभिनय में यह आज भी जरूरी है कि आपकी पिछली फिल्म चले, तभी आगे का काम मिलता है। जब मैं युवा थी, तो मेरी मां मुझे आईएएस बनाना चाहती थीं। अगर वह बन गई होती, तो अभिनय नहीं कर रही होती। फिल्म इंडस्ट्री में दिक्कत यह है कि अगर मैंने एक फिल्म की और वह नहीं चली, तो आगे काम नहीं मिलता है।

क्रिकेट का उदाहरण देते हुए कही ये बात

साथ ही उन्होंने कहा कि भले ही मैंने उसमें कितना अच्छा काम न किया हो। ऐसा भी कई बार हुआ है। मुझे जिस फिल्म (वो छोकरी) के लिए राष्ट्रीय पुरस्कार मिला, वो कई लोगों ने नहीं देखी है। मेरा काम, समय सब बर्बाद हुआ। मैं अभिनय इसलिए कर रही हूं कि ज्यादा से ज्यादा लोग मुझे देखे। अगर कोई क्रिकेटर अच्छे रन बनाता है, तो उसे अगले मैच में खेलने का मौका मिलता है ना। लेकिन फिल्मों में ऐसा नहीं होता है। अभिनय अच्छा करने के बाद भी फिल्म नहीं मिलती, अगर वह फिल्म हिट न हो। मेरी कला फिल्म की सफलता पर निर्भर करती है। बधाई हो फिल्म कितनी भी अच्छी क्यों न हो, अगर हिट नहीं होती, तो आगे काम नहीं मिलता।

सारा अली खान ने तय कर लिए अपने बच्चों के नाम, लड़की हुई तो कुदसिया और लड़के का नाम हिदमत

इन दिनों सोशल मीडिया में सैफ अली खान और अमृता सिंह की बेटी सारा अली खान का एक वीडियो सुर्खियां बटोर रहा है। इस वीडियो में वह बता रही हैं कि अपने होने वाले बच्चों के क्या नाम रखेंगी। लड़की हुई तो क्या नाम रखेंगी और जब लड़का होगा, तो उसका क्या नाम रखेंगी। लोग इस पर तमाम कमेंट कर रहे हैं। इस साल फिल्म जरा हट के जरा बच के में नजर आईं सारा की अगली फिल्म ओटीटी पर रिलीज होगी। 2018 में करियर शुरू करने के बाद उन्हें बड़ी सफलता की तलाश है, मगर वह सोशल मीडिया में तमाम तस्वीरों तथा वीडियो को लेकर सुर्खियों में बनी रहती हैं।

सारा अली खान अपने बेबाक स्वभाव के लिए जानी जाती हैं और अक्सर अपने दिल की बात कहने में नहीं झिझकतीं। फैन्स उनके इस अंदाज को पसंद करते हैं। हालांकि जो वीडियो क्लिप वायरल हो रहा है, वह ताजा नहीं है। कुछ महीने पहले सारा, एक्ट्रेस-सेलेब्रिटी शहनाज गिल के शो देसी वाइब्स विद शहनाज गिल में नजर आई थीं। उस एपिसोड इंस्टाग्राम पर वायरल क्लिप में सारा अपनी भविष्य की योजनाओं के बारे में बताती नजर आ रही हैं। क्लिप में सारा ने अपनी ट्रेडमार्क ईमानदारी के साथ इस बात का खुलासा किया किया कि उन्होंने अपने बच्चों के लिए क्या नाम सोच रखे हैं।

क्लिप में शहनाज, सारा से पूछती हैं कि आप अपने बच्चों का नाम क्या रखोगे? इस पर सारा बिना किसी हिचकिचाहट के जवाब देती है: कुदसिया। शहनाज पूछती हैं कि इसका क्या मतलब हुआ, तो सारा कहती हैं पता नहीं, पर यह नाम मुझे अच्छा लगा। इसके बाद शहनाज का सवाल होता है कि लड़के का नाम? सारा कहती है: हिदमत। उर्दू में कुदसिया का अर्थ होता है: पूजनीय और हिदमत का मतलब होता है, राह दिखाने वाला। नेतृत्व करने वाला। लोग इस वीडियो क्लिप को पसंद कर रहे हैं। सारा की अगली फिल्म ऐ वतन मेरे वतन ओटीटी पर रिलीज होगी। रिलीज डेट का इंतजार किया जा रहा है। जबकि अगले साल वह दो फिल्मों में दिखे: मैट्रो। इन दिनों और मर्डर मुबारक।

दोस्तों संग अनन्या ने कहा- होने दो जो होता है...

इस साल के आखिरी सप्ताह में रिलीज होने के लिए तैयार एक्सेल एंटरटेनमेंट की फिल्म खो गए हम कहां का फर्स्ट लुक म्यूजिकल अंदाज में सामने आया है। मेकर्स ने आज तीनों लीड कलाकारों की दोस्ती की झलक दिखाने वाले गाने, होने दो जो होता है को रिलीज किया। फिल्म में अनन्या पांडे, सिद्धांत चतुर्वेदी और आदर्श गौरव मुख्य भूमिका में हैं। जबकि अर्जुन वरैन सिंह ने फिल्म का निर्देशन किया है। फिल्म तीन दोस्तों की कहानी है, जो बचपन से साथ हैं। रोचक बात यह है कि आज रिलीज हुए इस गाने में अनन्या पांडे और अन्य दो एक्टरों के बचपन की असली तस्वीरें और वीडियो फुटेज शामिल हैं। होने दो जो होता है में तीन दोस्तों की कहानी के साथ उनके जीवन की अलग-अलग झलक दिखती है। साथ ही इसमें अनन्या पांडे, सिद्धांत चतुर्वेदी और आदर्श गौरव के किरदारों की दोस्ती भी सामने आती है। जावेद अख्तर ने यह गीत लिखा है और फिल्म गहराइयां की सिंगर जोड़ी सवेरा तथा लोथिका ने यह गीत गाया है। अर्जुन वरैन सिंह की बतौर निर्देशक यह पहली फिल्म है। एक्सेल एंटरटेनमेंट के रितेश सिधवानी और फरहान अख्तर ने रीमा कागती और जोया अख्तर की कंपनी टाइगर बेबी के साथ मिलकर यह फिल्म बनाई है। जी म्यूजिक कंपनी पर फिल्म का संगीत रिलीज हुआ है। खो गए हम कहां 26 दिसंबर को नेटफ्लिक्स पर रिलीज होगी। निर्माताओं ने गुजरे मंगलवार को सोशल मीडिया में फिल्म का पोस्टर जारी करते हुए इसकी घोषणा की थी। लंबे समय से फिल्म की चर्चा थी। फिल्म मुंबई में तीन दोस्तों की कहानी है। जो स्कूली दिनों से लेकर युवावस्था तक साथ रहने वाले इन दोस्तों की आकांक्षाओं, रिश्तों और भावनाओं को केंद्र में रखकर बुनी गई है। फिल्म आज की यंग जनरेशन के जीने के अंदाज को सामने लाती है। फरहान अख्तर ने फिल्म को सोशल मीडिया के युग में दोस्ती का प्रेमपत्र बताया है। निर्माताओं को भरोसा है कि नई पीढ़ी फिल्म से खुद को कनेक्ट करेगी और साल के आखिरी दिनों की छुट्टियों के मौसम में इसे जरूर देखेगी।

अनुपमा-अनुज के रोमांस में नई एंट्री ने डाला खलल

अनुपमा सीरियल के अपकमिंग एपिसोड में एक बार फिर नया ड्रामा देखने को मिलने वाला है। सीरियल के शुरुआत में टीटू कुछ परेशान दिखाई देता है, वह अपना स्ट्रेस डांस अकेदमी में नाचते हुए निकालता है। तभी अनुपमा की एंट्री होती है और वह टीटू से बात करती है। टीटू कहता है कि उसके और डिंपी के बीच कुछ भी नहीं है, पहले बा उन्हें गलत समझ रही थी और अब वनराज सर गलत समझ रहे हैं। अनुपमा के अपकमिंग एपिसोड में देखने को मिलेगा कि बरखा और मालती देवी आपस में गॉसिप्स कर रहे होंगे। तभी अनुज-अनुपमा साथ वक्त बिताने के लिए रेस्टोरेंट जाएंगे। जहां एक लड़की बहुत ही बदतमीजी से वेटर से बात कर रही होगी। लड़की का बढ़ता तमाशा देख अनुपमा भी जाकर उसपर चिल्ला पड़ेगी और सबक सिखाएगी। लेकिन लड़की खुद को बड़ी सोशल मीडिया इंफ्लुएंसर बताएगी और उस वेटर को नौकरी से निकालने के लिए कहेगी। अनुपमा आज के एपिसोड में लड़की की बात सुनकर रेस्टोरेंट का मैनेजर वेटर को निकालने लगेगा। तभी अनुज बीच में आएगा और पहले लड़की को सबक सिखाएगा। तब अनुपमा, वेटर से कहेगी कि आप लड़की को थप्पड़ मारे।

ना एक्ट्रेस ना ही कोई बड़ा बिजनेस फिर भी भाभी को अमीरी में पछाड़ देंगी श्वेता

वजह चाहे कोई भी हो बच्चन परिवार चर्चा में आ ही जाता है। हाल ही में ये तब सुर्खियों में आए जब खबर फैली कि अमिताभ बच्चन ने प्रतीक्षा बंगला अपनी लाडली श्वेता बच्चन के नाम कर दिया है जिसकी कीमत भी 50 करोड़ से ज्यादा है। बस इस खबर के आते ही घर की प्रॉपर्टी और उसके हिस्से को लेकर खूब बातें हो रही हैं। अमिताभ बच्चन सालों से काम कर रहे हैं। उन्हें दशकों हो चुके हैं इंडस्ट्री में। फिल्में, टीवी विज्ञापन के अलावा वो अपने बिजनेस से भी खूब कमाते हैं और उनकी नेटवर्थ मीडिया रिपोर्ट्स में 3,160 करोड़ मानी जाती हैं। बच्चन परिवार यूं तो हमेशा ही अपने निजी मामलों को खुद तक सीमित रखता है लेकिन एक दफा अमिताभ ने सबके सामने ये कहा था कि वो अपनी प्रॉपर्टी का बराबर हिस्सा करेंगे। यानि सारी प्रॉपर्टी सिर्फ बेटे के नाम नहीं होगी बल्कि अमिताभ ने जो भी कमाया उसमे से आधा श्वेता को भी जरूर मिलेगा। जो समाज के लिए अच्छा उदाहरण भी है। मीडिया रिपोर्ट्स की माने तो अभिषेक बच्चन की नेटवर्थ 280 करोड़ बताई जाती है। तो वहीं श्वेता बच्चन की नेटवर्थ है 110 करोड़। वहीं ऐश्वर्या इस वक्त सबसे टॉप पर हैं और श्वेता हो या अभिषेक उन दोनों से कई गुना ज्यादा अमीर है। लेकिन पिता अमिताभ बच्चन की 3 हजार करोड़ से ज्यादा की प्रॉपर्टी का बंटवारा होते ही अभिषेक और श्वेता की नेटवर्थ में अचानक इजाफा होगा। वो भी थोड़ा नहीं बल्कि कई गुना ज्यादा। 1600 करोड़ श्वेता बच्चन तो 1600 करोड़ अभिषेक बच्चन को मिलेगा। अमिताभ की बात करें तो वो अभी भी फिल्मों में सक्रिय हैं और कई प्रोजेक्ट्स का हिस्सा है जिनमें वो नजर आएंगे। ये आने वाली फिल्में काफी बड़ी हैं जिनमें उनका किरदार काफी अहम होने वाला है।

अभिषेक बच्चन भांजे अगस्त्य के साथ नजर आए

कल रात मुंबई में फिल्म सैम बहादुर की स्क्रीनिंग हुई। फिल्म की स्क्रीनिंग जुहू पीवीआर में हुई। इस दौरान काफी बी-टाउन सेलेब्स नजर आए। विक्की कौशल अपने माता-पिता के पैर छूकर उनका आशीर्वाद लेते नजर आए। एक्टर ने परिवार के साथ फोटोज भी क्लिक कराईं। विक्की वाइफ कटरीना के साथ दिखे। कटरीना ऑफ शोल्डर ड्रेस में बेहद ग्लैमरस लग रही थीं। अभिषेक बच्चन भांजे अगस्त्य नंदा के साथ स्पॉट हुए। अगस्त्य नंदा की डेब्यू फिल्म द आर्चीज 7 दिसंबर को ओटीटी प्लेटफॉर्म नेटफ्लिक्स पर रिलीज होगी। इस स्क्रीनिंग में रेखा, शहनाज गिल, फातिमा सना शेख, त्रह्वा चड्ढा, सिद्धार्थ मल्होत्रा, करण जौहर, शरवरी वाघ, राधिका आप्टे, रैपर बादशाह भी नजर आए। रूमर्ड कपल अनन्या पांडे और आदित्य रॉय कपूर भी दिखे। आमिर खान की बेटी आइरा खान मंगेतर नुपुर शिखरे के साथ दिखीं।

मलाइका को शोल्डर मसाज लेना पड़ा महंगा हुई बुरी तरह ट्रोल, अर्जुन न हो जाए नाराज!

बॉलीवुड की ग्लैमरस डीवा मलाइका अरोड़ा ऐसे तो अक्सर ही अपने ग्लैमरस लुक्स और पर्सनल लाइफ को लेकर लाइमलाइट का हिस्सा बनी रहती हैं। लेकिन इस बार मलाइका अरोड़ा अपने लुक्स या पर्सनल लाइफ को लेकर नहीं बल्कि एक वीडियो को लेकर ट्रोल होने लगी हैं। जी हां।।।मलाइका अरोड़ा का हाल ही में एक वीडियो सामने आया है, जिसमें वह शोल्डर मसाज लेती दिख रही हैं। जिसकी वजह से वह ट्रोलर्स के निशाने पर आ गई हैं।

क्यों हो रही हैं मलाइका अरोड़ा ट्रोल?

मलाइका अरोड़ा का सोशल मीडिया पर बीते कुछ दिनों से एक वीडियो वायरल हो रहा है। जिसमें मलाइका एक क्लिनिक में पेन रिलीफ ट्रीटमेंट लेती दिख रही हैं। वीडियो में देखा जा सकता है कि मलाइका अरोड़ा डॉक्टर चेयर पर लेटी आंख बंद करके लेटी हैं और ट्रीटमेंट के दौरान काफी रिलेक्स दिख रही हैं। मलाइका अरोड़ा के वीडियो में ऐसा कुछ भी नहीं है कि उन्हें ट्रोल होना पड़े। मलाइका का पेन ट्रीटमेंट वीडियो कई सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म्स पर वायरल हो रहा है।

तरह-तरह के कमेंट कर रहे ट्रोलर्स

मलाइका अरोड़ा के पेन ट्रीटमेंट वीडियो के सामने आने के बाद एक यूजर ने लिखा- अर्जुन कपूर नाराज हो जाएंगे। तो दूसरे ने लिखा- अमीर लोग पैसे देकर हड्डियां तुड़वाते हैं और गरीब मेहनत करके। एक अन्य ने लिखा- इसमें काफी स्कोप है, लग रहा है सीखना पड़ेगा। तो कुछ ट्रोलर्स ने मलाइका की उम्र पर तंज करना शुरू कर दिया। वहीं मलाइका अरोड़ा के कुछ फैंस उन्हें लेकर परेशान हो गए और उनका हाल-चाल पूछ रहे हैं।

विक्की-सारा की इस फिल्म का पांच महीने से था ओटीटी पर इंतजार, कल होगी रिलीज

निर्देशक लक्ष्मण उतेकर की फिल्म जरा हटके जरा बचके इस साल की सरप्राइज हिट साबित हुई। फिल्म ने 88 करोड़ रुपये का कलेक्शन किया। जबकि बजट 40 करोड़ रुपये था। जून में रिलीज हुई फिल्म का दर्शक लंबे समय से ओटीटी पर इंतजार कर रहे थे। तमाम अटकलों के बीच अब इंतजार खत्म हो रहा है। फिल्म अपने ओटीटी/डिजिटल डेब्यू के लिए तैयार है। जरा हटके जरा बचके 2 दिसंबर से जियो सिनेमा पर देखी जा सकेगी। इसमें विक्की कौशल और सारा अली खान मुख्य भूमिका में हैं। छोटे शहरों में अपने मकान के सपने के इर्द-गिर्द बुनी इस कहानी को लोगों ने पसंद किया था। फिल्म में संयुक्त परिवार और विवाह से जुड़ी समस्याओं तथा नवविवाहित जोड़ों पर सामाजिक दबावों की भी बात की गई थी।

सारा अली खान और विक्की कौशल की जोड़ी को लोगों ने पसंद किया था और इसका गाना तेरे वास्ते फलक से।।। काफी लोकप्रिय हुआ और इस साल के सबसे ज्यादा पसंद किए गीतों में शामिल है। जरा हटके जरा बचके में कहानी के माध्यम से आधुनिक रिश्तों की जटिलताओं को भी दिखाया गया है। कहानी इंदौर (मध्य प्रदेश) में एक योग टीचर कपिल और एक कोचिंग में पढ़ाने वाली सोम्या की है, जो संयुक्त परिवार में अपनी शादीशुदा जिंदगी की खुशियां खोजते हैं। लेकिन इसी बीच वे अपना घर भी चाहते हैं और होते-होते बात तलाक तक पहुंच जाती है। परंतु क्या है इसकी सच्चाई और क्यों-कैसे पैदा होते हैं ये हालात, फिल्म में कॉमिक अंदाज में दिखाया गया है। फिल्म ने विक्की कौशल और सारा के करियर को बड़ा सहारा दिया था। ऐसे दौर में जब दर्शक फिल्म देखने थिएटर में नहीं जा रहे थे, तब यह फिल्म हिट हुई और इसने मध्यम बजट के सिनेमा में बॉलीवुड का भरोसा लौटा था। इस बीच विक्की कौशल की फिल्म सैम बहादुल कल थिएटरों में रिलीज हो रही है। इसमें फातिमा सना शेख और सान्या मल्होत्रा भी हैं। सैम बहादुर के बाद विक्की कौशल शाहरुख खान स्टारर डंकी में दिखेंगे। वहीं सारा अली खान की अगली फिल्म ओटीटी पर ऐ वतन मेरे वतन होगी। फिलहाल वह फिल्म मेरे मेहबूब मेरे सनम की शूटिंग कर रही हैं। यह फिल्म अगले साल रिलीज होगी।

तहलका-अभिषेक के बीच हाथापाई की नौबत आई, अंकिता का मुनव्वर के साथ बिगड़ा रिश्ता

टीवी के मोस्ट कंट्रोवर्शियल रिएलिटी शो बिग बॉस के सीजन 17 में कई बार कंटेस्टेंट्स को हाथापाई और हिंसा को लेकर वॉर्निंग दी जा चुकी है। लेकिन वॉर्निंग के बावजूद लेटेस्ट एपिसोड में दो कंटेस्टेंट हाथापाई की नौबत तक पहुंच गए। जी हां। बिग बॉस 17 के लेटेस्ट एपिसोड में अभिषेक कुमार, अरुण और सनी आर्या के बीच भयंकर लड़ाई देखने को मिलती है। जहां सनी आर्या उर्फ तहलका भाई अभिषेक की टीशर्ट पकड़ खींचते हैं।

बिग बॉस 17 के लेटेस्ट एपिसोड में देखने को मिला कि ईशा मालवीय बैड पर कंबल लेकर लेटी होती हैं। तभी अलार्म बजता है, जिसके बाद अरुण माशेट्टी आकर उन्हें टोकते हैं। लेकिन ईशा, अरुण की बात को इग्नोर कर देती हैं और कहती हैं कि सभी लोग सोते हैं। ईशा यहां नहीं रुकतीं और अरुण को भी सोने के लिए टारगेट करती हैं। ईशा की बात सुनने के बाद अरुण भी चिल्लाने लगते हैं और कहते हैं कि अलार्म के बाद वह कभी नहीं सोए हैं। इसी बहसबाजी में अभिषेक कुमार भी कूद पड़ते हैं।

अरुण जमकर गुस्सा दिखा रहे होते हैं कि अभिषेक उन्हें ईशा से संभलकर बात करने के लिए कहते हैं। अरुण को अभिषेक की बात सुनकर गुस्सा आ जाता है और वह उन्हें मामले से दूर रहने की सलाह देते हैं। अभिषेक और अरुण की बहसबाजी को देख अरुण के दोस्त तहलका भी वहां पहुंच जाते हैं। तहलका अपना आपा खोते हुए अभिषेक की टी-शर्ट पकड़ खींचते हैं। वहीं बिग बॉस हाउस के अन्य सदस्य अभिषेक को स्पोर्ट करते हैं और अरुण-सनी को रोकने की कोशिश भी करते हैं। लेकिन अरुण झगड़े के बीच अभिषेक की गर्दन पकड़ लेते हैं। अंकिता लोखंडे और मुनव्वर फारुकी को ऐसे तो बहुत कम बहसबाजी में पड़ते देखा गया है। लेकिन लेटेस्ट एपिसोड में यह भी हो ही गया। जी हां।।।अंकिता लोखंडे, जब सना रईस खान से बात कर रही होती हैं कि तभी मुनव्वर बीच में आ जाते हैं। अंकिता, मुनव्वर को चुप कराती हैं कहती हैं- मैं बात कर रही हूं ना।

सेक्टर-117 में पार्क की मांग, सांसद डॉ महेश शर्मा से मिले आरडब्ल्यूए पदाधिकारी

नोएडा (चेतना मंच)। रेजिडेंट वेलफेयर एसोसिएशन-117 के पदाधिकारियों ने शनिवार को सेक्टर-117 में पार्क निर्माण के संबंध में सांसद डाक्टर महेश शर्मा से वार्ता की।

आरडब्ल्यूए अध्यक्ष कोसिंदर यादव ने बताया कि सेक्टर-117 अपने आप में काफी बडा सेक्टर है जिसकी वर्तमान आबादी लगभग दो हजार के आस-पास है, इतना बडा सेक्टर होने के बाद भी सेक्टर के किसी भी प्लाट्स के सम्मुख एक भी पार्क का निर्माण प्राधिकरण द्वारा नही किया गया है, जबकि आरडब्ल्यूए द्वारा पिछले चार-पांच सालों से लगातार इसके संबंध में प्राधिकरण के संबंधित अधिकारीगण से लगातार निवेदन किये जा रहे है।

कोसिंदर यादव द्वारा बताया गया कि सेक्टर के सामुदायिक केन्द्र के पास अभी काफी जमीन रिक्त पडी हुई है जिसमें कि एक बडा पार्क नियोजित किया जा सकता है।

महासचिव रामेश्वर शर्मा द्वारा अवगत कराया गया कि सेक्टर में पार्क न होने के कारण विशेषकर छोटे बच्चे घर के बाहर रोड पर खेलने को विवश है, जिससे कि उनकी बच्चों की सुरक्षा के संबंध में हमेशा खतरा बना रहता है।

सांसद ने जल्द ही प्राधिकरण के सक्षम अधिकारीगण से बात कर समस्या के निराकरण हेतु आश्वस्त किया है। इस मीटिंग के दौरान सचिव हर्षमोहन मोहन जखमोला जी, उपाध्यक्ष डाक्टर आर पी यादव जी आदि साथ रहे। को बिल्डर के हेड आफिस में खूब नारेबाजी की। फिर अचानक सोसायटीवासी बिल्डर के आफिस में घुस और वहां भी नारेबाजी की। सोसायटीवासी 'महागुन बिल्डर चोर है' के नारे लगा रहे थे। नारेबाजी के बाद सोसायटी आफिस में ही धरने पर बैठ गए। सोसायटीवासियों का कहना है कि मेंटिनेंस के नाम पर बिल्डर को मोटी रकम दी गई है, इसके बावजूद बिल्डर सोसायटी में कोई काम नहीं करता है।

विधायक धीरेन्द्र सिंह ने सार्वजनिक परिवहन व्यवस्था को लेकर औद्योगिक विकास आयुक्त को दिया सुझाव

जेवर (चेतना मंच)। जेवर विधायक धीरेंद्र सिंह ने गौतम बुद्ध नगर जिले में सार्वजनिक परिवहन व्यवस्था के मुद्दे पर गंभीरता से चिंतन के लिए उत्तर प्रदेश के औद्योगिक एवं अवस्थापना आयुक्त मनोज कुमार सिंह से बातचीत की है और उनसे नोएडा, ग्रेटर नोएडा व यमुना विकास प्राधिकरण द्वारा संयुक्त रूप से सार्वजनिक परिवहन व्यवस्था का तंत्र विकसित करने की मांग की है।

जेवर विधायक ने अपने पत्र में औद्योगिक विकास आयुक्त को अवगत कराते हुए कहा है कि जनपद गौतमबुद्धनगर में सार्वजनिक परिवहन की कोई व्यवस्था न होने के कारण, यहां के निवासियों को आने वाले समय में जाम और लगातार खराब होती जा रही वायु से भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ेगा।

उन्होंने कहा कि यह भविष्य का शहर है और यहां लगातार आबादी बढ़ रही है। इसलिए नोएडा, ग्रेटर नोएडा व यमुना एक्सप्रेसवे औद्योगिक विकास प्राधिकरणों को संयुक्त रूप से सार्वजनिक परिवहन व्यवस्था को लागू करने से ही जाम की समस्या और लगातार खराब होती जा रही वायु गुणवत्ता की समस्या से निजात मिल सकती हैं। इसलिए तत्काल जनपद के तीनों प्राधिकरणों को संयुक्त रूप से सार्वजनिक परिवहन व्यवस्था लागू करवाए जाने के लिए जेवर विधायक धीरेन्द्र सिंह ने आयुक्त से कहा है।

जेवर विधायक धीरेन्द्र सिंह ने कहा कि जनपद गौतमबुद्धनगर प्रदेश की आर्थिक राजधानी है। जेवर में नोएडा अंतरराष्ट्रीय एयरपोर्ट का निर्माण कार्य प्रगति पर है।

फिल्म सिटी और मेडिकल डिवाइस पार्क जैसी परियोजनाएं भी यहां प्रस्तावित हैं। जेवर और उसके आस पास अनेकों औद्योगिक इकाइयां स्थापित हो रही हैं। सैकड़ों शिक्षण संस्थान और मल्टीनेशनल कंपनियां भी यहां स्थापित हैं। अनेकों प्रांतों के श्रमिक भी भारी संख्या में अपने जीवन यापन हेतु यहां निवास करते हैं।

नागरिकों को आने वाले समय में जाम से भारी समस्या का सामना करना पड़ेगा।

बिल्डर के आफिस में सोसायटीवासियों का हंगामा, स्टाफ की हड़ताल से नाराज

ग्रेटर नोएडा (चेतना मंच)। ग्रेटर नोएडा वेस्ट की एक सोसायटी में रहने वाले नागरिकों का शनिवार को सब्र का बांध टूट गया और उन्होंने बिल्डर के आफिस में घुसकर खूब नारेबाजी की। सोसायटी वासियों का आरोप है कि मोटी रकम लेने के बावजूद बिल्डर कोई सुविधा नहीं दे रहा है।

दरअसल, ग्रेटर नोएडा वेस्ट की महागुन सोसायटी में पिछले पांच दिनों से सोसायटी स्टॉफ ने हड़ताल कर रखी है। स्टफ की हड़ताल के कारण सोसायटी में साफ सफाई और मेंटिनेंस का काम प्रभावित हो रहे हैं। उधर, हड़ताल कर रहे स्टाफ का आरोप है कि उन्हें समय से वेतन नहीं मिलता है। स्टाफ की हड़ताल से ग्रेटर नोएडा वेस्ट की महागुन सोसायटी में रहने वाले फ्लोर आनर्स काफी परेशान हैं। हड़ताल के कारण सोसायटी में साफ सफाई नहीं हो पा रही है। मेंटिनेंस का काम भी प्रभावित हो रहा है।

नोट उड़ाकर रील बनाना पड़ गया भारी, नोएडा पुलिस ने ठोका जुर्माना

चार और गाड़ियों की हुई पहचान, जल्द होंगी जब्त

ग्रेटर नोएडा। दिल्ली के शाहीन बाग से ग्रेटर नोएडा वेस्ट में शाहबेरी गांव में जा रहे बारातियों द्वारा नोएडा की सड़कों पर हूटर बजाकर स्टंट करने के मामले में पुलिस ने चार और गाड़ियों की पहचान कर ली है। पूर्व में पुलिस की तरफ से मामले में 14 गाड़ियों के कुल चार लाख रुपये के चालान किए गए थे और पांच वाहन सीज किए गए थे।

मामले में एक और वीडियो इंटरनेट मीडिया पर प्रसारित हुआ है। बिसरख कोतवाली में सभी वाहन मालिकों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज है। पुलिस जल्द ही सभी को पूछताछ के लिए बुला सकती है।

बता दें कि दर्ज कराए गए केस में कहा गया है कि रविवार रात करीब साढ़े नौ बजे नोएडा के सेक्टर 37 से ग्रेटर नोएडा वेस्ट की तरफ जाने वाली सड़क पर 20 से अधिक गाड़ियों का काफिला निकला। सभी गाड़ियों में हूटर बज रहे थे। गाड़ियों की खिड़की खोलकर युवक सड़क पर नोट उड़ा रहे थे।

इससे यातायात अवरुद्ध हुआ और राहगीरों को परेशानी हुई। पुलिस ने सीसीटीवी कैमरे की मदद से पांच वाहनों को चिह्नित कर बिसरख क्षेत्र में रोक लिया। मामले में यातायात को अवरुद्ध कर जान जोखिम में डालने समेत कई अन्य धाराओं में केस दर्ज किया गया है।

इसमें दिल्ली के शाहीन बाग के रहने वाले साकिब, आसिफ, शोएब अली, आबिद समेत कई अन्य के खिलाफ केस दर्ज हुआ। जांच के दौरान पता चला है कि सभी गाड़ियों में अवैध रूप से हूटर लगे हुए थे। रील बनाने के लिए बाराती नोट उड़ा रहे थे। जब नोट उड़ाए गए तो वहां से गुजर रही भीड़ गाड़ी रोक कर नोट बटोरने में लग गई थी।

इससे लोगों की जान का खतरा बन गया था। डीसीपी यातायात अनिल यादव ने बताया कि स्टंट करने वालों के खिलाफ पुलिस की तरफ से लगातार सख्त कार्रवाई की जा रही है। जिनके खिलाफ केस दर्ज हुआ है उनको पूछताछ के लिए बुलाया गया है।

लखनऊ में इंडिया फूड एक्सपो में ग्रेटर नोएडा के स्टॉल ने मचाई धूम

ग्रेटर नोएडा (चेतना मंच)। इंडियन इंडस्ट्रीज एसोसिएशन (आईआईए) की राज्य इकाई की ओर से यूपी की राजधानी राजधानी लखनऊ में आईआईए भवन के प्रांगण में इंडिया फूड एक्सपो 2023 का आयोजन किया गया है। इस एक्सपो का का उद्घाटन प्रदेश के औद्योगिक विकास एवं निर्यात मंत्री नन्द प्रकाश नंदी ने किया। इस एक्सपो में 2023 ग्रेटर नोएडा की ओर से लगाए गए स्टॉल की काफी सराहना की जा रही है।

शनिवार को एक्सपो के दूसरे दिन को खाद्य प्रसंस्करण उद्योगों पर राष्ट्रीय सेमिनार का उद्घाटन कृषि उत्पादन आयुक्त एवं आईडीसी मनोज कुमार सिंह ने किया। उद्घाटन समारोह में युगांडा की ऊंचायुक्त प्रोफेसर जॉयस कीकाफंडा विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित थीं। कृषि उत्पादन आयुक्त एवं आईआईडीसी मनोज कुमार सिंह ने कहा कि प्रदेश में निवेशकों द्वारा जो प्रस्ताव प्रस्तुत किए हैं उनके लेटर आफ कंफर्ट देने की प्रक्रिया निरंतर चल रही है और शीघ्र ही बचे हुए प्रस्तावों को भी निस्तारित कर दिया जाएगा।

आपको बता दें कि इस फूड एक्सपो में प्रदेशभर से आईआईए के सभी चैप्टर के उद्यमियों ने बढ़चढ़ कर हिस्सा लिया। आईआईए ग्रेटर नोएडा से गोगिया केमिकल, सर्वो फूड, व ट्विंटेक इंडस्ट्रीज ने आपने स्टॉल लगाए। आईआईए ग्रेटर नोएडा से चेयरमैन राकेश बंसल की अध्यक्षता में 11 सदस्यों की टीम ने प्रतिभाग किया एवं सभी उद्यमियों का हौसला बढ़ाया।

दूसरे दिन आयोजित सेमिनार में राष्ट्रीय अध्यक्ष नीरज सिंघल ने कहा कि आईआईए के आव्हान पर प्रदेश में ग्लोबल इन्वेस्टर समिट के दौरान बड़ी संख्या में आईआईए सदस्यों द्वारा निवेश के लिए एमओयू हस्ताक्षर किए हैं और लेटर आफ कंफर्ट जारी करने के लिए आवेदन दिए हैं। इन आवेदनों में अधिकतम खाद्य प्रसंस्करण उद्योगों से संबंधित हैं जिन्हें अभी लेटर आफ कंफर्ट प्राप्त नहीं हुए हैं। केवल बरेली मंडल में ही लगभग 46 उद्यमियों के प्रस्ताव जो लगभग तीन सौ करोड़ रुपए के हैं अभी लंबित हैं। यदि लेटर आफ कंफर्ट प्राप्त हो जाते हैं तो इन लघु उद्योगों की स्थापना शीघ्र हो पाएगी।

गले की फांस बन रही लिफ्ट नागरिकों ने लगाया जाम

ग्रेटर नोएडा (चेतना मंच)। नोएडा और ग्रेटर नोएडा की विभिन्न सोसायटियों में लगी लिफ्ट यहां रहने वाले लोगों के गले की फांस बन रही है। कभी भी किसी भी सोसायटी की लिफ्ट बंद हो जाती है। बिल्डरों की लापरवाही का खामियाजा यहां रहने वाले लोग ही भुगत रहे हैं। शनिवार को ग्रेटर नोएडा वेस्ट की महागुन मायवुड्स सोसाइटी के नागरिकों ने बिल्डर के नोएडा सेक्टर-63 स्थित कार्यालय पर प्रदर्शन किया, लेकिन नागरिकों की बात न सुने जाने पर लोगों ने ग्रेटर नोएडा वेस्ट में आकर सोसाइटी के बाहर जाम लगा।

प्रदर्शनकारी नागरिकों का कहना है बिल्डर प्रबंधन मेंटेनेंस शुल्क लेने के बाद भी कार्य नहीं करा रहा है। सोसायटी की कई लिफ्ट लंबे समय से बंद हैं। पानी और बिजली का बिल भी बकाया है। इससे नागरिकों को परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। करीब दो घंटे तक जारी रहे विरोध प्रदर्शन के बाद बिसरख पुलिस ने समस्याओं को दूर कराने का आश्वासन दिया। जिसके बाद निवासियों ने विरोध प्रदर्शन बंद कर दिया।

महागुन मॉयवुड सोसायटी के नागरिकों का कहना है कि सोसायटी के रखरखाव में लापरवाही बरती जा रही है। हर माह मेंटेनेंस का पैसा दिया जाता है, लेकिन कोई काम नहीं होता है। कई लिफ्ट लंबे समय से बंद पड़ी है और निवासियों को परेशानी उठानी पड़ रही है। प्रबंधन ने लिफ्ट कंपनी को पूरे पैसा नहीं दिए गए है। सोसायटी में करीब 7 से 8 लिफ्ट ऐसी हैं जो काम नहीं करती है। साथ ही जो चालू है उनके रखरखाव ठीक से नहीं हो रहा है।

प्रदर्शन से लगी वाहनों की लंबी कतार

सोसायटी के नागिरकों द्वारा जाम लगाकर प्रदर्शन करने का असर यातायात पर भी पड़ा। नागरिकों के जाम से लंबा जाम लग गया। मार्ग के दोनों ओर वाहनों की लंबी कतारें लग गईं। इससे वाहन चालकों व सवारों को काफी परेशानी उठानी पड़ी। पुलिस ने निवासियों को समझाया। इसके बाद यातायात सुचारू करने के लिए पुलिस को मशक्कत करनी पड़ी।

शराब छुड़ाए बिना बताए
अफीम, चरस, स्मैक की आदत छुड़ायें
नशा मुक्ति केन्द्र
नोएडा
नया बाँस, सैक्टर-15, नरूला होटल के सामने, कार पार्किंग के पिछले कोने के पास
रोजाना 1 से 4 बजे तक (मंगलवार बन्द)
फरीदाबाद
सैक्टर-15ए पटेल भवन निकट (बीकानेर मिष्ठान भण्डार)
(सिर्फ हर मंगलवार) समय 10 बजे से शाम 6 बजे तक
मो०-9818250344

SAHARA BUILDER & PROPERTIES™
ISO 9001:2008
PROPERTIES AVAILABLE FOR SALE IN GREATER NOIDA

RESIDENTIAL

S.No	Plot Size	House No./Block	Price	Other Details
1	300 Sq.mtr	C-291, Sigma - 02	92 Lakh	Completion, S/W
2	200 Sq.mtr	G-660, Alpha - 02	1.25 Cr.	Completion,N/E & 18 MTR Road
3	60 Sq.mtr	G-439, Gamma - 02	52 Lakh	Single Story, Corner(18X12),N/E
4	1265 Sq.ft	Silver City - 02, PI-1	55 Lakh	2+1 BHK Apartment
5	29.76 Sq.ft	3TF/Block-60, Sector - 10	9 Lakh	1 BHK, Top Floor
6	2450 Sq.ft	Royal Apartment(Duplex), Sigma - 04	On Request	4BHK, Low rise, Lift
7	237 Sq.mtr	C-363, Sector - 03(EXTN)	1.40 Cr.	50% Completion, Corner, N/ W
8	110 Sq.mtr	5% Plot, CHI PHI EXTN	23000/Sq.Mtr.	Corner Plot
9	131 Sq.mtr	5% Plot, CHI PHI EXTN	23000/Sq.Mtr.	Corner Plot
10	930 Sq.mtr	5% Plot, CHI PHI EXTN	14000/Sq.Mtr.	Corner Plot

COMMERCIAL

S.No	Shop Size	Complex Address	Price	Other Details
1	29.5 Sq.mtr	Block - C, Alpha - 01	95 Lakh	G.Floor, Corner, N/E
2	463 Sq.ft	NQI Plaza, Alpha - 01	95 Lakh	G.Floor, N/E
3	19.5 Sq.mtr	Kadamba Shopping Complex, Gamma -01	40 Lakh	G.Floor, N/W
4	8.15 Sq.mtr	Kiosk, P-3	22 Lakh	24 Mtr Road, N/W

CONTACT US : +919810441077, +919710441077
Add- Office No. 205, Sunrise Tower, Alpha 1 Commercial Belt, Gr.Noida, G.B.Nagar, U.P-2010308